राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran







11 रोहित-कोहली कर सकते हैं ओपनिंग ...

अपना अगला कार्यकाल शुरू करने के साथ ही चीन के दौरे पर जाएंगे ... 12



वर्ष : 14 | अंक : 343 | नई दिल्ली, शनिवार, 27 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## पीएम ने ईवीएम पर न्यायालय के निर्णय को लेकर विपक्ष पर साधा निशाना

# मतपेटियों को लूटने का इरादा रखने वालों के सपने चूर-चूर हुए : पीएम मोदी

### कहा-इंडी गठबंधन को न देश के संविधान की परवाह है और न ही लोकतंत्र की

प्रात : किरण



अररिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस को लोकतंत्र, संविधान और गरीब विरोधी बताया और कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर उच्चतम न्यायालय के आज के फैसले से मतपेटियों को लूटने इरादा रखने वालों को ऐसा गहरा झटका लगा कि उनके सारे सपने चूर-चूर हो गए। श्री मोदी ने शुक्रवार को अररिया संसदीय क्षेत्र के फारबिसगंज में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजद, कांग्रेस के इंडी गठबंधन को न देश के संविधान की परवाह है और न ही लोकतंत्र की परवाह है।

गठबंधन के हर नेता ने ईवीएम को लेकर जनता के मन में संदेह पैदा करने का पाप किया है लेकिन आज देश के लोकतंत्र और बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान की ताकत देखिए, सुप्रीम कोर्ट ने मतपेटियों को लूटने का इरादा रखने वालों को ऐसा गहरा झटका दिया है कि उनके सारे सपने चूर-चूर हो गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले पोलिंग बूथ और बैलट पेपर लूट लिए जाते थे। ये वे लोग हैं, जिन्होंने दशकों तक बैलट पेपर की लूट के जरिए गरीबों का अधिकार छीना लेकिन जब गरीबों को ईवीएम की ताकत मिली है तो चुनाव के दिन लूट करने वालों से ये बर्दाश्त नहीं हो रहा था इसलिए वे ईवीएम को हटाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आज साफ-साफ कह दिया है कि बैलेट पेपर वाला पुराना दौर अब वापस लौटकर नहीं आएगा। आज जब पूरी दुनिया भारत के लोकतंत्र, चुनाव प्रक्रिया और चुनाव में टेक्नोलॉजी के उपयोग की वाहवाही करती है, तब ये लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए ईवीएम को बदनाम करने पर लगे पड़े थे। इन्होंने लोकतंत्र के साथ लगातार विश्वासघात करने की कोशिश की है।

**कांग्रेस के मैनिफेस्टो पर मुस्लिम लीग की छाप है :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही मुस्लिम तुष्टिकरण के तहत काम किया है। कांग्रेस का मैनिफेस्टो पर मुस्लिम लीग का छाप है। पीएम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह ने देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों के हक की बात कही थी ।जिसका वीडियो अभी भी है ।जबकि एनडीए मानती है देश के संसाधन और संपत्ति पर पहला हक गरीबों का है। गरीब मजदूरों,किसानों,छात्र,युवा और मां बहनों का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संपत्ति,जमीन,यज्ञ तक की घर में रखे गहने और वह भी सुहागिन मां बहनों का मंगलसूत्र तक छीनने की कवायद में है।

उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी परिवार के मुखिया सदस्य के गुजर जाने के बाद अपनी संपत्ति बेटे बेटियों को नहीं दे पायेंगे ।कांग्रेस वैसी संपत्ति पर 55 फीसदी टैक्स लगाने वाले हैं। उन्होंने नारा देते हुए कहा कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी,जिंदगी के बाद भी। उन्होंने कहा कि राजनीति में आज दो मुख्य धारा काम कर रही है। एक धारा बीजेपी और एनडीए की धारा देश के लोगों को सशक्त करने में लगी है तो दूसरी ओर कांग्रेस आरजेडी वाली इंडी गठबंधन की धारा का मकसद देश की जनता जो उनके अधिकारों को छीनना है। उन्होंने राजद के 90 के दशक वाले समय के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि नौकरी के बदले जमीन छीन लो, नौकरी है तो तनख्वाह छीन लो, गाड़ी है तो गाड़ी छीन लो और अगर कोई सामर्थ्यवान है तो उसका अपहरण कर लो। चुनावी सभा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावे लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, बिहार सरकार के मंत्री विजेंद्र यादव,मंत्री नीरज कुमार बबलू,मंत्री दिलीप जायसवाल,भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन,डॉक्टर राजेंद्र गुप्ता आदि ने भी संबोधित किया।

**इंडी गठबंधन का मॉडल तुष्टीकरण और एनडीए का संतुष्टिकरण : पीएम**

## जाति नहीं विकास के नाम पर करें मतदान : नीतीश

### बोलें-पीएम मोदी के नेतृत्व में काफी काम हो रहा



मुंगेर। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुंगेर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए वोटरों से बड़ी अपील किया है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा है कि आपलोग जात के नाम पर नहीं बल्कि विकास के नाम पर मतदान करें। नीतीश कुमार ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में काफी काम हो रहा है। देश का विकास किया है पीएम ने और बिहार का भी मदद किया है। इसके लिए मैं उनको ध्यानवाद देता हूं। केंद्र सरकार ने हमारा हर तरफ से मदद किया है। हमने हमेशा बिहार के विकास के लिए काम किया है कुछ लोग अपने परिवार के लिए काम कर रहे हैं। इसके अलावा नीतीश कुमार ने मुंगेर से राजद प्रत्याशी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि बताइए ये कौन लोग हैं इनको कोई जानता भी हैं। ये लोग जात के नाम पर वोट लेने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन ,मैं कहना चाहता हूं कि आप जात के नाम पर नहीं बल्कि विकास के नाम पर मतदान करें। जात के नाम पर वोट लेकर विकास नहीं हो सकता। सीएम नीतीश ने कहा कि याद कीजिए जिसको मेरे से पहले 15 साल और उससे पहले कांग्रेस को मौका मिला था तो क्या हुआ। आजकल लोग समझता है कि मुस्लिम हमारा है तो उसका वोट लेंगे तो उसका क्या हालत कर दिए थे वो लोग। लेकिन, जब हमलोगों को मौका तो विकास किया। हर चीज में विकास किया। शिक्षा, स्वास्थ्य हर चीज में काम किया। सीएम नीतीश ने कहा कि उसको वोट दिगियेगा तो क्या फायदा होगा काम तो हम किए हैं। उसको तो कुछ करने आता ही नहीं है। बीच में तो हमने ही उसको मौका दे दिया तो ये सब कह रहा है। हमने टीचर को नौकरी दिया है। हमलोग तो काम किए है। उन लोगों के चक्कर में मत रहिए वह लोग कुछ नहीं करना चाहता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मुंगेर में जदयू प्रत्याशी राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के लिए चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कांग्रेस और राजद पर जोरदार हमला बोलते हुए लालटेन वाले अंधकार के जंगलराज में मुंगेर सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। वहीं नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने लालटेन के अँधेरे से बिहार को बाहर निकाला।

उन्होंने कहा कि बिहार के तेज विकास का यही समय है। देश में वंदे भारत, अमृत भारत और बुलेट ट्रेन चला रहे हैं। यह आधुनिक सुविधाएं तक नहीं है। पटरी से डिब्बे तक भारत में बन रहे हैं और विदेशों में बेच रहे हैं। इससे आने वाले समय में बिहार के रेल कारखाने को भी बड़ा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि भारत को दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लेकर चले हैं। आने वाले 5 साल में मिशन मोड में काम होगा। दलहन के कटोरे वाले इस क्षेत्र की और अहम भूमिका होने जा रही है। बिहार में चुनावी जंग में जो लड़ाई चल रही है उसमें एक ओर एनडीए का मॉडल है और दूसरी ओर इंडी का मॉडल है। उनका तुष्टीकरण है और हमारा संतुष्टिकरण है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में सबके हक का अधिकार उसे मिलना चाहिए। हमने धर्म और जाति पूछकर किसी को सेवाएं और सुविधाएँ नहीं दी। यही सच्चा सेक्लुरिज्म है। लेकिन इंडी अपनी पूरी ताकत सिर्फ तुष्टीकरण पर लगा रहा है।

# बिहार के पांच सीटों पर 58.58 प्रतिशत मतदान

### 2019 लोकसभा चुनाव की तुलना इस बार 4 फीसदी कम वोटिंग

### सबसे ज्यादा वोटिंग कटिहार में 64.60 फीसद



प्रात : किरण

पटना। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान खत्म हो गया। बिहार की 5 लोकसभा सीटें किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में सुबह 7 बजे से चल रहा मतदान शाम 6 बजे समाप्त हो गया। भीषण गर्मी और लू के बीच बड़ी संख्या में मतदाताओं ने कतार में लगकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इसके बावजूद पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार 4% कम वोटिंग हुई।

जबकि 2019 के दूसरे चरण में 62.92 फीसदी मतदान हुआ था जबकि आज दूसरे चरण के चुनाव में 58.58 प्रतिशत वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा वोटिंग कटिहार में 64.60 फीसद, किशनगंज में 64 फीसद, पूर्णिया में 59.94 फीसद, बांका में 54 फीसद और भागलपुर में 51 फीसद वोटिंग हुई। राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से यह आंकड़ा जारी किया गया। वही शाम 5 बजे तक बिहार की सभी पांच सीटों पर औसत 53.03 फीसदी वोटिंग हुई। किशनगंज में 56.12 प्रतिशत, कटिहार में 55.54 प्रतिशत, पूर्णिया में 55.14 प्रतिशत, भागलपुर में 47.26 प्रतिशत और बांका में 49.5 प्रतिशत वोटिंग हुई।

**50 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद :** बिहार में दूसरे चरण के मतदान के बाद 50 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गया। भागलपुर और किशनगंज में 12-12 प्रत्याशी, बांका में 10, कटिहार में 9 और पूर्णिया में 7 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थे। किशनगंज में एनडीए से मुजाहिद आलम और महागठबंधन से मोहम्मद जावेद प्रत्याशी हैं। तो वही कटिहार में एनडीए से दुलालचंद गोस्वामी और महागठबंधन से तारिक अनवर, वही पूर्णिया में एनडीए से सतोष कुशवाहा और महागठबंधन से बीमा भारती एवं निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव के बीच त्रिकोणीय टक्कर देखने को मिली। वही भागलपुर में एनडीए प्रत्याशी अजय मंडल और महागठबंधन से अजीत शर्मा जबकि बांका में एनडीए से गिरिधारी यादव और महागठबंधन से जय प्रकाश नारायण यादव का किस्मत ईवीएम में कैद हो गया है। दरअसल,19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान में शाम 6 बजे तक बिहार की 4 सीटों पर कुल 48.23 फीसदी वोट पड़े थे। औरंगाबाद में शाम 6 बजे तक 50, गया में 52, नवादा में 41.50 और जमुई में शाम 6 बजे तक 50 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था। शाम 6 बजे तक बिहार की इन चारों सीटों पर कुल 48.23 प्रतिशत मतदान हुआ था। जो 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 5 फीसद कम था। 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान खत्म हो गया। दूसरे चरण में 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की कुल 88 सीटों के लिए मतदान हुआ। कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश की 8, महाराष्ट्र की 8, मध्य प्रदेश की 6, बिहार की 5, असम की 5, पश्चिम बंगाल की 3, छत्तीसगढ़ की 3, जम्मू-कश्मीर की 1, त्रिपुरा की 1 और मणिपुर की एक सीट पर वोटिंग हुई।

**उत्तर प्रदेश में 54.83 प्रतिशत :** निर्वाचन आयोग के रात सात बजे तक के मतदान के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 54.83 प्रतिशत, बिहार में 54.91 प्रतिशत महाराष्ट्र में 54.34 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 56.60 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि केरल में 65.28 प्रतिशत राजस्थान में भी मतदान का प्रतिशत 63.74 रहा। त्रिपुरा में सर्वाधिक 78.63 प्रतिशत मतदान हुआ। मणिपुर में 77.18 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 73.05 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल 71.84 प्रतिशत, जम्मू- कश्मीर 71.63 प्रतिशत, असम 70.78 प्रतिशत मतदान हुआ। पहले चरण में 102 सीटों पर 63.4 प्रतिशत के करीब मतदान हुआ था। इसके साथ ही 543 सदस्यीय लोकसभा की 190 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है। चौदह राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की सभी सीटों पर मतदान कराया जा चुका है। तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। आयोग ने एक विज्ञप्ति के अनुसार कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। छत्तीसगढ़ में बस्तर डिवीजन के 102 गांवों के मतदाताओं ने पहली बार लोकसभा के चुनाव में वोट डाले।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और उनके सहयोगी निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा सुखबीर सिंह संधू ने राजधानी में आयोग मुख्यालय में स्थापित नियंत्रण कक्ष के मा से दूसरे चरण की मतदान प्रक्रिया की निगरानी की।आयोग के अनुसार दूसरे चरण में एक लाख मतदान केन्द्रों पर वेब कास्टिंग की गयी। छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश, जम्मू-कश्मीर, त्रिपुरा और मणिपुर तथा अन्य जगहों पर विभिन्न मतदान केन्द्रों पर पुरुष और महिलायें अपने परम्परागत परिधानों में आकर लोकतंत्र के इस महापर्व की छटा को और वैविध्य किया।

## 13 राज्यों की 88 सीटों पर 60.96 फीसदी वोटिंग

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत शुक्रवार को 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान हुआ। इनमें से पिछली बार 52 पर भाजपा और 22 पर कांग्रेस जीती थी। शाम सात बजे के आंकड़ों के मुताबिक कुल 60.96 फीसदी मतदान हुआ है। चुनाव आयोग ने दूसरे चरण के तहत 13 राज्यों की 88 सीटों पर हुए मतदान के नए आंकड़े जारी कर दिए। इसके मुताबिक, शाम सात बजे तक कुल 60.96% मतदान हुआ। इन सीटों पर पिछली बार 70.09 फीसदी मतदान हुआ था। इसके ये मायने हैं कि इस बार इन 88 लोकसभा सीटों पर करीब नौ फीसदी कम मतदान हुआ है। शुक्रवार को दूसरे चरण की वोटिंग के साथ ही अब 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान प्रक्रिया खत्म हो चुकी है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता का जताया आभार:** दूसरे चरण के मतदान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश भर में जिन्होंने भी मतदान किया है, उन सभी लोगों का आभार।

एनडीए के मिल रहा अद्वितीय समर्थन विपक्ष को निराश करता है। जनता एनडीए का सुशासन चाहती है। युवा और महिला मतदाता एनडीए को मजबूत समर्थन दे रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बारामूला में मुठभेड़ जारी दो आतंकवादी ढेर दो सैन्यकर्मी घायल

श्रीनगर। जम्मू.कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच दूसरे दिन भी जारी मुठभेड़ के दौरान शुक्रवार को दो आतंकवादी मारे गएए जबकि दो सैन्यकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़ उत्तरी कश्मीर में सोपोर इलाके के चेक मोहल्ला नौपोरा में बृहस्पतिवार को शुरू हुई थी। उन्होंने बताया कि रात में शांति के बाद शुक्रवार को सुबह फिर से मुठभेड़ शुरू हुई। अधिकारियों ने बताया कि अब तक दो आतंकवादी मारे गए हैं। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में घायल हुए सेना के दो जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ स्थल के पास बृहस्पतिवार को एक आम नागरिक भी घायल हो गया था। उन्होंने बताया कि इलाके से आतंकवादियों को खदेड़ने का अभियान जारी है।

### आपका वोट आपकी आवाज है :पीएम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदाताओं से शुक्रवार को रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने की अपील की और कहा कि बड़ी संख्या में मतदाताओं का अपने मताधिकार का इस्तेमाल करना लोकतंत्र को मजबूत करता है। मोदी ने मतदाताओं से कहा कि उनका वोट ही उनकी आवाज है। उन्होंने विशेषकर युवाओं और महिलाओं से मतदान केंद्रों पर बड़ी संख्या में आने की अपील की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच ष्एक्सष पर लिखाए ष्लोकसभा चुनाव में आज दूसरे चरण की सभी सीट के मतदाताओं से मेरा विनम्र अनुरोध है कि वे रिकॉर्ड संख्या में मतदान करें। उन्होंने कहाए जितना अधिक मतदान होगा। हमारा लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। मेरा अपने युवा मतदाताओं और देश की नारीशक्ति से यह विशेष आग्रह है कि वोट डालने के लिए वे बढ़.चढ़कर आगे आएं। आपका वोट आपकी आवाज है।

### निर्मला सीतारमण ने किया मतदानए

बेंगलुरु/नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को बेंगलुरु के एक मतदान केंद्र पर मतदान किया। सीतारमण के साथ उनके पिता ने भी वोट डाला। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में आज कर्नाटक की 14 सीटों पर मतदान हो रहा है। वित्तमंत्री कार्यालय ने ष्एक्सष पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि सीतारमण ने कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में एक मतदान केंद्र पर अपने पिता के साथ वोटिंग करने के बाद मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट डालने की अपील की।

### गूगल ने वोटर फिंगर डूडल के जरिए मतदाताओं को वोटिंग के लिए किया प्रेरित

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए देश के 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान हो रहा है। इंटरनेट सर्च इंजन गूगल ने शुक्रवार को दूसरे चरण के मतदान के लिए मतदाताओं को वोटर फिंगर डूडल के जरिए वोटिंग के लिए फिर प्रेरित किया है। गूगल के इस डूडल में वोट देने के बाद हाथ की तर्जनी उंगली पर लगने वाली स्याही को दिखाया गया है। 18वीं लोकसभा 2024 के लिए पहले चरण के चुनाव में गूगल ने मतदान को दिखाते हुए वोटिंग साइन के साथ डूडल बनाया था। गूगल ने एक बार फिर वही डूडल मतदाता को समर्पित किया है। लोकसभा 2024 के लिए हो रहे वोटिंग में मतदाता बढ़.चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

## ईडी की कार्रवाई के खिलाफ हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 29 अप्रैल को सुनवाई

प्रात : किरण

रांची/एजेंसी। ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी के खिलाफ झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल एसएलपी पर सुप्रीम कोर्ट में 29 अप्रैल को सुनवाई होगी। हेमंत सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने जस्टिस संजीव खन्ना से एसएलपी पर तत्काल सुनवाई का आग्रह किया था। कोर्ट ने इसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर लिया है। दरअसल, हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी के बाद झारखंड उच्च न्यायालय में रिट दाखिल की थी, जिस पर 28 फरवरी को एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच ने सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब तक इसपर कोई फैसला नहीं आया है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एसएलपी में हेमंत सोरेन ने गुहार लगाई है कि फैसला नहीं आने से वह लोकसभा चुनाव के प्रचार में भाग नहीं ले पा रहे हैं। सोरेन के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से किए गए आग्रह में कहा है कि हाईकोर्ट का फैसला न आने से सोरेन के समक्ष दुविधा की स्थिति है, क्योंकि वह कानूनी उपायों के लिए न तो आगे बढ़ सकते हैं और न ही पीछे जा सकते हैं। गौरतलब है कि सोरेन को 31 जनवरी को ईडी ने जमीन घोटाले में करीब आठ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था।

## वीवीपैट पर याचिका में कांग्रेस से संबंध नहीं : जयराम रमेश

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने शुक्रवार को वीवीपैट पर सुप्रीम निर्णय पर सीधे कोई टिप्पणी नहीं की है। पार्टी ने इस बात से भी किनारा किया है कि इसपर याचिका से उसका कोई लेना-देना था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस इस याचिका की हिस्सा नहीं थी। हालांकि पार्टी वीवीपैट से मतगणना पर हमारा राजनीतिक अभियान जारी रहेगा। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि वीवीपैट पर जिस याचिका को आज सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है, उसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एक पक्ष नहीं थी। उन्होंने यह भी कहा कि हमने दो न्यायाधीशों की पीठ के फैसले पर ध्यान दिया है।

# आतिशबाजी से लगी आग में एक ही परिवार के छह की मौत

### दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र के अंटोर गांव में हुआ हादसा

प्रात : किरण



दरभंगा। बिहार में दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र के अंटोर गांव में आतिशबाजी से लगी आग से हुए सिलेंडर विस्फोट से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। जिलाधिकारी राजीव रोशन ने शुक्रवार को यहां बताया कि अंटोर गांव में गुरुवार की देर रात छगन पासवान की बेटी की शादी थी।

शामियाना एवं बारातियों के ठहरने और खाने का प्रबंध रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में किया गया था। बारातियों ने पहुंचने पर जमकर आतिशबाजी की, जिससे शामियाना में आग लग गई। देखते ही देखते पूरा शामियाना आग की चपेट में आ गया। इस दौरान आग के फैलने से वहां रखा सिलेंडर विस्फोट कर गया। साथ ही लपटों के रामचंद्र पासवान के दरवाजे पर रखे गए डीजल के स्टॉक तक पहुंचने से आग ने भयानक रूप ले लिया एवं उनके परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में रामचंद्र पासवान का पुत्र सुनील कुमार, सुनील कुमार की पत्नी लाली देवी, उमेश पासवान की पत्नी कंचन देवी, उनकी पांच वर्षीय पुत्री साक्षी कुमारी, पुत्र शशांक कुमार और पुत्र सिद्धांत कुमार शामिल हैं। श्री रोशन ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची अग्निशमन की टीम को आग पर काबू पाने में करीब चार घंटे कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मौके पर अधिकारियों को भेजा गया है।

शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को तत्काल सहायता के रूप में 11-11 हजार रुपये और पॉलीथीन शीट उपलब्ध करा दी गई है। साथ ही पोस्टमॉर्टम के बाद मृतकों के परिजनों को छह-छह लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दे दिया गया है।

**सुनवाई**

### पीठ ने कहा- ईवीएम, वीवीपैट प्रणाली पर आंख मूंदकर अविश्वास करने से अनुचित संदेह पैदा होगा

# ईवीएम के वोट वीवीपैट की पर्चियों से मिलान, मतपत्रों से मतदान की याचिका खारिज

प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट (वीवीपैट) की पर्चियों की गिनती (मिलान)100 फीसदी तक बढ़ाने या मतपत्रों की पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग वाली याचिकाएं पर शुक्रवार को सर्वसम्मति से खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' और अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर अलग-अलग, लेकिन सहमति वाली फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि ईवीएम-वीवीपैट प्रणाली पर आंख मूंदकर अविश्वास करने से अनुचित संदेह पैदा होगा। शीर्ष अदालत ने हालांकि दो निर्देश जारी किए कि चुनाव चिन्ह लोडिंग यूनिट ले जाने वाले कंटेनरों को मतदान एजेंटों और उम्मीदवारों की उपस्थिति में सील कर दिया जाना चाहिए और 45 दिनों की अवधि के लिए सुरक्षित रखा जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि ईवीएम नियंत्रण इकाई, मतपत्र इकाई और वीवीपीएटी को मतगणना के परिणाम घोषित होने के 07 दिनों के भीतर (माइक्रोकंट्रोलर ईवीएम में नष्ट हुई मेमोरी की जांच) उम्मीदवार के लिखित अनुरोध पर विनिर्माण कंपनियों के इंजीनियरों एक टीम द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि इस प्रक्रिया में आने वाले खर्च अनुरोध करने वाले संबंधित उम्मीदवारों द्वारा वहन किया जाएगा। इसके विपरित यदि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ पाई जाती है तो अनुरोध करने वाले उम्मीदवार/उम्मीदवारों को खर्च वापस किया जाना चाहिए।

पीठ ने कहा कि उसने ईवीएम और वीवीपैट प्रोटोकॉल का अध्ययन करने के बाद निर्देश पारित किये। न्यायमूर्ति दत्ता ने लोकतंत्र विश्वासों में सामंजस्य स्थापित करने पर जोर दिया कि है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह प्रणाली लोगों की उम्मीदों पर खरी उतरेगी ।शीर्ष अदालत ने कहा, हमारे दृष्टिकोण को साक्ष्य और कारणों द्वारा निर्देशित किया जाना चाहिए ताकि विश्वास और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देकर सार्थक सुधार के लिए जगह मिल सके। इसके द्वारा हम अपने लोकतंत्र की नींव को मजबूत कर सकते हैं। यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि सभी नागरिकों की आवाज और पसंद को महत्व दिया जाए और उनका सम्मान किया जाए। पीठ ने इस मामले में 18 अप्रैल और फिर 24 अप्रैल को चुनाव आयोग के कई स्पष्टीकरणों से अवगत होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने उप चुनाव आयुक्त, चुनाव आयोग की ओर से पेश अधिवक्ता वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह और याचिकाकताओं की ओर से पेश अधिवक्ताओं - प्रशांत भूषण, संतोष पॉल, संजय हेगड़े और अन्य की दलीलें सुनने विस्तार से सुनी थीं। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा था कि वह चुनाव को नियंत्रित नहीं कर सकता या किसी अन्य संवैधानिक निकाय और न ही चुनाव आयोग का नियंत्रक प्राधिकारी नहीं बन सकता। वह केवल संदेह के आधार पर कार्य नहीं कर सकता है, क्योंकि ईवीएम और वीवीपैट के बीच बेमेल का एक भी मामला नहीं दिखाया गया है।

# कांग्रेस सत्ता में आई तो अग्निवीर योजना को समाप्त कर देगी : राहुल

प्रात : किरण संवाददाता



विजयपुरा/एजेंसी। कांग्रेस की आलोचना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि वह डरे हुए हैं और मंच पर आंसू तक बहा सकते हैं। गांधी ने कांग्रेस शासित कर्नाटक के विजयपुरा जिला मुख्यालय में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, आपने प्रधानमंत्री के भाषण सुने हैं। वह डरे हुए हैं। हो सकता है कि वह मंच पर आंसू बहाने लगें। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी हालिया रैलियों में कांग्रेस को मंगलसूत्र, संपदा पुनर्वितरण और विरासत कर जैसे आरोपों से घेरने का प्रयास किया है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी पर अनेक तरीके से जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मोदी ध्यान भटकाने का प्रयास करते हैं। कभी वह चीन और पाकिस्तान की बात करते हैं, कभी वह आपसे थाली बजाने को कहेंगे और कभी आपके मोबाइल फोन पर टॉर्च लाइट जलाने को कहेंगे। गांधी ने कहा कि भारत में गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई समेत चार महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। उन्होंने दावा किया कि केवल कांग्रेस ही बेरोजगारी समाप्त कर सकती है, महंगाई को काबू में कर सकती है और लोगों को उनकी उचित हिस्सेदारी दिला सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### निलंबित सिपाही ने चौकी प्रभारी पर किया हमला, गिरफ्तार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** चौकी प्रभारी पर जानलेवा हमला करने का प्रयास करने के आरोपी जल पुलिस के निलंबित सिपाही को गिरफ्तार किया गया है। सिपाही करीब एक माह पूर्व निलंबित किया गया था। थाना लक्ष्मण झूला के प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी ने बताया कि मंगलवार को करीब ढाई बजे निलंबित सिपाही अनुराग ठाकुर राम झूला चौकी पहुंचा और वहां चौकी प्रभारी राज विक्रम सिंह पर दरांती से वार कर दिया। जिसमें चौकी प्रभारी को हाथ पर हल्की चोट आई है। सैनी ने बताया कि निलंबित सिपाही के खिलाफ चौकी प्रभारी पर जानलेवा हमला करने के प्रयास के आरोप में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। सिपाही को ड्यूटी पर लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित किया गया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी को इस बात की आशंका थी कि चौकी प्रभारी ने उसकी शिकायत की थी। जिसकी वजह से उसे निलंबित किया गया। इसी का बदला लेने के लिए वह मंगलवार को चौकी में पहुंचा और चौकी प्रभारी पर हमला कर दिया।

### पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त, सड़कों पर पानी, लोगों के हलक सूखे

**हरिद्वार, एजेंसी।** रोशनाबाद में पेयजल लाइन जगह-जगह से टूटी पड़ी है। स्वच्छ पानी घरों में पहुंचने की जगह सड़कों पर बह रहा है। सुबह से लेकर देर रात तक जिस समय पानी छोड़ा जाता है उसी समय सड़क में पानी बहने लगता है। इससे हर रोज होने वाली जलापूर्ति पर इसका असर पड़ रहा है। घरों में गंदा पानी पहुंचने के साथ ही लो-प्रेशर की समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद अधिकारी चुनाव में ड्यूटी होने की बात कहकर गुमराह कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जल निगम ने नई पाइप डालते समय पुरानी पाइप-लाइन को जगह-जगह से तोड़ दिया। नई पाइप-लाइन अभी चालू नहीं की पुरानी लाइन से पानी सड़कों पर बह रहा है। जिस कारण उनके घरों तक पानी गंदा पहुंच रहा है।

### गुरुकुल विवि में बैक पेपर का शुल्क बढ़ाने पर जताया विरोध

**हरिद्वार, एजेंसी।** बैक पेपर का शुल्क बढ़ाने पर छात्राओं ने विरोध जताते हुए गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में नारेबाजी की। विवि प्रशासन पर छात्र हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों को विवि प्रशासन की ओर से दो दिन के अंदर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद छात्र शांत होकर लौट गए। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में बैक पेपर की फीस बढ़ाने पर छात्रों ने कुलसचिव कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी करते हुए रोष जताया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आशु मलिक ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से छात्रों की अनदेखी की जा रही है। छात्रों की मांग पर 2023 में बैक पेपर के मूल्यांकन की फीस 1000 से घटाकर 500 रुपये कर दी गई थी, मगर पेपर के मूल्यांकन की फीस को फिर से बढ़ा दिया गया। अब 1000 रुपये शुल्क कर दिया गया है। जिससे छात्रों में भारी रोष व्याप्त है।

### आईडीपीएल के पास एनएच पर आ धमका हाथी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग 58 पर आईडीपीएल के पास दिन के समय जंगल से एक हाथी सड़क पर आ धमका। इससे सड़क से गुजरने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। कुछ लोगों ने हाथी का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो सोमवार दोपहर का बताया जा रहा है। वीडियो में एक वयस्क हाथी एनएच 58 को पार करते हुए दिखाई दे रहा है। जिसमें हाथी गुमानीवाला के जंगल की ओर से निकलकर आईडीपीएल के जंगल की ओर जाते दिख रहा है। सड़क पार करते समय हाथी ने डिवाइडर पर बनी लोहे की रेलिंग को भी क्षतिग्रस्त किया है। हाथी के सड़क पर आने से यातायात कुछ देर के लिए रुका दिख रहा है। रेंजर जीएस धमांदा ने बताया कि गर्मी के दिनों में पानी की तलाश में अक्सर हाथी जंगल से बाहर निकलते हैं। जिसको लेकर वन विभाग की टीम अलर्ट है।

### सड़क पर दुकान से लग रहा जाम, राहगीर परेशान

**ऋषिकेश, एजेंसी।** गर्मी का सीजन शुरू होने के साथ बाजारों में ग्राहकों की चहलकदमी बढ़ गई है। क्षेत्र रोड समेत अधिकतर बाजारों में व्यापारियों ने अपनी दुकानों के आगे सड़कों पर सामान सजा दिया है। इससे जाम लग रहा है। खरीदार भी परेशान हो रहे हैं। नगर निगम और पुलिस बाजारों से अतिक्रमण नहीं हटा पा रही है। अधिकतर बाजारों में व्यापारियों ने दुकानों के आगे सड़कों पर चार से पांच फीट तक सामान सजाया है। कहीं बर्तन तो कहीं कपड़े बिक रहे हैं। सड़क के दोनों तरफ सामान सजने से वाहन तो दूर पैदल आवाजाही करने वालों को परेशानी हो रही है। पूरे दिन जाम लगा रहता है। कई बार सड़क पर चलते लोग वाहनों की चपेट में आ जाते हैं।

# रकसिया नाले की सफाई ना हुई तो...बरसात में तबाही तय, पिछले साल ऐसा हुआ था

**नैनीताल, एजेंसी।** रकसिया और कलसिया नाला मानसून सीजन में हर साल तबाही मचाता है। पिछले साल हुई बारिश के दौरान आधा हल्द्वानी पानी में डूब गया था। अभी तक प्रशासन ने इन नालों की सफाई की दिशा में कदम नहीं बढ़ाए हैं। इससे बरसात में कहीं फिर तबाही के हालात न बन जाएं।



रकसिया और कलसिया नाला मानसून सीजन में हर साल तबाही मचाता है। पिछले साल हुई बारिश के दौरान आधा हल्द्वानी पानी में डूब गया था। इससे भारी तबाही हुई थी। अब फिर इन नालों में गाद भर गई है। अभी तक प्रशासन ने इन नालों की सफाई की दिशा में कदम नहीं बढ़ाए हैं। इससे बरसात में कहीं फिर तबाही के हालात न बन जाएं।

पिछले वर्ष रानीबाग से लगते हुए पर्वतीय क्षेत्र में भारी बारिश हुई थी। बारिश के कारण कलसिया, रकसिया, देवखड़ी नाला उफान पर आ गया था। हल्द्वानी के कई क्षेत्र में घुटनों तक पानी और मलबा भर गया था। उस समय जिला प्रशासन ने नाले सफाई सहित कई काम का खाका तैयार किया था। समय बीतने के बाद प्रशासन ने इस प्लान को ठंडे बस्ते में डाल दिया। अप्रैल समाप्ति की ओर है, 15 जून से हल्द्वानी में प्री मानसून बारिश शुरू हो जाती है। ऐसे में नाले साफ नहीं हुए तो हल्द्वानी में फिर पानी भर सकता है। इन नालों में भारी मात्रा में गाद भरी हुई है।

# हरिद्वार में आठ बीघा जमीन को लेकर हंगामा, युवक ने किया शादी से इन्कार

**भगवानपुर, एजेंसी।** छापुर गांव में आठ बीघा जमीन के लालच में युवक और उसके स्वजन ने निकाह से इन्कार कर दिया। जिसे लेकर कई घंटों तक हंगामा होता रहा। इस दौरान दोनों पक्षों में धक्का मुक्की भी हुई। बाद में पुलिस ने मामला शांत कराया।



वहीं, युवती पक्ष भी अब शादी नहीं करने की जिद पर अड़ा है। बिरादरी के लोग मामले में सुलह के लिए लगे हैं। देर रात समझौते के तहत लड़का पक्ष ने लड़की पक्ष को दहेज में दिया सामान वापस कर दिया और बरात लेकर लौट गए।

भगवानपुर थाना क्षेत्र के छापुर गांव निवासी एक ग्रामीण ने अपने छोटे भाई की बेटी का पालन पोषण किया था। लड़की का रिश्ता उसने मंगलौर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से तय किया। इसी बीच ग्रामीण की मौत हो गई। ग्रामीण के नाम पर आठ बीघा जमीन थी।

गुरुवार को मंगलौर क्षेत्र से युवक बरात लेकर छापुर गांव में आए। निकाह की रसीद लिखने के दौरान युवती पक्ष ने पालन पोषण करने वाले पिता की जगह असली पिता का नाम लिखवा दिया। जिसका युवक पक्ष ने विरोध किया।

युवक पक्ष का कहना था कि युवती का पालन पोषण करने वाले पिता का नाम लिखा जाना चाहिए। जिससे उसकी आठ बीघा जमीन उसकी बेटी के नाम आ सके।

युवती पक्ष ने इसका विरोध किया। जिस पर युवक पक्ष ने निकाह करने से मना कर दिया। इसे लेकर जमकर हंगामा हुआ। भगवानपुर थाना पुलिस ने मामला शांत कराने का प्रयास किया। इसी बीच युवती पक्ष ने भी शादी से मना कर दिया।

### महिला मित्र के साथ फ्लैट में मिला पति, पत्नी का चढ़ा पारा

**रुद्रपुर, एजेंसी।** किच्छा के एक व्यापारी नेता को उसकी पत्नी और ससुरालियों ने महिला मित्र के साथ फ्लैट में पकड़ लिया। पति की हरकत से नाराज महिला ने हंगामा खड़ा कर दिया। मामला सिडकुल चौकी पर पहुंचा लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। यह मामला रुद्रपुर और किच्छा में चर्चा का विषय बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार किच्छा के एक व्यापारी नेता की अपनी पत्नी के साथ अनबन रहती है। व्यापारी नेता की एक महिला मित्र है और वही विवाद की वजह भी है। मंगलवार रात व्यापारी नेता नैनीताल रोड स्थित एक पाश कॉलोनी में महिला मित्र के फ्लैट में था। इसकी सूचना मिलने पर उसकी पत्नी अपने भाई और मां के साथ वहां पहुंच गई। फ्लैट में गैर महिला के साथ पति को देख पत्नी का पारा चढ़ गया और उसने हंगामा खड़ा कर दिया। इसके बाद महिला मित्र फ्लैट पर रही जबकि पति और पत्नी सिडकुल चौकी आ गए। पत्नी ने पति पर गंभीर आरोप मढ़ दिए और पुलिस से कार्यवाही की मांग की। उसका कहना था कि इस मामले में किच्छा कोतवाली में शिकायत की है। हालांकि पुलिस ने मामले में किसी तरह की कार्रवाई नहीं की।

### स्पीड ब्रेकर पर बाइक से गिरकर महिला की मौत

**काशीपुर, एजेंसी।** दामाद की कुशलक्षेम जानने अपने बड़े दामाद के साथ बाइक से जा रही अधेड़ महिला की बाइक से गिरकर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

यूपी के जिला रामपुर टांडा बादली के खजुआखेड़ा गांव निवासी मंजू देवी (50) पत्नी खेम सिंह बुधवार को अपने बड़े दामाद विशाल के साथ बाइक से कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम टीला निवासी दामाद हरजीवन का हाल-चाल जानने जा रही थीं। इसी दौरान कुंडा चौराहे के पास गढ़ीनेगी रोड पर स्पीड ब्रेकर पर बाइक से छिटककर मंजू देवी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

दामाद विशाल वहां मौजूद लोगों की मदद से घायल महिला को 108 एंबुलेंस से एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय लेकर आए जहां डॉक्टर ने मंजू देवी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सीडीओ ने प्रोजेक्ट के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में किए गए कार्यों की समीक्षा

**हरिद्वार, एजेंसी।** मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय रोशनाबाद में तारा प्रोजेक्ट के तहत चयनित संस्था ने कार्यशाला का आयोजन किया। सीडीओ ने प्रतीक जैन ने आंगनबाड़ी केंद्रो में आधार भूत सुधार करने के लिए तारा (ट्रांसफॉर्मिंग आंगनबाड़ी एंड रिन्यूविंग एबिलिटी) प्रोजेक्ट के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में किए गए कार्यों की समीक्षा की।

इससे पहले मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन ने रावली महदूद और आन्नेकी गांव की आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण किया। आंगनबाड़ी केंद्रों बच्चों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ पहले और आज तक की गतिविधियों पर रिपोर्ट मांगी। संस्था ने सीडीओ को बताया कि प्रोजेक्ट का लगभग 50 प्रतिशत काम अभी हुआ है। आगामी जून तक पूरा हो जाएगा। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी सुलेखा सहगल, बाल विकास परियोजना अधिकारी देव सिंह, धर्मवीर सिंह, सोनू कुमार, वर्षा शर्मा, प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी, प्रीति भंडारी, सुपरवाइजर राखी, कल्पना, आदि उपस्थित रहे।

### पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त, घरों में हो रही दूषित पेयजल की आपूर्ति

**ऋषिकेश, एजेंसी।** बालकंवारी गांव में क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों से दूषित पेयजल की आपूर्ति हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने विभाग के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है। माजरी ग्रांट ग्राम पंचायत के बालकंवारी गांव में पिछले काफी दिनों से पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त है। क्षतिग्रस्त लाइनों के कारण घरों में दूषित पानी पहुंच रहा है। इससे लोगों के बीमार होने की आशंका बनी है। बालकंवारी गांव में लगभग 30 परिवार रहते हैं। ग्रामीण शंकर सिंह महरालू ने बताया कि क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन की मरम्मत किए जाने के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों को शिकायत कर दी है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। घरों में गंदा पानी आ रहा है। ग्रामीण हजारा सिंह, अनिल सैनी, सतपाल, गुरमीत सिंह, रमेश कुमार ने बताया कि पानी पीने लायक नहीं है। ग्रामीण पानी को छानने के बाद उबालकर पीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने कहा कि समस्या दूर नहीं हुई तो आदि ने जल संस्थान के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

### हेड मास्टर पर तमंचे से हमला, फायर मिस होने से बची जान

**रुड़की, एजेंसी।** एक प्राथमिक स्कूल के हेड मास्टर पर कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान तमंचे से फायर भी किया गया, लेकिन गनीमत रही कि फायर मिस होने से हेडमास्टर की जान बच गई। हमलावर पांच हजार की नकदी और चेन लूटकर फरार हो गए। इस दौरान जल्दबाजी में आरोपित अपनी बाइक मौके पर छोड़ गए। पुलिस ने मामले में छह लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के पाडली गुर्जर गांव निवासी फरमान अली राजकीय प्राथमिक विद्यालय पनियाला में हेड मास्टर हैं। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने बताया कि उनके घर के सामने रफीक उर्फ रफी लाठरदेवा शेख झबरेड़ा, हाल निवासी मोहल्ला सोत रुड़की प्रतिबंधित मांस की बिक्री करता है। इसे लेकर कई बार वह विरोध कर चुके हैं। इसके चलते वह उनसे रंजिश रखता है। बताया कि 23 अप्रैल की सुबह वह स्कूल जा रहे थे।

# सीड प्लांट में खरीदे गए गेहूं स्टॉक में मिला अंतर



**बाजपुर, एजेंसी।** उत्तराखंड मंडी परिषद की महाप्रबंधक निर्मला बिष्ट ने राजस्व, मंडी, बीज प्रमाणीकरण की संयुक्त टीम के साथ सीड्स प्लांट और फ्लोर मिल का निरीक्षण किया। इस दौरान सीड्स प्लांट पर खरीदे गए गेहूं के स्टॉक में अंतर मिला। महाप्रबंधक ने बीज प्रमाणीकरण के अधिकारियों से गेहूं खरीद करने वाले सीड्स प्लांट सहित अन्य संस्थाओं का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए।

बुधवार को मंडी परिषद की महाप्रबंधक वितरण निर्मला बिष्ट ने टीम के साथ गांव नंदपुर नरका टोपा स्थित एक फ्लोर मिल पर छापा मारा। इस दौरान गेहूं खरीद सही पाई। लेकिन खरीदे गए गेहूं का रिकार्ड भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया था। इस पर फ्लोर मिल संचालक को हिदायत दी गई।

बताते हैं कि टीम के पहुंचने पर फ्लोर मिल संचालक प्रतिष्ठान से खिसक गया था। उसके बाद टीम ने भौना रोड स्थित एक सीड्स प्लांट पर छापा मारा। इस दौरान भौतिक सत्यापन में खरीदे गए गेहूं के स्टॉक में अंतर मिला। गेहूं के चट्टों पर स्टैब कार्ड नहीं मिले।

टीम में तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी लता मिश्रा, बीज प्रमाणीकरण के प्रभारी बलकार सिंह, एसएमआई चंद्रमोहन टोलिया, मंडी सचिव कैलाश चंद शर्मा, मनोज मनराल, रमेश चंद शामिल रहे।

### लालकुआं टू आनंद विहार एक्सप्रेस में लगेंगे एक्स्ट्रा कोच

**लालकुआं, एजेंसी।** लालकुंआ-आनंद विहार एक्सप्रेस (15059/15060) में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे ने 30 अप्रैल से कोच बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में जीएसएलआरडी के दो कोच, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 1, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 2, शयनयान श्रेणी के 3, साधारण द्वितीय श्रेणी कुर्सीयान के 4, वातानुकूलित कुर्सीयान का एक और साधारण द्वितीय श्रेणी के 2 कोचों सहित कुल 15 कोच लगाए जाएंगे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी गोरखपुर पंकज कुमार सिंह ने दी।

रेलवे प्रशासन ने गर्मी के सीजन में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए टनकपुर-मथुरा जंक्शन समर स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि को बढ़ाकर 31 दिसंबर कर दिया है। यह गाड़ी टनकपुर और मथुरा जंक्शन से 30 अप्रैल से 31 दिसंबर तक प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, बहस्पतिवार, शुक्रवार एवं शनिवार को चलाई जाएगी।

### कमरे में फंदे पर लटकी मिली फैक्टरी कर्मी

**रुद्रपुर, एजेंसी।** ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में एक युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। तीन दिन पुराना होने से शव से बदबू आ रही थी। पुलिस को कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मंगलवार रात ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस को कृष्णा कॉलोनी में एक बंद कमरे से बदबू आने की सूचना मिली। एसएचओ भारत सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कमरे का दरवाजा तोड़ दिया। कमरे के अंदर पंखे के कुंडे से फंदे पर एक युवती लटकी थी। कमरे में मिले श्रम कार्ड और कागजातों से उसकी पहचान प्रीति गंगवार (22) निवासी ग्राम टांडा दयानतपुर थाना हाफिजगंज बरेली के रूप में हुई। युवती सिडकुल की एक फैक्टरी में काम करती थी। मोर्चरी पहुंची मृतका की मां मंजू देवी ने बताया कि वह अपनी तीन बेटियों के साथ कृष्णा कॉलोनी में रहती थी। वे होली पर घर चले गए थे।

# गंगोत्री-गोमुख ट्रैक का निरीक्षण कर लौटा दल-बताया पैदल आवाजाही के लिए नहीं सुरक्षित मार्ग



**उत्तरकाशी, एजेंसी।** हिमखंड और ग्लेशियर के कारण गंगोत्री-गोमुख ट्रैक को निरीक्षण के लिए गए दल ने असुरक्षित बताया। अभी प्रशिक्षित ट्रेकर्स ही इस ट्रैक पर जा पाएंगे।

जिला प्रशासन के निर्देश पर गंगोत्री-गोमुख ट्रैक के स्थलीय निरीक्षण करने गया दल जिला मुख्यालय लौट आया है। टीम ने डीएम को बताया कि गोमुख ट्रैक पर कई स्थानों पर हिमखंड और ग्लेशियर आने से यह मार्ग चीड़बासा से करीब दो किमी आगे आम लोगों के पैदल आवागमन हेतु सुरक्षित नहीं है। ट्रैक को सुरक्षित करने के लिए मजदूर कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही अभी प्रशिक्षित ट्रेकर्स ही इस ट्रैक पर जा पाएंगे। इस ट्रैक की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने के लिए वन क्षेत्राधिकारी गंगोत्री नेशनल पार्क, साहसिक पर्यटन अधिकारी और निरीक्षक एसडीआरएफ की संयुक्त समिति गठित कर तीन दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए थे। जांच दल में शामिल सदस्य ट्रैक का निरीक्षण करने के बाद जिला मुख्यालय पहुंचकर निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं।

# सिपाही की पत्नी के बैग से पांच लाख रूपये के गहने गायब

**नैनीताल, एजेंसी।** चोरों ने 16 अप्रैल को रुद्रपुर से सवारी वाहन से हल्द्वानी आ रहीं सिपाही की पत्नी का ट्रॉली बैग काटकर करीब पांच लाख रुपये के जेवर उड़ा लिए थे। पीड़िता ने 21 अप्रैल को हल्द्वानी मामले में कोतवाली में तहरीर सौंपी, लेकिन अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ।

यह कैसी मित्र पुलिस है जो अपने लोगों की भी मदद न कर सके। इसका ताजा उदाहरण पुलिस कर्मी की पत्नी की तहरीर से लगाया जा सकता है। शातिर चोरों ने 16 अप्रैल को रुद्रपुर से सवारी वाहन से हल्द्वानी आ रहीं सिपाही की पत्नी का ट्रॉली बैग काटकर करीब पांच लाख रुपये के जेवर उड़ा लिए थे। पीड़िता ने 21 अप्रैल को हल्द्वानी मामले में कोतवाली में तहरीर सौंपी लेकिन अब तक मामले में मुकदमा दर्ज नहीं हो सका है। हालांकि पुलिसकर्मी के परिजनों का कहना है कि इस मामले में रुद्रपुर में भी मुकदमा दर्ज कराया है।

संजय राणा रुद्रपुर पुलिस लाइन में सिपाही हैं। उनकी पत्नी नीमा राणा ने बताया कि अल्मोड़ा में उनकी भतीजी की शादी थी। शादी में जाने के लिए 16 अप्रैल को ई-रिक्शा में सवार होकर घर से रुद्रपुर स्थित डीडी चौक पहुंची। वहां से टाटा मैजिक वाहन से हल्द्वानी के लिए निकलीं। यहां से उन्हें गौलापार में बहन के घर जाना था। मैजिक चालक ने उनके ट्रॉली बैग को वाहन के पीछे रख दिया था। इसके बाद वह सिंधी चौराहे पहुंची। यहां से उन्होंने ताज चौराहे के लिए दोबारा ई-रिक्शा लिया। फिर दीदी के घर गौलापार पहुंच गईं। वहां कपड़े निकालने के दौरान देखा तो ट्रॉली बैग कटा हुआ था। बैग में रखी सोने की नथ, पौंची, कान के झुमके, मांगटीका, सोने की माला, दो जोड़ी चांदी की पायल और पांच हजार कैश चोरी हो गया था।

कहा कि उन्होंने इसकी सूचना अपने पति और परिवार को दी। साथ ही डायल 112 में भी सूचना दी। कहा कि हल्द्वानी में 21 अप्रैल को तहरीर दी गई। पर पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस सही से जांच नहीं कर रही है। उधर कोतवाल उमेश मलिक का कहना है कि सीसीटीवी की जांच की जा रही है। महिला कहां से आई, किस-किस वाहन में गई। इसकी भी जांच की जा रही है। जल्द मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा।

# दलित के बेटे को दिल्ली का मेयर बनने से रोकने के लिए भाजपा के एलजी ने चुनाव रद्द किया- संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता के चलते शुक्रवार को दिल्ली को दलित मेयर नहीं मिल सका। दलित समाज के बेटे को मेयर की कुर्सी पर बैठने से रोकने के लिए भाजपा ने एलजी के जरिए एमसीडी मेयर का चुनाव ही रद्द करा दिया। यह बड़ा आरोप लगाते हुए आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने इतिहास का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि नफरती मानसिकता से ग्रसित भाजपा के लोग दलितों को तालाब में पानी पीने और कुर्सी पर बैठने से रोकते थे। उनकी यह मानसिकता आज भी जिंदा है, तभी दिल्ली को दलित मेयर नहीं मिल सका। जबकि बाबा साहब के संविधान ने पांच साल में केवल एक साल के लिए दलित समाज को मेयर बनने का अधिकार दिया है और यह भी भाजपा को बर्दाश्त नहीं है। इससे पहले भाजपा ने चंडीगढ़ में भी सफाईकर्मी के बेटे को मेयर बनने से रोकने की पूरी कोशिश की थी। अब दिल्ली में मेयर का चुनाव को रद्द कराकर भाजपा ने दलित विरोधी मानसिकता और संविधान खत्म करने की साजिश का एक और उदाहरण दे दिया है। संघ के लोग दलितों-पिछड़ों और आदिवासियों का हक-अधिकार मारना चाहते हैं- संजय सिंह

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने नई दिल्ली लोकसभा सीट से प्रत्याशी कुलदीप कुमार के साथ शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता की। संजय सिंह ने कहा कि आज इतिहास के पन्नों में दर्ज वो घटनाएं बताना चाहता हूं कि किस तरह से भाजपा और संघ से प्रेरित मानसिकता के लोग बाबा साहब डॉ. अंबेडकर जिस कुर्सी पर बैठते थे, उसको गंगा जल से छिड़क कर शुद्ध करने का काम करते थे। घृणा और नफरती मानसिकता से ग्रसित भाजपा के लोग दलितों को तालाब में पानी पीने से रोकते थे, दलितों को खाट और कुर्सी पर बैठने से रोकते थे। संघ ने अपना संविधान बनाया था कि वेद की ऋचाएं दलित के कान में चली जाए तो उनके कान में ताला डाल देना चाहिए। आज उसी मानसिकता के लोग आजादी के 75 साल बाद भी इस देश के अंदर जिंदा हैं। मैं देश के दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और लोकतंत्र में आस्था रखने वाले लोगों से हाथ जोड़कर अपील करना चाहता हूं कि आप सावधान हो जाइए, ये संघ के लोग देश में दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का हक मारना चाहते हैं, इनके अधिकार को खत्म करना चाहते हैं। भाजपा ने दलित के बेटे को इसलिए मेयर नहीं नहीं बनने दिया, क्योंकि कुर्सी अपवित्र हो जाएगी- संजय सिंह

संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के अंदर बाबा साहब अंबेडकर का संविधान हमें अधिकार देता है कि पांच साल में एक बार दलित का बेटा भी मेयर की कुर्सी पर बैठेगा। लेकिन दलित विरोधी मानसिकता के भाजपा के लोगों ने बाबा साहब को कुर्सी पर बैठने से रोका, दलितों को तालाब का पानी पीने का विरोध किया, ये लोग आज भी उसी घृणा और मानसिकता के साथ जिंदा हैं। बाबा साहब अंबेडकर ने दिल्ली के अंदर दलित के बेटे को पांच साल में एक साल के लिए दिल्ली के मेयर की कुर्सी पर बैठने का अधिकार दिया था, भाजपा ने उस अधिकार को खत्म किया। भाजपा ने दिल्ली में मेयर चुनाव खत्म कर दिया और कहा कि दलित का बेटा मेयर की कुर्सी पर नहीं बैठ सकता। दलित का बेटा बैठा तो मेयर की कुर्सी अपवित्र हो जाएगी। इसके लिए भाजपा ने एलजी को मोहरा बनाया। भाजपा के एलजी ने कहा कि बगैर मुख्यमंत्री की सलाह के हम पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं कर सकते।

भाजपाई दलितों-पिछड़ों का आरक्षण मार रहे हैं और इसे खत्म करने की बात कर रहे हैं- संजय सिंह

संजय सिंह ने एक साल पहले के घटनाक्रमों का जिक्र करते हुए कहा कि एक साल पहले जब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सबसे वरिष्ठ पार्षद मुकेश गोयल को मेयर चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी बनाया जाए तो एलजी ने सीएम की सलाह को फाड़कर कूड़ेदान में डाल दिया और कहा कि हम भाजपा की पार्षद सत्या शर्मा को पीठासीन अधिकारी बनाएंगे। इसलिए हमारा आरोप बिल्कुल सही है कि बाबा साहब के संविधान और दलित विरोधी भाजपा ने एलजी से झूठ बुलवाया। यह उतना ही बड़ा झूठ है, जैसे इस वक्त दिन नहीं, बल्कि रात है। इस दौरान संजय सिंह ने मुख्यमंत्री की सलाह के बगैर एलजी द्वारा पिछले साल मेयर चुनाव में सत्या शर्मा को पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने का पत्र भी दिखाया। उन्होंने कहा कि दलित विरोधी भाजपाइयों ने चंडीगढ़ में भी यही काम किया। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में एक सफाई कर्मी का बेटा मेयर की कुर्सी पर बैठने जा रहा था, तब भाजपाइयों ने वोटों की बेइमानी करके दलित के बेटे को मेयर की कुर्सी पर बैठने से रोक दिया था। दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज के लोग यह नहीं भूलेंगे। भाजपाइयों के मन में दलितों के लिए इतनी नफरत और घृणा है कि वो दलितों को मंदिरों में प्रवेश करने से रोकते हैं। आज भी गुजरात के अंदर दलित का बेटा गेंद छूता है तो भाजपाई उसका अंगूठा काम लेते हैं। कर्नाटक में भाजपा का दलित सांसद गांव में घुसकर किसी कार्य का उद्घाटन नहीं कर सकता। भाजपाई पूरे देश में दलितों, पिछड़ों का आरक्षण मार रहे हैं। भागवत समेत भाजपा के नेता अरक्षण खत्म करने की बात करते हैं।

एलजी ने मनोनित पार्षदों को वोट का अधिकार दे दिया था, लेकिन कोर्ट ने रोक लगा दी- संजय सिंह संजय सिंह ने भाजपा से पूछा कि जब पिछले साल एलजी ने मुख्यमंत्री की सलाह के बगैर भाजपा के पार्षद को पीठासीन अधिकारी बनाया था, तो इस बार मेयर का चुनाव खत्म क्यों किया? इसलिए की एक दलित का बेटा मेयर की कुर्सी पर न बैठ पाए। पिछले साल मुख्यमंत्री की बिना सलाह के बिना एलजी ने भाजपा के 10 कार्यकताओं को पार्षद नामित कर दिया।

# 6000 गर्ल्स स्टूडेंट ने लिया सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग

- पेन, बैग और दुपट्टा का करें ऐसे इस्तेमाल,
- बदमाशों को चटाएं सड़क पर धूल..
- लड़कियों को आत्मनिर्भर करने के लिए पहल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस ने एजुकेशन डिपार्टमेंट के साथ मिलकर मेगा सेफ डिफेंस ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया था। जिसमें 6000 स्कूली छात्राओं को ट्रेंड किया गया। आज उन्हीं बच्चियों के लिए दिल्ली के छतरपुर स्कूल में समापन समारोह आयोजित हुआ था जिसमें सैकड़ों की संख्या में बच्चियों पुलिस के ऑफिसर, शिक्षा विभाग के अधिकारी और एसिड अटैक की पीड़िता लक्ष्मी अग्रवाल सहित कई गण मन लोग भी शामिल हुए। यह सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कार्यक्रम दिल्ली पुलिस की स्पेशल पुलिस यूनिट महिलाओं और बच्चों के लिए काम करती है उसके द्वारा किया गया था। जिससे कि उनमें आत्मविश्वास लाया जाए और किसी भी आपराधिक घटनाओं के दौरान वह अपने आपको मजबूत रख सके। स्पेशल पुलिस कमिश्नर अजय चौधरी ने कहा कि सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग ले चुकी बच्चियों में कॉन्फिडेंट आता है। वह किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार होती है। कैसे वह अपने दुपट्टा को,,पेन को,,हैंडबैग को जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल कर सकती हैं, इसके बारे में उन्हें ट्रेंड किया गया। कहीं चेन स्नेचिंग या बैग स्नेचिंग की वारदात अगर उनके साथ होती है, तो किस तरीके से अपने आपको बचाव करते हुए बदमाशों को धूल चटा सकती है इसके बारे में भी इन्हें ट्रेंड किया गया।

दिल्ली पुलिस की टीम अब तक 5.57 लाख से ज्यादा लड़कियों और महिलाओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दे चुकी है। अलग-अलग ट्रेनिंग प्रोग्राम के जरिए पुलिस इस तरह के ट्रेनिंग कैंप का आयोजन करती है। समर और विंटर कैंप के दौरान काफी संख्या में ट्रेंड किया जाता है। कैंप के दौरान सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग के साथ-साथ नुक्कड़ नाटक और जेंडर सेंसटाइजेशन के तहत उन्हें जागरूक भी किया जाता है। वो क्या करें और क्या ना करें, इसके बारे में बताया जाता है।

# उप्र : गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर दोपहर एक बजे तक 36.46 प्रतिशत मतदान

प्रात: किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र में शुक्रवार को मतदान शांतिपूर्वक जारी है और इस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पांचों विधानसभा सीटों- नोएडा, दादरी, जेवर, खुर्जा व सिकंदराबाद पर सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक 36.46 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत आज अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा सीटों पर मतदान हो रहा है।

गौतमबुद्धनगर के जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ और दोपहर एक बजे नोएडा विधानसभा सीट पर 32.36 फीसदी, दादरी विधानसभा सीट पर 36.43 प्रतिशत, जेवर विधानसभा सीट पर 37.22 प्रतिशत, सिकंदराबाद सीट पर 39.71 प्रतिशत तथा खुर्जा विधानसभा सीट पर 37.69 प्रतिशत मतदान हुआ है। उन्होंने बताया कि एक बजे तक कुल 36.46 प्रतिशत मतदान हुआ। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर आज सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ और शाम छह बजे तक चलेगा। शुरूआती दौर में कुछ ईवीएम मशीनों में खराबी की सूचना आई, जिन्हें तुरंत ठीक कर दिया गया। सुबह से मतदान केंद्रों के आगे लोग मतदान करने के लिए कतार में खड़े दिखे। इस लोकसभा सीट पर कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं जिनकी किस्मत का फैसला 26.75 लाख मतदाता आज करेंगे। मतदान के दौरान सुरक्षा के लिए 10 हजार से ज्यादा पुलिस बल तैनात किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी वर्मा ने बताया कि मतदान के बाद पोलिंग पार्टियां ईवीएम को लेकर फूल मंडी पहुंचेंगी। वहां स्ट्रांग रूम में सभी ईवीएम को विधानसभा-वार रखा जाएगा। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वोट डालने जरूर जाएं।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

- मरीजों की चिकित्सा सेवा में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: डॉ विजय गोयल

प्रात : किरण संवाददाता



नादिर त्यागी स्योहारा।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विजय कुमार गोयल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा का औचक निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय गोयल ने लगभग सुबह 9.30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा पहुंचे। इस दौरान अधीक्षक डॉक्टर बी0 के0 स्नेही समेत अन्य समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विजय कुमार गोयल ने अधीक्षक डॉक्टर बी0 के0 स्नेही को सख्त दिशा निर्देश दिए कि परिसर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे । और स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजो की चिकित्सा सेवा में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान मच्छर जनित और जलजनित रोगों को रोकने के लिए जनमानस को जागरूक करे। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं समय पर कराई जाए। साथ ही ओपीडी में आने वाले मरीजों को निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराकर आवश्यक जांचे भी उनकी कराई जाए। किसी को बाहर से दबाए नही लिखी जाए। साथ ही हीट वेव से बचाव की पूरी तैयारियां कर ले।सभी कर्मचारियों का प्रशिक्षण करवाये। इसके लिए 4 बेड आरक्षित कर ले और कोल्ड वॉर रूम तैयार कर ले। गांव स्तर पर नियमित रूप से हेल्थ कैंप भी आयोजित करवाये जाए ताकि जनमानस को स्वास्थ्य सेवाएं नियमित रूप से मिलती रहे।सभी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर नियमित रूप से खोलें और उन पर सीएचओ को प्रतिदिन जाकर के स्वास्थ्य सेवाएं क्षेत्र की जनता को मुहैया करवाये साथ ही उनकी जांच कर आवश्यक दवाइयां भी मुहैया करवाये और टैली मेडिसिन के द्वारा डॉक्टर से कंसल्ट कर उनको उचित परामर्श भी मुहैया करवाये। आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने पर जोर दे। प्रधानमन्त्री वन्दन योजना के फॉर्म नियमित भरवाए जाए।इस दौरान उन्होंने बताया की समस्त कर्मचारी समय से ड्रेस कोड के साथ डयूटी पर आए और मुख्यालय पर ही निवास करे।कोई भी बिना अवकाश लिए गायब न हो अन्यथा सख्त कार्यवाही की जाएगी।चुनावी आचार संहिता लगी हुई है।इसका पालन कड़ाई से किया जाए।उन्होंने बताया कि निरीक्षण आगे भी नियमित रूप से होते रहेंगे।इस दौरान वीर सिंह, राजेश कुमार ,हेल्थ सुपरवाइजर बीपीएम प्रमोद कुमार,डॉ0संजय विश्वकर्मा, डॉक्टर राकेश कुमार,अमित कुमार,राहुल कुमार,योगेश कुमार,हरीश कुमार,प्रदीप रावत,मुकेश कुमार,जोनी साकिर, लोकेंद्र,फारूख,मनोज कुमार समेत अन्य स्टॉफ भी इस दौरान मौजूद रहा।

# नोएडा में बूथों पर बुजुर्गों, दिव्यांगों पर विशेष ध्यान, मदद कर रहे हैं पुलिसकर्मी

प्रात : किरण संवाददाता

गौतमबुद्ध नगर में अलग-अलग विधानसभा में लगे पुलिसकर्मी बूथों पर पहुंचने वाले बुजुर्गों और दिव्यांगों का विशेष ध्यान रख रहे हैं। उन्हें जरूरत के हिसाब से व्हील चेयर उपलब्ध कराई जा रही है और उनका मतदान करवाया जा रहा है। इसके साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पुलिस कमिश्नर अपने दस्ते के साथ जगह-जगह पर निरीक्षण करती हुई दिखाई दे रही हैं। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्ध नगर लक्ष्मी सिंह के निदेर्शानुसार, लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान स्थलों पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा वरिष्ठ/बुर्जुग/दिव्यांग मतदाताओं को मतदान करने में व्हील चेयर आदि उपलब्ध कराकर सहायता प्रदान करते हुए मतदान कराया जा रहा है। गौतमबुद्धनगर की तीन विधानसभा नोएडा, दादरी एवं जेवर में शांतिपूर्ण मतदान जारी है। कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर पुलिस द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करते हुए शांतिपूर्ण मतदान कराया जा रहा है। साथ ही साथ ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल द्वारा वरिष्ठ/बुर्जुग/दिव्यांग मतदाताओं को व्हील चेयर आदि पर मतदान कराने में सहायता प्रदान की जा रही है। पुलिस अधिकारी तीनों जोन में लगातार घूम रहे हैं और कड़ी नजर रखे हुए हैं। बूथों पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को भी चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश का कड़ाई से अनुपालन कराने के संबंध में निर्देशित किया गया है।

## मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने मतदान किया, बोले परिणाम अच्छे आएंगे

गौतमबुद्धनगर । बसपा प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद नोएडा के एक पोलिंग बूथ पर मतदान किया। मतदान केंद्र से बाहर निकलने के बाद उन्होंने जनता से अपील की है कि मतदान जरूर करें। परिणाम बहुत अच्छा आ रहा है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जी ने मतदान करने का हक दिया। जनता आपको जो पार्टी सही लगे उसे वोट दें। यह प्रचार नहीं, बल्कि बहुजन समाज पार्टी के कॉर्डिनेटर होने के नाते मैं यह कहना चाहूंगा कि आप बसपा को वोट कर बहन जी को जिताने का काम करें। चुनाव परिणाम आने के बाद हमें किस पार्टी के साथ जाना है। इसका निर्णय बहन मायावती लेंगी। हम इसलिये अकेले चुनाव लड़ रहे हैं कि हमारे लिये शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा बड़ा मुद्दा है।

## दिल्ली में और गहरा गया है संवैधानिक संकट : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने फिर कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा जेल से सरकार चलाने की जिद के कारण राजधानी में संवैधानिक संकट लगातार गहराता जा रहा है। मुख्यमंत्री की सिफारिश के अभाव में मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव स्थगित हो गए हैं। इसके अलावा नगर निगम के दो लाख बच्चों को किताबें न मिलने पर दिल्ली हाई कोर्ट की जो टिप्पणी आई है वह भी स्थिति की गंभीरता को और उजागर कर रही है। उन्होंने उपराज्यपाल से अनुरोध किया है कि वह स्थिति की नजाकत को देखते हुए केंद्र सरकार को अपनी रिपोर्ट भेजें। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में दो लाख बच्चों को किताबें नहीं मिल पाई जिसके बारे में एक पीआईएल दिल्ली हाई कोर्ट में दायर की गई थी। हाई कोर्ट की बेंच जिसमें एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा थे, यह कहने के लिए मजबूर हो गए कि यह आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार और नगर निगम की असफलता है। कोर्ट ने कहा है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल केवल सत्ता में बने रहने के लिए इस्तीफा नहीं दे रहे जबकि वह जेल में हैं।

# मनीष सिसोदिया और विजय नायर की न्यायिक हिरासत 8 मई तक बढ़ी

कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सह-आरोपी विजय नायर सहित अन्य की न्यायिक हिरासत 8 मई तक बढ़ा दी। आरोपियों को उनकी न्यायिक हिरासत की समाप्ति पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्पेशल जज कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया था। स्पेशल जज ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को आरोपपत्र से संबंधित दस्तावेजों को डिजिटल बनाने में कितना समय लगने की संभावना है, इसपर एक रिपोर्ट देने को कहा है। कार्यवाही के दौरान, ईडी के विशेष लोक अभियोजक नवीन कुमार मट्टा और साइमन बेंजामिन ने आरोप लगाया कि आरोपी व्यक्ति कार्यवाही में देरी कर रहे थे। इस पर अदालत ने बचाव पक्ष से दस्तावेजों की जांच की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। इससे पहले, अदालत ने मामले मां दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और बीआरएस नेता के कविता को 7 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। ईडी ने आरोप लगाया कि केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) कथित शराब घोटाले में उत्पन्न अपराध की आय की प्रमुख लाभार्थी है। ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आरोप लगाया है कि आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं की गईं, लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया, लाइसेंस शुल्क माफ कर दिया गया या कम कर दिया गया और एल-1 लाइसेंस को सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना बढ़ाया गया।

## डेढ़ करोड़ की ड्रग्स के साथ दंपति गिरफ्तार

नई दिल्ली । तिलक नगर और ख्याला थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने 24 अप्रैल को ड्रग्स तस्करी के मामले में करोड़पति दंपति को गिरफ्तार किया है। आरोपियों राजेश राणा उर्फ बंटी और नीलम राणा के पास से डेढ़ करोड़ रुपए की ड्रग्स के साथ 20 लाख रुपए से ज्यादा नकद बरामद हुए। दोनों लंबे समय से ड्रग्स तस्करी कर रहे थे और अब तक 31 से ज्यादा मामले में उनकी संलिप्तता सामने आ चुकी है। पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि एसएचओ विनीत पांडे

# दिल्ली हाईकोर्ट ने जेलों में भीड़भाड़ के कारण विचाराधीन कैदियों की रिहाई की जनहित याचिका की खारिज

नई दिल्ली । दिल्ली उच्च न्यायालय ने जेलों में भीड़भाड़ के मद्देनजर विचाराधीन कैदियों की रिहाई के लिए दिशा-निर्देश की मांग करने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया. कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता गौतम कुमार लाहा द्वारा उठाए गए मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट पहले ही विचार कर रहा है और इस पर विचार करने का कोई कारण नहीं है. हम इस बात से संतुष्ट हैं कि चूंकि वर्तमान याचिका में याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे सीधे तौर पर डब्ल्यू.पी. (सी) 406/2013 में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित हैं और उनकी निगरानी की जा रही है, इसलिए हमें वर्तमान याचिका पर विचार करने का कोई कारण नहीं मिलता. इसलिए वर्तमान याचिका खारिज की जाती है. यह बात पीठ ने 24 अप्रैल के अपने आदेश में कही, जिसमें न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा भी शामिल थे. याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि जनहित याचिका उन विचाराधीन कैदियों के लाभ के लिए दायर की गई थी, जो भीड़भाड़ वाली जेलों में बंद हैं. कोर्ट में याचिकाकर्ता ने प्रार्थना की कि हर महीने कम से कम एक बार बैठक आयोजित करने के लिए एक समिति नियुक्त की जाए. ताकि यह तय किया जा सके कि किस कैदी को रिहा किया जा सकता है. केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं और इसलिए वह शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं. उन्होंने बताया कि नालसा द्वारा तैयार अंडर-ट्रायल समीक्षा समितियों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया को 2018 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा रिकॉर्ड पर लिया गया था. अपने आदेश में अदालत ने कहा कि शीर्ष अदालत ने भीड़भाड़ के कारण प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में अधिक जेल स्थापित करने के महत्वपूर्ण मुद्दे को भी उठाया है और प्रत्येक राज्य सरकार को इस पर ध्यान देने के साथ एक नामित समिति गठित करने के निर्देश जारी किए हैं. इसमें नए जेलों की स्थापना, जेलों में मौजूदा सुविधाओं का विस्तार और प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से कैदियों को सुविधाएं प्रदान करने के कदम शामिल हैं. इस प्रकार वर्तमान याचिका में आग्रह किया गया भीड़भाड़ का मुद्दा सीधे तौर पर सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित रिट याचिका में भी विचाराधीन है. दिल्ली सरकार के स्थायी वकील संतोष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाया गया मुद्दा पहले से ही विचाराधीन है और इसके समाधान के लिए कदम उठाए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि वर्तमान याचिकाकर्ता द्वारा एक अतिरिक्त-न्यायिक तंत्र के रूप में जिस तदर्थ राहत की प्रार्थना की जा रही है, उससे इस अदालत पर ह्यतुच्छह्न याचिकाओं का बोझ बढ़ जाएगा.

# नोएडा, गाजियाबाद में तेजी से बढ़ा सुबह का मतदान प्रतिशत

नोएडा/गाजियाबाद। लोकसभा के दूसरे चरण का मतदान चल रहा है। लोग सुबह से बाहर निकाल कर आ रहे हैं और अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। नोएडा और गाजियाबाद में भी सुबह के वक्त बूथ पर लाइन देखने को मिल रही है। लोग पहले मतदान फिर जलपान की तर्ज पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना चाहते हैं। गाजियाबाद में 9 बजे 10.67 प्रतिशत और गौतमबुद्ध नगर में 12.08 प्रतिशत मतदान हुआ है। गाजियाबाद के लोनी में 12.8 प्रतिशत, मुरादनगर में 11.87 प्रतिशत, साहिबाबाद में 8.25 प्रतिशत, गाजियाबाद में 9.74 प्रतिशत और धौलाना में 13.78 प्रतिशत मतदान हुआ है। गौतमबुद्ध नगर संसदीय क्षेत्र में 9 बजे तक नोएडा में 10.15 प्रतिशत, दादरी में 12.12 प्रतिशत, जेवर में 12.96 प्रतिशत, सिकंदराबाद में 13.54 प्रतिशत और खुर्जा में 13.59 प्रतिशत मतदान हुआ है। सुबह के वक्त लोग बड़ी संख्या में बाहर निकल रहे हैं। बूथ पर बुजुर्ग महिलाएं और पुरुषों की लाइन देखने को मिल रही है।

# दलित विरोधी भाजपा ने एमसीडी मेयर का चुनाव रद्द कर संविधान की हत्या की- आप

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी ने दलित समाज के व्यक्ति को दिल्ली का मेयर नहीं बनने देने को लेकर भाजपा पर तिखा हमला बोला है। आप की वरिष्ठ नेता एवं मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि भाजपा दलित और संविधान विरोधी है। भाजपा ने एमसीडी में दलित को मेयर बनने से रोकने के लिए चुनाव ही नहीं होने दिया। इसको लेकर दिल्लीवालों में भारी आक्रोश है और लोग पूछ रहे हैं कि चुनाव आयोग से अनुमति मिलने के बावजूद भाजपा के एलजी ने मेयर का चुनाव क्यों रद्द किया? एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि भाजपा ने बिना संविधान बदले ही अपनी दादागिरी के बल पर मेयर का चुनाव नहीं होने दिया। दलित समाज भाजपा को इसका जवाब लोकसभा चुनाव में देगा। वहीं, वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने कहा कि भाजपा ने दलित के बेटे को दिल्ली का मेयर बनने रोक कर यह बता दिया है कि बाबा साहब का संविधान नहीं चलेगा, तुम अपने वोट को लेकर घर बैठो, हम चुनाव ही नहीं होने देंगे। दिल्ली नगर निगम की मौजूदा मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय, एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक और आप विधायक दिलीप पांडे ने मेयर का चुनाव रद्द करने को लेकर शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में संयुक्त प्रेसवार्ता की। मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि आज नगर निगम के सदन में मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव होना था। इसके लिए इलेक्शन कमीशन ने भी 24 अप्रैल को परमिशन दे दी थी, लेकिन 25 अप्रैल को अधिकारियों द्वारा मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव की फाइल दिल्ली की चुनी हुई सरकार को नजरअंदाज करके एलजी साहब के पास भेज दी गई। उस फाइल को शहरी विकास मंत्री के पास नहीं भेजा गया। 25 अप्रैल को एलजी साहब ने फाइल पर लिखा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सलाह के बिना उनके पास पीठासीन अधिकारी को नियुक्त करने की कोई शक्ति नहीं है। डॉ. शैली आबेरॉय ने पूछा कि यह किस तरह की राजनीति है। पूरी दिल्ली को पता है कि मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव हर साल होता है। इस बार मेयर दलित समाज से चुनाव जाना था। देश और दिल्ली की जनता बीजेपी की दलित विरोधी मानसिकता को जान चुकी है। दलित विरोधी भारतीय जनता पार्टी हर बार संविधान की धज्जियां उड़ाती रही है। मेयर और डिप्टी मेयर के पहले टर्म में भी बीजेपी के पीठासीन अधिकारी ने असंवैधानिक तरीके से मनोनित पार्षदों के वोट डालने की बात की। आज भी एक साजिश रचते हुए चुनाव को स्थगित कर दिया। यह बाबा साहब के संविधान की हत्या नहीं है तो और क्या है? डॉ. शैली ओबेराय ने कहा कि अब दिल्ली की जनता को भी बीजेपी की मंशा पता हो चुकी है। सब जानते हैं कि दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान पास आ रहा है। इसलिए भाजपा नहीं चाहती है कि लोकसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी से दलित मेयर बने। एमसीडी में आम आदमी पार्टी के पास पूर्ण बहुमत है। इसलिए मेयर और डिप्टी मेयर आप का बनना तय था। लेकिन चुनावी प्रक्रिया को रोक दिया गया। उन्होंने पूछा कि चुनाव आयोग की इजाजत के बावजूद एलजी ने आम आदमी पार्टी के एक दलित को मेयर बनने से क्यों रोका? यह बहुत दुखद बात है कि आज पूरे देश, दिल्ली और दिल्ली नगर निगम में तानाशाही चल रही है। दिल्ली की जनता जान गई है कि भाजपा हर बार तानाशाही के जरिए अपनी सरकार बनाना चाहती है। डॉ. शैली ओबेराय ने कहा कि भाजपा ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भी बेईमानी से अपना मेयर बनाया था, लेकिन इनकी बेईमानी का सीसीटीवी कैमरे में पकड़ी गई और पूरे देश को पता चल गया कि भाजपा ने वोट चोरी करके अपना मेयर बनाया है।

# बीजेपी का आप पर गंभीर आरोप, कहा- विकास से जुड़ी 3600 फाइलें केजरीवाल व उनके मंत्रियों की टेबल पर लंबित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली में आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच जुबानी जंग जारी है. अब एक बार फिर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने केजरीवाल सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार एक अकर्मण्य एवं असंवैधानिक व्यवस्था से चलती आ रही सरकार है. दिल्ली सरकार की हठधर्मी के चलते आज दिल्ली में विकास एवं प्रशासन से जुड़ी 3060 से फाइलें मुख्यमंत्री एवं उनके मंत्रियों के पास लंबित हैं.

सचदेवा ने कहा कि वर्षों से धूल फांकती 3 हजार से अधिक फाइलों का सच सामने आने से यह प्रमाणित हुआ केजरीवाल सरकार प्रशासन की नहीं, प्रचार की सरकार है. यह तो सबको मालूम था कि मुख्यमंत्री अक्रमणय व्यक्तित्व के हैं. कोई विभाग की जिम्मेदारी नहीं लेते. उनका जैसा चरित्र है उतनी ही फाइलें (420 प्रशासनिक फाइलें) उनकी टेबल पर पड़ी है. यह आंकड़ा खुद में बहुत कुछ कहता है. 420 का रिश्ता धोखाधड़ी से है. और इतनी फाइलें लटकाना जनता के साथ विश्वासघात है.

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि केजरीवाल सरकार केवल अक्रमणय एवं धोखेबाज ही नहीं है, इस सरकार की प्रकृति असंवेदनशील भी है. दिल्ली सरकार ने गरीबों की संजीवनी आयुष्मान भारत योजना लागू करने की फाइल लटका रखी है. साथ ही सरकार ने वरिष्ठ नागरिक परिषद एवं महिला आयोग पुनर्गठन की फाइल भी लटका रखी है. केजरीवाल सरकार और भ्रष्टाचार का चोली दामन का साथ है.

सचदेवा ने आगे कहा कि दिल्ली में पानी एक बड़ी समस्या है और शर्मनाक रूप से दिल्ली जल नीति से जुड़ी फाइल 7 साल से अटकी है. इसी तरह सरकार ने दिल्ली बाढ़ नियंत्रण बोर्ड के पुनर्गठन की फाइल, दिल्ली देहात के गांवों में विकास फंड लगाने की फाइल, अनधिकृत कॉलोनियों के विकास से जुड़ी फाइल, मंत्रियों के पास लटकी है. भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हर बात पर मीडिया में राजनीतिक विलाप करने वाली केजरीवाल सरकार आज दिल्ली की जनता को मीडिया में आकर जवाब दें, क्यों मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों के पास 3060 फाइलें वर्षों से अटकी है.

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शनिवार, 27 अप्रैल, 2024

## दलित को दिल्ली का मेयर बनने से रोकने के खिलाफ आप का भाजपा-एलजी के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन

### भाजपा के एलजी ने दलित समाज के व्यक्ति को एमसीडी का मेयर बनता देख चुनाव को रद्द कर दिया- आप

- भाजपा के एलजी ने पहले ही मेयर का चुनाव नहीं कराने का प्लान बना लिया था, तभी मंत्री से फाइल पर अनुशंसा लेने की कोशिश नहीं की- दुर्गेश पाठक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी ने दिल्ली नगर निगम के मेयर का चुनाव रद्द करने के विरोध में शुक्रवार को सिविक सेंटर में भाजपा और एलजी के खिलाफ जबरदस्त विरोध-प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के सभी पार्षद सिविक सेंटर में लगी बाबा साहब की विशाल प्रतिमा के सामने इकट्ठे हुए और एलजी व भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ह्यआपह्ल के पार्षदों ने भाजपा और एलजी को दलित विरोधी बताया और कहा कि भाजपा-एलजी संविधान की हत्या कर रहे हैं और यह देश की जनता को बर्दाश्त नहीं है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि भाजपा और एलजी ने दलित समाज के व्यक्ति को एमसीडी का मेयर बनता देख चुनाव को रद्द कर दिया है। इसको लेकर दिल्लीवालों में भाजपा और एलजी के खिलाफ जबरस्त गुस्सा है। आम आदमी पार्टी इस मामले को लेकर कोर्ट तक जाएगी।

एमसीडी मेयर का चुनाव रद्द करने को लेकर दुर्गेश पाठक ने कहा कि भाजपा के एलजी को सीएम से अनुशंसा ले लेनी चाहिए, उनको अनुशंसा लेने से किसने रोका है। सीएम किसी मंत्री को नियुक्त कर देते और वो एलजी को अनुशंसा दे देता। लेकिन एलजी की नीयत तो पहले से ही खराब थी। एलजी ने मेयर चुनाव की फाइल मंत्री को नहीं भेजा। भाजपा के एलजी ने शहरी विकास विभाग के सेक्रेटरी से फाइल मुख्य सचिव को भिजवाया और मुख्य सचिव ने फाइल सीधे एलजी के पास भेज दी। एलजी ने तो फाइल पर मंत्री की अनुशंसा लेने की कोशिश ही नहीं की। इससे साफ है कि भाजपा और एलजी ने पहले से ही पूरा प्लान बना रखा था कि मेयर का चुनाव नहीं कराना है। क्योंकि भाजपा और एलजी भारत के संविधान में भरोसा नहीं रखते हैं, बाबा साहब के बनाए हुए संविधान में भरोसा नहीं रखते हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा और एलजी दिल्ली के अंदर दलित मेयर नहीं बनने देना चाहते हैं। जबकि दिल्ली के मेयर का पद एक साल के लिए दलित प्रत्याशी के लिए आरक्षित होता है। भाजपा और एलजी यह अधिकार दलित समाज को नहीं देना चाहते हैं। चुनाव रद्द करने के बाद भाजपा और एलजी पूरी तरह से एक्पोज हो गए हैं। इनका दलित और संविधान विरोधी चेहरा पूरी तरह से बाहर आ गया है। आम आदमी पार्टी मेयर चुनाव कराने के लिए कोर्ट का भी रूख कर सकती है। हम इसे बहुत बड़ा मुद्दा बनाएंगे, क्योंकि दिल्ली के लोगों के अंदर मेयर का चुनाव रद्द करने को लेकर बहुत ज्यादा गुस्सा है। भाजपा के लोग हर दिन संविधान बदलने की धमकी देते हैं। भाजपा संविधान को बदल भी रही है। इसलिए देश के लोग भाजपा से अब परेशान हो चुके हैं।

दलित मेयर न चुने जाने की खुशी में जमकर नाचे भाजपा पार्षद

शुक्रवार को एमसीडी में मेयर-डिप्टी मेयर का चुनाव होना था। इस बार मेयर का टर्म दलित समाज के लिए सुरक्षित था, लेकिन एलजी ने चुनाव कराने की अनुमति नहीं दी। शुक्रवार सुबह जब भाजपा के पार्षद एमसीडी के सदन में पहुंचे तो चुनाव न होने की खुशी उनके चेहरे पर साफ दिखी। भाजपा पार्षदों ने गाना चलाया और उस पर जमकर नाचे और दलित मेयर न चुने जाने की खुशी मनाई। आम आदमी पार्टी ने भाजपा पार्षदों के इस व्यवहार की कड़ी निंदा की है। ह्यआपह्ल का कहना है कि लोकतंत्र और संविधान की हत्या कर भाजपा जश्न ने मनाया। भाजपा पार्षदों ने दलित के बेटे को मेयर बनने से रोकने के बाद एमसीडी सदन में नाचना शुरू कर दिया। भाजपा का यह घिनौना चेहरा आज फिर देश की जनता ने देख लिया।

## दिल्ली में ड्रग तस्करी के आरोप में पति-पत्नी गिरफ्तार, 20 लाख की हेरोइन बरामद

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में ड्रग तस्करी के आरोप में पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि उनके पास से 20 लाख रुपये से अधिक की हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान तिलक नगर निवासी राजेश राणा उर्फ बंटी (44) और उनकी पत्नी नीलम राणा (43) के रूप में हुई है। राजेश राणा 23 आपराधिक मामलों और उनकी पत्नी आठ मामलों में शामिल पाए गए हैं। पश्चिम दिल्ली के डीसीपी विचित्र वीर ने कहा, अपराधी घोषित नीलम राणा को पकड़ने के लिए तकनीकी और मैनुअल निगरानी रखी गई थी। बुधवार को तिलक नगर में नीलम की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी मिली थी। इसी के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर नीलम और उसके पति को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 798.30 ग्राम हेरोइन/स्मैक बरामद हुई। इसकी कीमत 20 लाख 49 हजार 130 रुपये बताई जा रही है। डीसीपी ने आगे कहा कि पुलिस ने हेरोइन को जब्त कर लिया। तिलक नगर थाने में एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत केस दर्ज किया गया है और आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## 2 करोड़ की रंगदारी के लिया किया था रोहिणी में फायरिंग

- शार्प शूटर को क्राइम ब्रांच ने दबोचा, पिस्टल, गोली बरामद

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



क्राइम ब्रांच की टीम ने नरेश सेठी और अक्षय गैंग के शार्प शूटर को गिरफ्तार किया है। जिसकी तलाश बुध विहार में प्रॉपर्टी डीलर के यहां पर हुई फायरिंग के मामले में थी। इसके पास से सोफिस्टिकेटेड सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल और चार जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार सूटर की पहचान मोहित के रूप में हुई है। यह संपला रोहतक हरियाणा का रहने वाला है। गिरफ्तारी के दौरान इसने हथियार से पुलिस पर हमला करने की कोशिश भी किया था।

वारदात के बाद से यह फरार चल रहा था यह मर्डर, लूट, एक्सटॉर्शन के कई मामलों में दिल्ली और हरियाणा में शामिल रहा है। इसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने दिल्ली और हरियाणा में कई जगह छापेमारी की थी। डीसीपी सतीश कुमार ने बताया कि एसीपी विवेक त्यागी की देखरेख में पुलिस की टीम ने इसके बारे में पता लगा करके गिरफ्तार किया। 27 फरवरी को बुद्ध विहार इलाके में फायरिंग की वारदात हुई थी। रोहिणी सेक्टर 24 में स्थित लकी प्रॉपर्टी के ऑफिस पर कई राउंड गोलियां चलाई गई थी और गैंगस्टर नरेश उर्फ सेठी की तरफ से दो करोड रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। उस मामले में पुलिस छानबीन कर रही थी और इसका भी पता लगाने की कोशिश किया जा रहा था। आखिरकार हेड कांस्टेबल नरेंद्र और राजेश को एक इनफार्मेशन मिली। जिसके आधार पर पुलिस टीम ने फिर पूरे मामले की छानबीन की और पुलिस ने फिर ट्रैप लगाया। सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र, अमित प्रजापति इत्यादि की टीम ने सेक्टर 11 रोहिणी में छापा मारकर सुबह में इसे पकड़ा। जिस समय पुलिस इसे दबोचने की कोशिश कर रही थी, इस दौरान मौका देखकर उसने अपना पिस्तौल निकालकर पुलिस पर चलने की कोशिश की। जिसमें वह कामयाब नहीं हो सका, फिर तलाशी में उसके पास से हथियार और कारतूस बरामद किए गए। इसके खिलाफ क्राइम ब्रांच थाना में मामला भी दर्ज किया गया।

पूछताछ में पता चला कि हिसार जेल में इसकी मुलाकात नरेश सेठी गैंग के दूसरे मेंबर से हुई थी। उसके बाद से यह उसके गैंग के लिए बाहर निकलने के बाद काम करने लगा। जिसमें शूटर ने अपने साथियों के साथ मिलकर शराब ठेकेदार की हत्या की थी। जिसमें 100 से ज्यादा गोलियां चलाई गई थी। उस मामले में इसे गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था। लगभग 6 महीने पहले यह जेल से जमानत पर छूटकर बाहर आया था। यह गैंगस्टर नरेश उर्फ सेठी के भतीजे अक्षय के संपर्क में सोशल मीडिया के जरिए रहता था। इसका इस्तेमाल गैंग, फायरिंग करके एक्सटॉर्शन मनी की डिमांड करने में करता था। इसे गैंगस्टर अक्षय ने ही हथियार उपलब्ध कराया था प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस पर फायरिंग करने के लिए और दो करोड रुपए की रंगदारी मांगने के लिए। पुलिस की गिरफ्त में पकड़ा गया बदमाश ।

## 1.5 करोड़ का ड्रग्स और 20.49 लाख का कैश बरामद

- ड्रग तस्करी में पति और पत्नी हुई तिलक नगर से गिरफ्तार
- दोनो पर कुल 31 मामले हैं पहले से दर्ज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



तिलक नगर और ख्याला थाना की जॉइंट पुलिस टीम ने ड्रग तस्करी के मामले में करोड़पति पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान राजेश राणा उर्फ बंटी और नीलम राणा के रूप में हुई है। राजेश पहले से 23 मामलों में और उसकी पत्नी नीलम आठ मामलों में शामिल रही है। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि उनके पास से ड्रग्स के साथ साथ 20 लाख से ज्यादा के कैश भी बरामद किए गए हैं। यह दोनों तिलक नगर 7 ब्लॉक इलाके के रहने वाले हैं। काफी अरसे से यह ड्रग तस्करी सहित दूसरे गोरख धंधे में शामिल रहे हैं। पुलिस के अनुसार एसआई अनिल तेवतिया को इनके बारे में जानकारी मिली थी। जिसके आधार पर पुलिस टीम ने पूरा पता लगाया। उसके बाद एसीपी सुरेंद्र सिंह राठी की देखरेख में एसएचओ विनीत पांडे और विनोद अहलावत की टीम ने छापा मारा। वहां से फाइन क्वालिटी की 790 ग्राम से ज्यादा की हीरोइन बरामद की गई। जिसकी कीमत डेढ़ करोड़ से ज्यादा बताई जा रही है। आरोपियों के घर से से 20 लाख 49 हजार से ज्यादा कैश भी बरामद किया गया। आगे की कारवाई की जा रही है।

## रावण और बम इलाके में फैला रहे थे दहशत

- कापसहेड़ा में हथियार की नोक पर की लूट
- राजेश भाटी गैंग के दो बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




राजेश भाटी गैंग के दो बदमाशों को कापसहेड़ा थाना की पुलिस टीम ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक सोफिस्टिकेटेड पिस्टल, देसी तमंचा, चार जिंदा कारतूस, लूटा गया मोबाइल बरामद किया है। ये कापासेड़ा थाना के एक और मामले में वांटेड चल रहे थे। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों की पहचान ऋतिक उर्फ बम और रावण के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार 24 अप्रैल को एक शख्स से शाम के समय हथियार की नोक पर उस डरा धमका कर वारदात को अंजाम दिया गया था। उस मामले की शिकायत मिलने पर

एसीपी सत्यजीत शरीन की देखरेख में एसएचओ नवीन कुमार, एसआई दीपक लॉयल, हेड कांस्टेबल आलोक, दीपक और कांस्टेबल अजय की टीम ने मामले की छानबीन शुरू की। सीसीटीवी फुटेज की मदद से बदमाशों के बारे में पता लगाना शुरू किया और फिर इन दोनों को ट्रैक करने में कामयाब रही। इनके पास से पिस्टल, कारतूस, मोबाइल बरामद किए गए। आगे की छानबीन की गई तो पता चला कि यह दोनों राजेश भाटी गैंग के मेंबर हैं। अपने इलाके में दबदबा बनाने के लिए हथियार लेकर चलते हैं। हथियार की नोक पर ही लूटपाट की वारदात को अंजाम देते हैं। इनके एक तीसरी नाबालिक साथी को भी हिरासत में लिया गया है और उसके खिलाफ जुवनाइल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## 2 स्पाइडर मैन को क्यों पुलिस ने बुला लिया थाना ?

- थमा दिया मोटा चालान, बाइक को किया गया बुक
- निकले दोनो नजफगढ़ के बॉयफ्रेंड और गर्लफ्रेंड
- सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था वीडियो



सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था। जिसमें एक बाइक पर सवार दो लोग स्टंट करते नजर आ रहे थे। खतरनाक तरीके से बाइक चलाते नजर आ रहे थे। पुलिस को उनके बारे में जानकारी मिली। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि उस मामले की जानकारी मिलने के बाद नजफगढ़ पुलिस ने छानबीन शुरू की। बाइक सवारों के बारे में पता लगाना शुरू किया गया। दोनो नजफगढ़ के मकसूदाबाद कॉलोनी और गोपाल नगर के रहने वाले निकले। उनकी पहचान आदित्य और अंजलि के रूप में हुई है, दोनों गहरे दोस्त हैं। उनकी बाइक को अलग-अलग धाराओं में बुक किया गया है और ट्रैफिक पुलिस के द्वारा चालान भी किया गया। जिसमें बिना हेलमेट पहने, बिना मिरर लगाए, बिना लाइसेंस, खतरनाक तरीके से ड्राइविंग करने और नंबर प्लेट ढंग से डिस्प्ले नहीं होने के चार्ज लगाए गए हैं।

## 998 क्वार्टर शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**संवाददाता।** राजौरी गार्डन थाना की पुलिस टीम ने शराब तस्करी के एक मामले का खुलासा किया है। इस मामले में एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान आशु के रूप में हुई है। यह रघुवीर नगर इलाके का रहने वाला है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि इसके पास से 998 क्वार्टर शराब का बरामद किया गया है। जो सिर्फ हरियाणा में ही बिकने के लिए मान्य थी। एसएचओ सुमन कुमार की टीम को एक सूचना मिली थी की रघुवीर नगर इलाके में एक सख्स हरियाणा से शराब की खेप लाकर आगे बेच रहा है। उस सूचना पर पुलिस टीम ने छापा मारा और उसके ठिकाने से शराब की खेप बरामद की गई। दिल्ली एक्साइज एक्ट के तहत राजौरी गार्डन थाना में मामला दर्ज करके आशु को गिरफ्तार कर लिया।

## मेयर चुनाव पर नगर निगम की बैठक के पहले आप और भाजपा पार्षदों ने किया सदन में हंगामा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



मेयर चुनाव मामले पर दिल्ली नगर निगम की बैठक के पहले शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पार्षदों के बीच जमकर हंगामा हुआ। आप का आरोप है कि भाजपा मेयर चुनाव नहीं होने देना चाहती है। भाजपा दलित समाज से मेयर नहीं बनने देना चाहती है। बाद में आप के पार्षदों ने दिल्ली नगर निगम स्थित सिविल सेंटर में डॉ. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा के सामने विरोध-प्रदर्शन किया। इस हंगामे की वजह से आज होने वाली बैठक स्थगित कर दी गई।

दिल्ली में मेयर चुनाव स्थगित होने के बाद आज दिल्ली नगर निगम की बैठक रखी गई थी। इसमें जोरदार हंगामा देखने को मिला। नगर निगम की बैठक शुरू होने से पहले ही आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। निगम मुख्यालय पहुंचे आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने अंबेडकर प्रतिमा के पास हाथों में दलित विरोधी लिखी हुई तख्तियों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। हंगामे के बाद आप नेता और मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव में भी चंडीगढ़ मेयर चुनाव की तरह गड़बड़ी की आशंका जताई। उन्होंने कहा, दिल्ली में मेयर के चुनाव होने हैं, लेकिन पीठासीन अधिकारी के नाम वाली फाइल उनके पास नहीं भेजी गई है। सौरभ ने दिल्ली मेयर चुनाव में भाजपा के पार्षद को पीठासीन अधिकारी चुनने की साजिश की आशंका जताई है।

सौरभ ने कहा कि दिल्ली के पिछले मेयर चुनाव में आप सबसे बड़ी पार्टी थी। नियम के अनुसार सबसे सीनियर पार्षद को पीठासीन अधिकारी बनाया जाता है, लेकिन लेफ्टिनेंट गवर्नर ने भाजपा का एक पार्षद बनाया और बेईमानी से वोट डलवाने की कोशिश की।

## लोस चुनाव: आप के लिए चुनाव-प्रचार करेंगी सुनीता, शनिवार को पूर्वी दिल्ली में रोड शो करेंगी

- प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने से आप का चुनाव-प्रचार अभियान बहुत प्रभावित हुआ है।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता





दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के लिए चुनाव-प्रचार करेंगी। पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शुक्रवार को इस बात का एलान किया।

आतिशी ने बताया कि वह शनिवार को पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर एक रोड शो करने के साथ अपने चुनाव-प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगी।

दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, सुनीता केजरीवाल दिल्ली की जनता से आम आदमी पार्टी (आप) के लिए मत और आशीर्वाद मांगेंगी। आतिशी ने कहा, वह दिल्ली, पंजाब, गुजरात और हरियाणा में पार्टी के लिए चुनाव-प्रचार करेंगी। वह शनिवार को पूर्वी दिल्ली में अपना पहला रोड शो करेंगी और फिर रविवार को पश्चिमी दिल्ली में एक और रोड शो करेंगी। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने से आप का चुनाव-प्रचार अभियान बहुत प्रभावित हुआ है। ऐसे में सुनीता केजरीवाल उनकी अनुपस्थिति में चुनाव-प्रचार को गति देने के लिए खुद रोड शो करेंगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री की न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ा दी गई है। दिल्ली में कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लोकसभा चुनाव लड़ रही आप ने पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली और नई दिल्ली सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं जबकि कांग्रेस ने उत्तर पूर्वी दिल्ली, उत्तर पश्चिमी दिल्ली और चांदनी चौक सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। ईडी द्वारा 21 मार्च को मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किए जाने के बाद से सुनीता केजरीवाल अपने पति और आप के विधायकों के बीच संचार के माध्यम के रूप में काम कर रही हैं। उन्होंने अब तक तीन बार डिजिटल माध्यम से प्रेस वार्ता को संबोधित किया है, जिसमें उन्होंने मुख्य रूप से मुख्यमंत्री के संदेशों को लोगों और दिल्ली कैबिनेट मंत्रियों तक पहुंचाया है।

## दिल्ली में युगांडा की महिला पर हमला और लूटपाट

### गुरुवार की रात वारदात, घायल महिला हॉस्पिटल में भर्ती



संवाददाता

साउथ दिल्ली के महरौली थाना इलाके में युगांडा की रहने वाली एक महिला का साथ लूटपाट और हमला करके घायल करने का मामला सामने आया है। इस मामले की पुष्टि करते हुए डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि 25 अप्रैल की आधी रात 12 बजे पीसीआर कॉल मिली थी। इसमें बताया गया कि एक महिला घायल हालत में सड़क किनारे पड़ी हुई है। मौके पर पुलिस टीम पहुंची। पीड़ित 27 साल की युगांडा की रहने वाली महिला को तुरंत पीसीआर के द्वारा अस्पताल ले जाया गया। उसने बाद में पुलिस को बताया कि वह रात 10:45 बजे के आसपास फूल मंडी 100 फुटा रोड छतरपुर पहाड़ी और से टहलती हुई जा रही थी। इस दौरान अचानक दो लड़के वहां पहुंचे और उसके पीछे-पीछे अपने कुत्ते के साथ चलने लगे। वह कुत्ते से डर गई और उससे दूर हटने की कोशिश करने लगे। फिर उन लड़कों ने महिला को पीछे से पकड़ लिया। उसके साथ हाथापाई शुरू की, उसके कपड़े फाड़ दिया और उसका पर्स छीन लिया। जिसमें 800 रुपए और चांदी की अंगूठी रखी हुई थी। उसके बाद उन लड़कों ने महिला के सर पर पत्थर मार दिया और मौके से फरार हो गए।

पीड़ित महिला ने बताया की वह फिलहाल मेहरौली के छतरपुर में रह रही थी। उसके बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और सीसीटीवी फुटेज के साथ लोकल इंटेलीजेंस की मदद से छानबीन शुरू की। जिन लड़कों ने उसपर हमला किया था उसकी पहचान मनोज उर्फ कन्नू और रिंकू कश्यप के रूप में की गई। इन दोनों को सतबरी गांव से पुलिस ने पकड़ लिया। यह दोनों ड्रग एडिक्ट हैं। पकड़े जाने के समय भी हल्के नशे में थे।

## एमसीडी इलेक्शन कैंसिल होने पर बीजेपी पर जमकर बरसे संजय सिंह, बताया दलित विरोधी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में एमसीडी के चुनाव कैंसिल होने पर आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने बीजेपी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा है कि यह पार्टी और संघ के लोग दलित विरोधी हैं। ये लोग यह देखना नहीं चाहते कि कोई भी दलित किसी बड़ी कुर्सी पर बैठे। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि भाजपा के एलजी ने एमसीडी इलेक्शन को कैंसिल कर दिया है। संजय सिंह ने कहा कि बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर ने अधिकार दिया था कि 5 साल में एक बार मेयर की कुर्सी पर दलित का बेटा बैठेगा। वह अधिकार भी भाजपा ने खत्म कर दिया। दिल्ली में भी चुनाव खत्म कर दिया और कहा कि दलित का बेटा इस मेयर की कुर्सी पर नहीं बैठ सकता। बीजेपी ने अपना एक मोहर तैयार किया। भाजपा के एलजी ने कहा कि बगैर मुख्यमंत्री की सलाह के हम पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं कर सकते। उन्होंने बताया कि 1 साल पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा था कि सबसे वरिष्ठ पार्षद को मेयर के चुनाव में पीठासीन अधिकारी बनाया जाए और मुकेश गोयल का नाम उन्होंने भेजा था।दिल्ली के एलजी ने वह पेपर फाड़ के फेंक दिया। एलजी ने भाजपा पार्षद सत्य शर्मा को पीठासीन अधिकारी बनाया था। उन्होंने कहा कि मेरा आरोप बिल्कुल सिद्ध साबित होता है कि भारतीय जनता पार्टी दलित विरोधी है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान की विरोधी भारतीय जनता पार्टी ने अपने लोगों से झूठ बुलवाया है। संजय सिंह ने एक पत्र दिखाते हुए कहा कि यह वह पत्र है जिसमें सत्य शर्मा को पीठासीन अधिकारी बनाया गया था बिना, मुख्यमंत्री की सलाह लिए। दलित विरोधी भाजपा ने चंडीगढ़ में भी यही काम किया। एक सफाई कर्मी का बेटा मेयर की कुर्सी पर बैठने जा रहा था, तो वोट में गड़बड़ी कर उसको मेयर बनने से रोका। इतनी घृणा और इतनी नफरत है उनके मन में कि ये मंदिरों में दलितों के प्रवेश को भी रोकते हैं। आज भी पूरे देश में दलित और पिछड़ों का आरक्षण मारा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एलजी ने पिछली बार भाजपा के 10 कार्यकताओं को पार्षद नामित कर दिया। मामला सर्वोच्च न्यायालय में गया और सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि नामित लोगों को वोट करने का अधिकार नहीं है। आज भी यह मामला कोर्ट में लंबित है, जिसकी वजह से स्टैंडिंग कमेटी का चुनाव नहीं हो पा रहा है। संजय सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बाबा भीमराव अंबेडकर के लिखे संविधान को खत्म करना चाहती है। बीजेपी इस देश में दलित, शोषितों आदिवासियों, वंचितों के लिए संविधान में दिए गए आरक्षण को खत्म करना चाहती है।

## आप लोकसभा प्रत्याशियों के लिए प्रचार करने उतरेंगी सुनीता केजरीवाल

- भाजपा जान ले- दिल्ली,पंजाब और पूरे देश के लोग अरविंद केजरीवाल जी के साथ खड़े है; जनता केजरीवाल जी को अपना आशीर्वाद और आप को वोट जरूर देगी-आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




सुनीता केजरीवाल दिल्ली और देश के लोगों से अरविंद केजरीवाल जी के लिए आशीर्वाद माँगने और आप लोकसभा प्रत्याशियों के लिए प्रचार करने उतरेंगी। वरिष्ठ आप नेता और दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि, सुनीता केजरीवालशनिवार को पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में मेगा रोड शो के साथ प्रचार की शुरूआत करेंगी और 28 अप्रैल को पश्चिमी दिल्ली में मेगा रोड शो के साथ जनता से अरविंद केजरीवाल जी के लिए आशीर्वाद माँगेंगी। वो दिल्ली के बाद पंजाब, गुजरात और हरियाणा में भी आप

प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगी।

आतिशी ने कहा कि, अरविंद केजरीवाल जी को गिरफ़्तार करने का भाजपा का दाव सौ प्रतिशत उल्टा पड़ गया है। पूरे देश में जनता केजरीवाल जी की गिरफ़्तारी का विरोध कर रही है और वोट से गिरफ़्तारी का जबाव देगी। उन्होंने कहा कि, भाजपा जान ले- दिल्ली,पंजाब और पूरे देश के लोग अरविंद केजरीवाल जी के साथ खड़े है; जनता केजरीवाल जी को अपना आशीर्वाद और ह्यआपह्ल को वोट जरूर देगी।

आतिशी ने कहा कि, लोकसभा चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद, आचार संहिता लगने के तुरंत बाद भाजपा शासित केंद्र सरकार और उनके राजनीतिक हथियार ईडी ने दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री को गिरफ़्तार कर लिया गया। उन्हें चुनाव की घोषणा से पहले इसलिए गिरफ़्तार किया गया क्योंकि भाजपा को अरविंद केजरीवाल जी से डर लगता है। भाजपा ये नहीं चाहती थी कि अरविंद केजरीवाल जी चुनावी मैदान में उतरे। इसलिए उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया।

उन्होंने कहा कि, मैं भाजपा को ये बताना चाहती हूँ कि उनका ये दाव सौ प्रतिशत उल्टा पड़ गया है। चाहे दिल्ली-पंजाब हो या देश के बाकी हिस्से हो वहाँ आम जनता अरविंद केजरीवाल जी की गिरफ़्तारी का विरोध कर रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की तानाशाही का विरोध कर रही है, लोकतंत्र पर इस हमले का विरोध कर रही है और लोग एक स्वर में कह रहे है कि हम अरविंद केजरीवाल जी की गिरफ़्तारी का जबाब अपने वोट से देंगे।

आतिशी ने कहा कि, अरविंद केजरीवाल जी की गिरफ़्तारी के विरोध में, अरविंद केजरीवाल जी के लिए आशीर्वाद माँगने और ह्यआपह्ल प्रत्याशियों के लिए वोट माँगने के लिए अरविंद केजरीवाल जी की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल जी खुद प्रचार में उतरेंगी। वो दिल्ली के लोगों से, पंजाब के लोगों से, गुजरात के लोगों से, हरियाणा के लोगों से अरविंद केजरीवाल जी के लिए आशीर्वाद माँगेंगी।

उन्होंने कहा कि, कल 27 अप्रैल से सुनीता केजरीवाल जी द्वारा प्रचार की शुरूआत पूर्वी दिल्ली से होगी। वो कल पूर्वी दिल्ली में रोड शो करेंगी और अरविंद केजरीवाल जी के लिए पूर्वी दिल्ली के लोगों से आशीर्वाद माँगेगी। 28 अप्रैल को सुनीता केजरीवाल जी पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में रोड शो करेंगी और अरविंद केजरीवाल जी के लिए लोगों से आशीर्वाद माँगेंगी।

आतिशी ने कहा कि, मैं भाजपा को ये बताना चाहती हूँ कि दिल्ली, पंजाब और पूरे देश के लोग अरविंद केजरीवाल जी के साथ खड़े है, अरविंद केजरीवाल जी के गिरफ़्तारी के विरोध में खड़े है और उन्हें अपना आशीर्वाद जरूर देंगे, आम आदमी पार्टी को वोट जरूर देंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### अंग्रेजी शराब व बीयर का बोतल बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार



जमुई/सोनो। सोनो पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के सोनो बाजार के पास छापामारी कर अवैध रूप से कुल 197.505 लीटर छोटा बड़ा अंग्रेजी शराब व 136.5 लीटर बीयर बोतल को बरामद किया। गिरफ्तार व्यक्ति में परितोष कुमार पिता राजेश शर्मा, राजेश शर्मा पिता स्वर्गीय जगदीश शर्मा, रिशु कुमार पिता पंकज सिंह तीनो ग्राम सोनो को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम करवाई कर तीनों युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# जिला सीमा चेक पोस्ट पर एसएसटी टीम ने किया 400 कफ सिरप जब्त

● मेडिकल स्टोर मालिक समेत कार चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज



प्रात: किरण, संवाददाता

मुरलीगंज मधेपुरा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला सीमा चेक पोस्ट गौशाला चौक से पूरब गुरुवार को वाहन जांच के दौरान एक कार से 4 कार्टून कफ सिरप बरामद किया गया। जांचोपरांत मजिस्ट्रेट के द्वारा बरामद कफ सिरप को जब्त कर कार चालक तथा मेडिकल स्टोर दुकानदार को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। बरामद सिरप की जप्ती सूची बनाकर कार चालक समेत मेडिकल स्टोर दुकानदार को थाना को सुपुर्द कर दिया गया। मजिस्ट्रेट रोशन राजा ने बताया कि जिला सीमा चेक पोस्ट गौशाला चौक से पूरब गुरुवार को पुलिस पदाधिकारी एसआई विकास कुमार मिश्रा के साथ सघन जांच कर रहे थे। इसी क्रम में एक कार की जांच की गई। जिसमें 4 कार्टून (400 पीस) कफ सिरप बरामद हुआ। इस दौरान सीओ किसलय कुमार भी मौके पर मौजूद थे। मेडिकल दुकानदार द्वारा बिना बेच नंबर का बिल दिखाया गया। इसके कारण संदेह के घेरे में आ गया। बताया कि ड्रग इंस्पेक्टर समेत मेडिसिन से संबंधित अधिकारियों के द्वारा जांचोपरांत के बाद ही सिरप कोडीन युक्त है या कोडीन फ्री है इसकी पुष्टि हो पाएगी। कार सवार की पहचान कुमारखंड निवासी सुमन कुमार तथा दीपक कुमार के रूप में किया गया।

वही कुमारखंड स्थित मां ड्रग स्टोर के मालिक दीपक कुमार ने बताया कि वे ईस्ट रजनी चौक पूर्णियां स्थित राधा फार्मा से बजावते बिल के साथ 400 पीस विसकोफ डीएक्स सिरप सिरप की खरीद कर कुमारखंड जा रहे थे। इसी क्रम में उनके कार की तलाशी ली गई और जप्त कर थाना लाया गया। बताया कि मेडिकल स्टोर में विसकोफ डीएक्स सिरप बेचने पर कोई पाबंदी नहीं है।

मामले की जांच के लिए थाना पहुंचे ड्रग इंस्पेक्टर राजीव राज ने बताया कि मजिस्ट्रेट द्वारा दवाई की बरामदगी की सूचना के आधार पर थाना आकर दवाई का सैंपल लिया गया है। सैंपल को जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद विधि संवत करवाई की जाएगी।

मामले में थाना प्रभारी मंजू कुमारी ने बताया कि कांड संख्या 178/24 धारा 420 भादवि एवं 21 (सी) एनडीपीएस एक्ट एवं 30 ए बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2018 के तहत मामला दर्ज कर उक्त दोनों कार सवार को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

# मेट का समीक्षात्मक बैठक आयोजित



प्रात: किरण, संवाददाता

आलमनगर,मधेपुरा आलमनगर सभागार में कार्यक्रम पदाधिकारी के अध्यक्षता में सभी पंचायत से मेट का समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। वही इस दौरान कार्यक्रम पदाधिकारी सह मनरेगा पीओ रेजा इकबाल ने सभी पंचायत से आए हुए जीविका दीदी को मेट के रूप में चयनित किया गया। जिससे चल रहे योजनाओं में लेबर को हाजिरी लगाना एवं कार्यक्रम को गुणवत्ता बरकरार रहे एवं कार्य प्रदर्शिता से चले इसलिए बैठक आयोजित की गई। वही इस दौरान मनरेगा पीओ रेजा इकबाल ने बताया कि मनरेगा से प्रखंड के किसी भी पंचायत में योजना गुणवत्तापूर्ण चले इसको लेकर जीविका दीदी को मेट के रूप में चयनित किया गया है। मौके पर कनीय अभियंता मधुकर कुमार, पंचायत तकनीकी सहायक आशीषकुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर संतोष कुमार, एवं जीविका दीदी उपस्थित थे।

# भीषण अगलगी की घटना में सैकड़ों घर जलकर खाक, एक व्यक्ति की झुलस कर मौत



प्रात: किरण, संवाददाता

जंदाहा। गुरूवार का दिन दुलौर वासियों के लिए काला दिन साबित हुआ।प्रखंड क्षेत्र के बुचौली पंचायत अंतर्गत दुलौ र ग्राम में दिन के लगभग एक बजे में भीषण अग्लगी की घटना हुई जिसमें छह सौ से भी अधिक घर जलकर राख हो जाने का अनुमान है। दु लौर ग्राम निवासी व जंदाहा प्रखंड प्रमुख ओमप्रकाश सह नी द्वारा बताया गया की यह अग्निकांड बिजली के ट्रांसफर मर के सौट सर्किट से निकली चिंगारी एक घर पर गिरी और देखते हीं देखते वार्ड नंबर एक से वार्ड नंबर पांच तक के सभी घर आग के चपेट में आ गए नतीजतन घर में रखे नकद रुपया अनाज, वस्त्र व जेवर सभी जलकर राख में तब्दील हो गया साथ हीं उन्होंने बताया की इस आगलगी की घटना में एक वृद्ध व्यक्ति की मौत आग में झुलस जाने के कारण हो जाने की सूचना है साथ ही और मवेशियों के झुलस गए।इस भीषण आग पर काबू पाएं जाने के लिए कई दमकल गाड़ी घटनास्थल पर गई। 7 घंटे के अधिक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सकता है ।इस भयानक अग्निकांड के कारण पूरे डुलौर ग्राम में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया ।जंदाहा प्रखंड के महिसौर थाना क्षेत्र के डीह बुचौली पंचायत के दुलौर गांव में आगजनी की खबर मिलते ही डीएम श्री यशपाल मीणा और एसपी श्री हर किशोर राय दुलौर गांव पहुंच गए। मौके पर दमकल की कई गाड़ियां पहुंच गई और आग पर नियंत्रण पा लिया गया है। राहत शिविर तत्काल शुरू कर दी गई है। मृतक परिवार को चार लाख का चेक डीएम और एसपी के हाथों दिया गया। पॉलिथीन का भी वितरण किया जा रहा है। जेनरेटर आदि की व्यवस्था की गई है। घटना स्थल पर अपर समाहर्ता , अपर समाहर्ता (आपदा) , एसडीओ महुआ, सीडीपीओ, महुआ, बीडीओ, जंदाहा, सीओ, जंदाहा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी जंदाहा, पशु चिकित्सा पदाधिकारी जंदाहा, जंदाहा थाना पुलिस एवं महीसौर थाना पुलिस के अलावा बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मियों की टीम तथा दमकल कर्मियों की टीम घटना स्तर पर पहुंची । पीड़ित परिवारों की मदद के लिए आसपास के ग्रामीण और समाज सेवियों द्वारा हर संभव सहायता पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

# हाजीपुर (सु) सीट से नामांकन शुरू,दो ने किया पहले दिन नामांकन



प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर ।लोकतंत्र की जन्मस्थली वैशाली जिला अंतर्गत हाजीपुर सुरक्षित संसदीय सीट के लिए आज से नामांकन का शुरू हो गया है ।आज नामांकन के पहले दिन दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया ।निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मधुसूदन पासवान एक सेट में अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। जबकि दूसरे प्रत्याशी के रूप में धर्मेंद्र कुमार ने जनतंत्र आवाज पार्टी से नामांकन किया ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी यशपाल मीणा में दोनों का नामांकन लिए ।नामांकन करने के पश्चात समाहरणालय परिसर से बाहर निकलने पर दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों द्वारा उन्हें फूल मालाओं पहनाकर स्वागत किया ।

नामांकन प्रक्रिया को लेकर समाहरणालय परिसर में चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी।

हाजीपुर सुरक्षित संसदीय सीट पर 3 में तक नामांकन किया जाना है इनमें सरकारी अवकाश रहने के कारण शनिवार 27 अप्रैल और रविवार 28 अप्रैल के बाद 1 मई को नामांकन नहीं होना है। 20 मई को हाजीपुर सुरक्षित सीट के लिए मतदान होना है। 19 लाख 65 हजार80 4 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे ।इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 10 लाख 31 हजार 248 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 9लाख 34हजार 445 है।

# लक्ष्मीपुर पुलिस ने लूट कांड में संलिप्त तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई जिले के लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत केनुहट - आनंदपुर रोड में बीते 24 मार्च को तीन अपराधियों ने पिस्टल का भय दिखाकर मंगरार निवासी वरुण कुमार उर्फ वरुण तांती,पिता बालेश्वर तांती के साथ गाली गलौज,मारपीट कर घायल करते हुए नगदी 2000 एवम मोबाईल लूट लिया था। जिसकी लिखित शिकायत पीड़ित वरुण कुमार ने थानाध्यक्ष आलोक कुमार से की।थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने प्राप्त आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर इस की सूचना वरीय पुलिस पदाधिकारी को दी। जिसका विरुद्ध लक्ष्मीपुर थाना कांड संख्या 112/24 दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा था। चूंकि जमुई पुलिस द्वारा निरंतर विधि व्यवस्था एवं लोक व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अपराधों, हिस्ट्रीशीटर व दुर्दांत अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति रखी गई है। दिनांक 24.03.2024 को लक्ष्मीपुर थाना अंतर्गत केनुहट चौक से ग्राम आनंदपुर जाने वाले रास्ते में एक व्यक्ति वरुण कुमार उर्फ वरुण ताँती पिता बालेश्वर ताँती ग्राम मंगरार थाना लक्ष्मीपुर जिला जमुई के साथ दोपहर 01:15 बजे अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा पिस्टल के बल पर गाली-गलौज, मारपीट एवं घायल करते हुए नगद 2,000 एवं मोबाइल लूटने की सूचना प्राप्त हुई थी। लक्ष्मीपुर थाना द्वारा प्राप्त सूचना के आलोक में कांड संख्या 112/24 दर्ज करते हुए अनुसंधान प्रारंभ कर दिया गया था। लोक व्यवस्था को प्रभावित करने वाले इस आपराधिक कांड की प्रकृति के आलोक में पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीश सुमन के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित करते हुए कांड के सफल उद्वेदन एवं सभी संबंधितों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया था। गठित विशेष टीम द्वारा घटना के संबंध में तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान करते हुए इस कांड में घटनास्थल पर उपस्थित एवं इस आपराधिक कृत्य में संलिप्त 03 (तीन) अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से अपराधिक घटना को कार्य करने में उपयोग लाये गए मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है। अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस के पास लाभदायक सूत्र उपलब्ध हुए हैं एवं जल्द ही उन सभी की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

**गिरफ्तार अपराधी का नाम और पता:**

1. छोटू सिंह उर्फ दिव्यांशु कुमार पिता विजय सिंह उर्फ उमाकांत सिंह ग्राम केनुहट थाना लक्ष्मीपुर जिला जमुई 2. चिंटू यादव उर्फ प्रभाकर कुमार पिता दामोदर यादव ग्राम आनंदपुर थाना लक्ष्मीपुर जिला जमुई 3. बबलू यादव पिता कुलदीप यादव ग्राम सनखपडी थाना लक्ष्मीपुर जिला जमुई

**गिरफ्तार अपराधी का आपराधिक इतिहास:**

1. चिंटू यादव उर्फ प्रभाकर कुमार पिता दामोदर यादव ग्राम आनंदपुर थाना लक्ष्मीपुर जिला जमुई के विरुद्ध लक्ष्मीपुर थाना कांड संख्या 218/20 मारपीट एवं हत्या का प्रयास में दर्ज है एवं इस कांड में वह जमानत पर है। 2. अन्य अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास के संबंध में अनुसंधान किया जा रहा है।

**छापामारी टीम:**

1. सतीश सुमन, एसडीपीओ, जमुई 2. प्रताप सिंह, अंचल निरीक्षक, जमुई अंचल 3. आलोक कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सह थानाध्यक्ष लक्ष्मीपुर 4. प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक विवेक कुमार यादव, लक्ष्मीपुर थाना 5. प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक प्रभात राय, लक्ष्मीपुर थाना 6. प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक सावन कुमार, लक्ष्मीपुर थाना 7. जिला आसूचना इकाई के पुलिसकर्मी 8. लक्ष्मीपुर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

जमुई पुलिस लोक व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था संधारण में सर्वोत्कृष्ट स्तर के लिए कर्तव्यबद्ध है।

# आंगनबाड़ी का कार्य नियमित ढंग से नही होने पर लोगों में आक्रोश

प्रात: किरण संवाददाता

महनार । सरकार का आदेश है कि सभी अधिकारी व कर्मी अपने मुख्यालय यानी अपने कार्यालय की 8 किलोमीटर की परिधि में ही रात्रि प्रवास करना है एवं मुख्यालय छोड़ने की स्थिति में अपने वरीय अधिकारी से पूवार्नुमति ले लेनी है । मुख्यालय में ही रात्रि प्रवास करने हेतु यदि सरकारी आवास नही है तो कोई निजी मकान किराया पर लेना है और सरकार इसके लिए आवास भत्ता भी देती है किन्तु इसके बावजूद अधिकारी मुख्यालय से भाग कर पाटलिपुत्र प्रवास करते है जिस कारण इसका प्रतिकूल प्रभाव उनके कर्तव्य पर दिखता है ।यहां की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कभी हाजीपुर तो कभी पटना तो कभी छपरा से महनार आना जाना करती है । उनकी सरकारी वाहन खड़ी खड़ी कार्यालय का शोभा बढ़ा रही है और अधिकारी निजी वाहन से ही अपना काम करती है ।इस निजी वाहन का भाड़ा भी सरकार से उठाई जाती है जिस कारण सरकार को भी यह महंगा सौदा करने में कोई एतराज नही है। इसी वाहन से यह अपनी आवास भी आती जाती है जिस कारण सरकार द्वारा प्रदत्त वाहन एवं उसके ईंधन का दुरुपयोग करने का भी आरोप इन पर लगा है। जांच तो यह भी होना चाहिए कि क्या यह आवास भत्ता भी उठाती हैं ? यदि यह आवास भत्ता ले कर मुख्यालय से बाहर रहती है तो यह सरकारी राशि के गबन का मामला बनेगा। मुख्यालय के बाहर से आने जाने के कारण यह अपना पूर्ण समय महनार ने नही दे पाती है जिस कारण आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकलाप पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है ।कोई भी शिकायत मिलने पर यह स्वयं जांच में नही जा कर एल एस को भेज देती है और एल एस मामले पर लीपा पोती कर देती है जिस कारण आम लोगों में आक्रोश व्याप्त है। पोशाक योजना में कही जनप्रतिनिधि की अनुपस्थिति में ही राशि का वितरण कर दिया गया तो कहीं कम राशि दी गई तो कहीं एक घर मे तीन बच्चें है तो दो को ही राशि दी गई परन्तु इसके बावजूद इन मामलों की जांच नही कराई गई। अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी समेत कई अधिकारी मुख्यालय में ही अपना आवास रख रखें है किंतु इसके बावजूद यह मुख्यालय के बाहर से ही आना जाना करती है जिसका नतीजा है की यह महनार को समुचित समय नही दे पाती है और इसका प्रतिकूल प्रभाव इनके कर्तव्य पर दिख रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर कही चालीस के बजाय 10 से 15 बच्चें ही दिखेंगे, तो कहीं सेविका गायब मिलेगी तो कही निर्धारित केंद्र की बजाए केंद्र वहां से काफी दूर सेविका के घर के निकट संचालित पाया जाएगा और इन सब पर पदाधिकारी मौन है ।इस सम्बंध में महनार के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से उनका पक्ष जानने हेतु उनकी सरकारी मोबाइल पर फोन लगाया गया परन्तु उनसे बात नही हो सकी।

# मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए संध्या चौपाल का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



हाजीपुर। वैशाली जिला में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए राजापाकर प्रखंड अंतर्गत कर्णपुरा हाई स्कूल में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया` इस आयोजन में काफी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया` उपस्थित सभी लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की गई इसी तरह अन्य प्रखंड यथा पातेपुर, चेहरकला, बिदुपुर, जंदाहा आदि में भी संध्या चौपाल का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के अधिकार का उपयोग करने की अपील आगनवाड़ी सेविका, जीविका दीदियों के माध्यम से की गई ।उप विकास आयुक्त महोदय द्वारा फूलहाड़ पंचायत एवं चक पीताम्बर ग्राम अंतर्गत मतदान के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्ति हेतु मतदाताओं एवं आम जनों से मुलाकात की उपस्थित सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं मतदान के दिन अपने परिवार के सभी मतदाताओं को साथ मतदान केंद्र ले जाने की अपील की` महनार नगर परिषद अंतर्गत सभी बीएलओ के साथ बैठक का आयोजन किया गया ` बैठक में सभी बीएलओ से अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी मतदाताओं से मिलकर मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की गई` जीविका के द्वारा महनार एवं गोरौल प्रखंड अंतर्गत मतदाताओं का जागरूक करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया` कार्यक्रम में जीविका दीदियों, जीविका अन्य सदस्य, एवं जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया` कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं परिवार के सभी मतदाताओं, आसपास के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने का संदेश दिया गया` जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र पर आए हुए विद्यार्थियों के बीच परामर्श केंद्र के कर्मियों द्वारा संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया` बिदुपुर,लालगंज,जंदाहा, महनार,महुआ, पातेपुर, पटेढ़ी बेलसर, एवं वैशाली प्रखंड में भी विकास मित्र, आईसीडीएस की सेविकाओ, महिला पर्यवेक्षिकाओ ने घर घर जाकर मतदाताओं से मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की` स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकताओं द्वारा भी घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया` बुनियाद केंद्र बिदुपुर, महनार,पातेपुर के कर्मियों ने घर-घर जाकर मतदाताओं से मतदान करने की अपील की ` उपस्थित सभी मतदाताओं ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया।

### 10 बोतल शराब के साथ स्कॉर्पियो सवार आठ गिरफ्तार



जमुई/बरहट। पुलिस ने शुक्रवार की सुबह वाहन चेकिंग के क्रम में विदेशी शराब के साथ स्कॉर्पियो पर सवार आठ व्यक्ति को प्रखंड क्षेत्र के बखारी से गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान ड्राइवर महादेव रजक पिता युगल रजक, सुनील कुमार रजक पिता महादेव रजक, युगल यादव पिता स्व देवी यादव, ओमप्रकाश यादव पिता नारंगी यादव, निवास कुमार पिता नवरंगी यादव, मुकेश कुमार, बलिराम कुमार, चन्देश्वर महतो, लालबाबू महतो, सोनू कुमार संतोष कुमार, वरुण कुमार श्रीवास्तव और सुजीत कुमार के रूप में की गई है। वे सभी स्कॉर्पियो से बारात झाझा से बरहट जा रहे थे। थानाध्यक्ष कुमार संजीव ने बताया कि मामले में 8 आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर सभी आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# अधिसूचना जारी- पहले चरण में सक्षमता परीक्षा पास करने वाले शिक्षक भी अपना रिजल्ट सुधारने के लिए कर सकते हैं आवेदन

## नियोजित शिक्षकों के दूसरे चरण की सक्षमता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 4 मई तक होगा

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से नियोजित शिक्षकों के दूसरे चरण की सक्षमता परीक्षा के आवेदन की तिथि घोषित कर दी है ।स्थानीय नियोजन इकाईयों से बहाल नियोजित शिक्षक दूसरे चरण की सक्षमता परीक्षा के लिए 26 अप्रैल से 4 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। दूसरे चरण की सक्षमता परीक्षा में वैसे सभी नियोजित शिक्षक भाग ले सकते हैं जिन्होंने पहले चरण में आवेदन नहीं किया था या सक्षमता परीक्षा में सफलता हासिल नहीं कर पाए हैं। इसके अलावा वैसे शिक्षक भी दूसरे चरण की सक्षमता परीक्षा का ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं जो पहले चरण की परीक्षा के लिए रिजल्ट से या तो संतुष्ट नहीं है या पदस्थापन वाले स्कूल या मन मुताबिक जिला आवंटित नहीं हुआ है। दूसरे चरण की सक्षमता परीक्षा भी पहले वाले पैटर्न पर होगी। प्रश्न का गलत उत्तर देने पर नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी। ऑनलाइन परीक्षा ढाई घंटे की होगी ।परीक्षा में समान कोटि के शिक्षकों के पास करने के लिए 40 फीसदी अंक हासिल करना जरूरी होगा जबकि पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को 36.5 फीसदी अंक, अत्यंत पिछड़ा वर्ग को 34 फीसदी जबकि महिला, एससी/एसटी और दिव्यांग कोटि के अभ्यर्थियों को परीक्षा पास करने के लिए कम से कम 32 फीसदी अंक हासिल करना जरूरी होगा। शिक्षकों को 150 अंक की होगी सक्षमता परीक्षा सक्षमता परीक्षा देने वाले नियोजित शिक्षकों को परीक्षा की तैयारी बिहार लोक सेवा आयोग की टीआरई-1और टीआरई -2 के पाठ्यक्रम के आधार पर करने के लिए कहा गया है। ढाई घंटे की परीक्षा का प्रश्न पत्र तीन भाग में 150 अंक वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का होगा। प्रश्न पत्र के पहले भाग में भाषा से संबंधित 30 प्रश्न पूछे जाएंगे ।जबकि भाग 2 में समान अध्ययन से 40 प्रश्न होगें।

वही प्रश्न पत्र के तीसरे और अंतिम भाग में कुल 80 प्रश्न समान विषय से संबंधित होंगे। इसी पैटर्न पर प्राथमिक,मध्य,माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर के शिक्षकों के लिए निर्धारित किया गया है। कंप्यूटर चलाने का अभ्यास करना शुरू कर दे नियोजित शिक्षक बिहार परीक्षा समिति की ओर से शिक्षकों से अपील की गई है कि ऑनलाइन परीक्षा में बेहतर रिजल्ट के लिए कंप्यूटर चलाने का अभ्यास करना शुरू कर दे। शिक्षकों की सुविधा के लिए स्कूलों के आईसीटी लैब,डाइट और वाइट में इसकी व्यवस्था की गई है। इसके अलावा शिक्षक साइबर कैफे में भी इसका अभ्यास कर सकते हैं ।दूसरे चरण की सक्षमता परीक्षा की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया भी पहले चरण की तरह ही है ।प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर के शिक्षकों के लिए विषय कोड जारी किया गया है। प्राथमिक के भाषा एवं समान विषय कोर्ट 301 है। इसी तरह मध्य यानी वर्ग 6-8 के शिक्षकों का विषय कोड 401 से 408 तक निर्धारित किया गया है। कक्षा 9 -10 के 19 विषयों के शिक्षकों के लिए विषय कोड 101 से 119 है। वही उच्चतर माध्यमिक यानी कक्षा 11 एवं 12वीं के लिए विषय कोड 201 से 231 निर्धारित है। परीक्षा शुल्क 1100 लगेगा सभी शिक्षक अभ्यर्थियों को परीक्षा फीस के तौर पर 11 सौ रुपए चुकाना पड़ेगा। वैसे शिक्षक जिन्होंने पहले चरण की सक्षमता परीक्षा के लिए आवेदन करके फीस जमा कर चुके थे। लेकिन किसी कारण से परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए। वैसे शिक्षकों को फीस जमा करने की जरूरत नहीं है।

# पर्यावरण संरक्षण हेतु युवाओं को दिया गया तीन दिवसीय प्रशिक्षण




प्रात: किरण संवाददाता

जमुई/सिकन्दरा: प्रखंड क्षेत्र के लछुआड़ स्थित परिवार विकास संस्थान कार्यालय में युवाओं को युवा नेतृत्व परियोजनाओं को बढ़ावा देने हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। समन्वयक प्रमोद कुमार ने बताया कि राष्ट्र निर्माण और आर्थिक विकास में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अभी देश में पर्यावरण संरक्षण की सबसे बड़ी समस्या है। बेतरतीब तरीके से नदी, पहाड़, जंगल का दोहन हो रहा है। जिसे बचाने में और लोगों को जागरूक करने में आप युवाओं की भूमिका अहम होगी। कहीं अतिवृष्टि तो अनावृष्टि का सामना करना पड़ रहा है। जल संकट की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। सभी जगह कुआं, तालाब और चापाकल सूखे हुए हैं। पानी का संरक्षण कम दोहन ज्यादा हो रहा है। पर्यावरण संरक्षण हेतु हमें जल संरक्षण, अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने होंगे, और लोगों को जागरूक करना होगा। जो पेड़ पौधे लगे हुए हैं उसका संरक्षण करना है और बरसात के शुरूआती दौर में अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने होंगे। संस्थान के सचिव भावानन्द ने बताया कि अभी हलसी प्रखंड के बघौर, महिसोनी गांव में सैंकड़ों एकड़ गेहूं का फसल जलकर राख हो गया। हमें लोगों को जागरूक करना होगा कि सुबह शाम खाना बनाने के बाद आग को बुझा देना चाहिए। खेत खलिहानों और जंगलों में यत्र तत्र आग का प्रयोग से बचना चाहिए। जिससे कि कहीं आग सुलगने ना पाए। पशु पक्षियों के बचाव पर भी ध्यान रखने की जरूरत है। सभी लोग अपने-अपने घरों के बाहर या छत पर छांव में दाना पानी रखिए जिससे कि पक्षियों को पानी पीने के लिए मिल सके और हम पक्षियों का संरक्षण कर सकते हैं। कार्यालय परिसर में युवाओं द्वारा दर्जनों पेड़ लगाए गए और संरक्षण की जिम्मेवारी दी गई।

# श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने में मनरेगा विफल



प्रात: किरण संवाददाता

आलमनगर,मधेपुरा मनरेगा योजना मजदूरों के पलायन को रोकने में असफल साबित हो रही है। इस योजना का मूल उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दोनों का रोजगार देना है। ताकि मजदूरों के पलायन को रोका जा सके। मजदूरी भुगतान समय पर नहीं होने से इस योजना से मजदूरों का मोहभंग होता जा रहा है। लिहाजा वे दूसरे राज्यों को पलायन करने पर मजबूर है। इसका सीधा असर लोकतंत्र के महापर्व में देखने को मिल रहा है। मालूम हो कि प्रखंड क्षेत्र के मनरेगा जॉब कार्ड धारी मजदूरों को नियमित रूप से काम नहीं मिलने सहित ससमय मजदूरी का भुगतान नहीं होने से वैसे मजदूरों का रोजगार की तलाश में पलायन होना लाजमी प्रतीत होता है। वही इस दौरान कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा पीओ रेजा इकबाल ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में कुल 4134 मजदूर काम कर रहे हैं विभिन्न योजनाओं में। वही इस दौरान कार्यक्रम पदाधिकारी रेजा इकवाल ने बताया कि पंचायत में मनरेगा से विभिन्न कार्यों में मजदूरों को लगाया जा रहा है ताकि पलायन रुक सके और दूसरे प्रदेश ना जाए अपने ही प्रखंड में रोजगार मिल जाए इसके लिए कई ऐसे योजनाएं सरकार के द्वारा चलाई जा रही है।

सम्पादकीय

## हर फ़िक्र को धुएं में उड़ाता चला गया...

साल 1961 की बहुचर्चित फिल्म हम दोनों का गाना हर फिक्र को धुएं में उड़ाता सबने सुना होगा। धूम्रपान करने वालों ने भी इसे अवश्य सुना होगा। फिल्म में गाने के बोल इस तरह दर्शाए गए कि फिल्म का हीरो अपने सभी फिक्र और चिंताओं को धुएं के कश में उड़ा देता है और चिंता मुक्त हो जाता है, परंतु क्या यह सही है कि मात्र सिगरेट के कश भरने और धुआं उड़ाने से आपकी चिंताएं खत्म हो जाएंगी? इसका उत्तर है नहीं। बल्कि यदि आपको धूम्रपान की लत लग जाए तो आपकी स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ जरूर जाएंगी। आज जानते हैं कि ऐसा क्या है, इस चंद लम्हे की मामूली सी खुशी में, जो लाखों करोड़ों को इसकी लत लगा देती है। दरअसल, सिगरेट में मौजूद तंबाकू में निकोटीन पाया जाता है जो कश लेते ही बड़ी तेजी से आपके फेफड़े में समा जाता है और कुछ ही क्षण में दिमाग तक पहुंच जाता है। दिमाग में पहुंचते ही इसका संपर्क नर्व सेल से होता है और इसके असर से डोपामाइन नाम का रसायन बाहर आता है। यह रसायन आपके दिमाग को संकेत देता है कि कुछ अच्छा करने से आपको इनाम मिल सकता है। विशेषज्ञों की मानें तो, यह रसायन आपको ऐसा इशारा देता है कि आप एक बार दोबारा सिगरेट का कश भर लेते हैं। एक शोध के अनुसार सिगरेट की लत से प्रभावित लोगों, जिन्हें गले का कैंसर हुआ था, की गले की नली को काट कर अलग करना पड़ा। उपचार के बाद भी इस लत ने उनका पीछा नहीं छोड़ा और वे दोबारा धूम्रपान करने को मजबूर थे। विशेषज्ञों के अनुसार दिमाग के जिस हिस्से को एनिमल पार्ट कहा जाता है, उससे ही निकोटीन की लत पर काबू पाया जा सकता है। नशीले पदार्थ हमारे दिमाग के एनिमल पार्ट को इस कदर उकसाते हैं कि वो ऐसे संदेश भेजता है कि हम ऐसा बार-बार करें। वहीं दिमाग का दूसरा हिस्सा हमें ऐसा करने से रोकता भी है। नशे की लत की गिरफ्त में लोग अक्सर इस संघर्ष से जूझते रहते हैं। इस लत का इस बात से कोई लेना-देना नहीं है कि आप कितने समझदार हैं, बल्कि आपका दिमाग निकोटीन या अन्य नशीले पदार्थ पर किस तरह प्रतिक्रिया देता है। यदि समय रहते और सही संगति के चलते नशा या धूम्रपान रोक दिया जाए तो बेहतर हो परंतु ऐसा बहुत कम होता है। सिगरेट की लत के लिए केवल निकोटीन ही जिम्मेदार नहीं होती। इसके लिए एक प्रमुख भूमिका सिगरेट बनाने वाली कंपनियों और उनके द्वारा जारी किए भ्रामक विज्ञापन भी उतने ही जिम्मेदार हैं। पश्चिमी देशों में जैसे ही निकोटीन की लत को लेकर सवाल उठने लगे तो कुछ लोगों ने इसकी जड़ तक जाने की सोची। उन्होंने वैज्ञानिक तरीकों से साबित कर दिया कि सिगरेट के धुएं में कुछ भी लाभदायक नहीं होता। इतना ही नहीं, यह न केवल धूम्रपान करने वाले, बल्कि उसके आस-पास के लोगों के लिए भी काफी हानिकारक साबित हो सकता है। जैसे-जैसे यह अभियान तेजी पकड़ने लगा, धूम्रपान पर सार्वजनिक जगहों पर प्रतिबंध भी लगने लगा। सिगरेट पर अतिरिक्त और बढ़े हुए कर भी लगाए जाने लगे जिससे इसकी कीमत में भी बढ़ोतरी हुई। साथ ही, सिगरेट के डब्बों पर भी स्वास्थ्य संबंधित चेतावनियां भी छापी जाने लगीं परंतु इन सबके चलते भी पश्चिमी देशों की बड़ी-बड़ी सिगरेट कंपनियों ने हार नहीं मानी। ज्यादा मुनाफा कमाने की नीयत से इन कंपनियों ने विकासशील देशों और उन देशों का रुख करना शुरू कर दिया जहां नियम और कानून सख्त नहीं थे। इन देशों में आम नागरिक धीरे-धीरे इन कंपनियों की मार्केटिंग के मायाजाल में बड़ी आसानी से फंस गए। देखते ही देखते इन कंपनियों की फिर से चांदी होने लगी। सोचने वाली बात यह है कि लोग धूम्रपान के आदी कैसे बन जाते हैं? कुछ लोग सिगरेट पीने को स्टेटस सिंबल या सामाजिक स्थिति का संकेत मानते हैं। समझते हैं कि धूम्रपान करना ऐसी आदत है जो किसी विशेष वर्ग में आपको बड़ी आसानी से स्थान देती है, परंतु इस स्थान पाने की होड़ में आप अपनी सेहत से खिलवाड़ कर लेते हैं। इस लत के चलते न सिर्फ आप अपनी सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं, परंतु अपने घरेलू बजट का भी नुकसान कर रहे हैं। ज्यों-ज्यों आपकी यह लत बढ़ती जाएगी आपकी जेब पर भार भी बढ़ेगा। धूम्रपान करने से मिलने वाला आंशिक सुकून बड़ी मात्रा में आपके स्वास्थ्य पर असर करता है, और यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। इसलिए आप जब भी धूम्रपान करते किसी व्यक्ति को देखें या स्वयं अगला कश लगाने लगें तो यह सवाल अवश्य पूछें कि क्या वास्तव में धूम्रपान करने से फिक्र धुएं में उड़ रहे हैं? कहीं ऐसा तो नहीं फिक्र उडे की बजाय और बढ़ रहे हों?

## विरासत पर बवंडर

कांग्रेस में छोटे-छोटे टाइम बम होते है। वे जब भी फटते हैं, तो कांग्रेस का बड़ा नुकसान होता है। अमरीका में बसे सत्य नारायण गंगा राम पित्रोदा (सैम पित्रोदा) ऐसे ही बम हैं। वह कई संवेदनशील और राष्ट्रीय घटनाओं पर अनाप-शनाप बोलते रहे हैं। वह इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। जब भी केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की सरकार बनी है, उसमें उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। मनमोहन सरकार में ही वह राष्ट्रीय ज्ञान आयोग के अध्यक्ष थे। वह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के सलाहकार थे और भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के विस्तार में उनका योगदान अहम रहा है। वह पार्टी का चुनाव घोषणा-पत्र लिखने वालों में एक रहे हैं। आजकल सैम पित्रोदा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सलाहकार और रणनीतिकार हैं। यदि ऐसा शख्स, भारत के संदर्भ में, कोई बयान या परामर्श देता है, तो वह उसका निजी कैसे हो सकता है? कांग्रेस अपना पल्ला कैसे झाड़ सकती है? सैम ने अमरीका के 6 राज्यों में लागू इंहेरिटेंस टैक्स (विरासत कर) का उल्लेख किया है कि अमरीकी व्यक्ति की मौत के बाद उसकी संपत्ति का 45 फीसदी हिस्सा बच्चों, परिजनों को मिलता है। शेष 55 फीसदी सरकार ले लेती है। यह कानून एक निश्चित आय के वर्ग पर ही लागू होता है। अमरीका के अलावा जर्मनी, स्पेन, फ्रांस, जापान और दक्षिण कोरिया आदि देशों में भी विरासत-कर की व्यवस्था है। वे देश जनता और समाज के प्रति व्यक्ति का दायित्व मानते हैं, लिहाजा उसकी संपत्ति में सामाजिक-सार्वजनिक हिस्सेदारी भी मानी जाती है।

भारत में ऐसा कोई कानून नहीं है, लिहाजा सैम पित्रोदा का सुझाव था कि भारत में भी इस विषय पर बहस और चर्चा होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा-एनडीए ने तुरंत इस मुद्दे को भी लपक लिया। प्रधानमंत्री ने यहां तक टिप्पणी की कि कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। निजी संपत्तियों को छीन कर उन्हें एक समुदाय विशेष में बांटने का मुद्दा बेहद उग्र हो रहा था, विरासत-कर पर भी बवंडर छिड़ गया है। अब चुनाव की दिशा और लहर ही बदल गई हैं। भारत में 1953 से 1985 तक एक कानून लागू था-एस्टेट ड्यूटी एक्ट। उसके तहत 20 लाख रुपए या अधिक की संपत्ति पर 85 फीसदी तक टैक्स देना पड़ता था। वह विरासत-कर का ही एक रूप था। 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इस कर को निरस्त किया, लेकिन कांग्रेस और भाजपा के वित्त मंत्री इस कर की पैरवी करते रहे। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेतली ने 2018 में कहा था कि विरासत-कर से विदेशों में अस्पतालों, विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थानों को वित्तीय अनुदान मिलते रहे हैं, लिहाजा इस कर पर विमर्श किया जाना चाहिए। मौजूदा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी बजट के दौरान इंहेरिटेंस टैक्स का उल्लेख किया था। फिलहाल भारत में इस कर-व्यवस्था के प्रावधान नहीं हैं। किसी पार्टी के चुनाव घोषणा-पत्र में भी यह एजेंडा घोषित नहीं किया गया है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के मंसूबों पर सवाल करते हुए कहा है कि कांग्रेस सरकार आई, तो विरासत-कर लगाएगी। आपके मकान-दुकान, खेत, जमीन और धन, सब कुछ छीन लिया जाएगा। आपके बच्चों और परिजनों का पैतृक संपत्ति में हिस्सा आंशिक रह जाएगा।

क्या आप ऐसा होने देंगे? हालांकि लोगों की संपत्ति के सर्वे वाले बयान पर राहुल गांधी ने अब यह कहा है कि वह जानना चाहते हैं कि देश में कितना अन्याय है। उन्होंने सफाई दी है कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा कि वह वेल्थ सर्वे कराएंगे। कानूनन यह संभव नहीं है। उद्योगपतियों पर वेल्थ टैक्स 2015 के बजट में ही हटा लिया गया था। उसके स्थान पर सुपर रिच नामक अधिभार उन लोगों पर लगाया गया, जिनकी सालाना आमदनी एक करोड़ रुपए से ज्यादा है। दरअसल भारत अमरीका नहीं हो सकता। यदि एक नागरिक जीवन-भर करों का भुगतान करता है और फिर जीवन के अंत तक कुछ अर्जित कर पाता है, तो वह उसके अपने परिवार के लिए होना चाहिए। समाज और देश को तो उसने जीवन-भर दिया ही है।

## लाल केला, औषधीय एवं पोषक गुणों के कारण किसानों की आय का बेहतर स्त्रोत



**लाल केला दक्षिण भारत में बहुत ही लोकप्रिय है। जहां पीले केले 60-70 रुपये दर्जन बिकते है, वही लाल केला 100 रुपए से लेकर 150 रुपये दर्जन बिकता है। दक्षिण भारत में लोग इस केले के औषधीय एवं पोषक तत्वों से भलीभाति परिचित है। इसके विपरीत उत्तर भारत में अधिकांश लोग इस केले से अपरिचित है। इसी को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय फल अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत, डॉ राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्विद्यालय में अनुसंधान प्रारंभ किया गया है।इसका प्रमुख उदेश्य है कि लाल केला को उत्तर भारत में भी लोकप्रिय बनाया जाय। इस सन्दर्भ में अनुसंधान कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस केले को कब लगाया जाय, कितने दिन के बाद इसमे फूल एवं फल आयेंगे, इसमे खाद एवं उर्वरकों की कितनी मात्रा देनी है, इसमे रोग एवं कीडों को कैसे प्रबंधित करेंगे, इत्यादि विषयों पर शोध किया जा रहा है। शुरूआती शोध के निष्कर्ष उत्साहवर्धक है। दुनिया भर में केले की लगभग 1,000 से अधिक विभिन्न किस्में हैं। लाल केला लाल त्वचा के साथ दक्षिण पूर्व एशिया के केले का एक उपसमूह हैं। वे नरम होते हैं और पके होने पर इसका स्वाद होता है। इसकी जेनेटिक संरचना अअअ होती है। कुछ लोगों की मान्यता हैं कि लाल केला का भी स्वाद एक नियमित केले की तरह होता हैं, लेकिन इसका स्वाद एवं मिठास कुछ कुछ रास्पबेरी जैसा होता है। ये अक्सर पका कर उपयोग में लाए जाते हैं, लेकिन इसे स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ भी अच्छी तरह से मिलाया जा सकता हैं। लाल केले की उत्पत्ति का पता दक्षिण पूर्व एशिया, विशेष रूप से भारत, मलेशिया और फिलीपींस के क्षेत्रों में लगाया जा सकता है।**



### डाक्टर एस के सिंह
केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय फल अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक हैं।

लाल केला केले के पौधे की एक किस्म हैं जो मुसेसी परिवार से संबंधित हैं। आम तौर पर पीले केलों के विपरीत, लाल केला अपनी लाल-बैंगनी त्वचा और मीठे स्वाद के लिए विशिष्ट होते हैं। लाल केला दक्षिण भारत में बहुत ही लोकप्रिय है। जहां पीले केले 60-70 रुपये दर्जन बिकते है, वही लाल केला 100 रुपए से लेकर 150 रुपये दर्जन बिकता है। दक्षिण भारत में लोग इस केले के औषधीय एवं पोषक तत्वों से भलीभाति परिचित है। इसके विपरीत उत्तर भारत में अधिकांश लोग इस केले से अपरिचित है। इसी को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय फल अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत, डॉ राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्विद्यालय में अनुसंधान प्रारंभ किया गया है।इसका प्रमुख उदेश्य है कि लाल केला को उत्तर भारत में भी लोकप्रिय बनाया जाय। इस सन्दर्भ में अनुसंधान कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस केले को कब लगाया जाय, कितने दिन के बाद इसमे फूल एवं फल आयेंगे, इसमे खाद एवं उर्वरकों की कितनी मात्रा देनी है, इसमे रोग एवं कीडों को कैसे प्रबंधित करेंगे, इत्यादि विषयों पर शोध किया जा रहा है। शुरूआती शोध के निष्कर्ष उत्साहवर्धक है। दुनिया भर में केले की लगभग 1,000 से अधिक विभिन्न किस्में हैं। लाल केला लाल त्वचा के साथ दक्षिण पूर्व एशिया के केले का एक उपसमूह हैं। वे नरम होते हैं और पके होने पर इसका स्वाद होता है। इसकी जेनेटिक संरचना अअअ होती है। कुछ लोगों की मान्यता हैं कि लाल केला का भी स्वाद एक नियमित केले की तरह होता हैं, लेकिन इसका स्वाद एवं मिठास कुछ कुछ रास्पबेरी जैसा होता है। ये अक्सर पका कर उपयोग में लाए जाते हैं, लेकिन इसे स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ भी अच्छी तरह से मिलाया जा सकता हैं। लाल केले की उत्पत्ति का पता दक्षिण पूर्व एशिया, विशेष रूप से भारत, मलेशिया और फिलीपींस के क्षेत्रों में लगाया जा सकता है। इन क्षेत्रों में केले की विभिन्न किस्मों की खेती का एक लंबा इतिहास है। लाल केला पहली बार 20वीं सदी में कैरेबियन और मध्य अमेरिका के माध्यम से पश्चिमी दुनिया में लाया गया था।लाल केले की खेती कुछ विशिष्ट आवश्यकताओं के साथ सामान्य केले की किस्मों की खेती के समान ही है। यह पर्याप्त वर्षा और अच्छी जल निकासी वाली मिट्टी वाले उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय जलवायु में पनपते हैं। लाल केले के पौधों को नियमित रूप से पानी देने और तेज हवाओं से सुरक्षा की आवश्यकता होती है। लाल केले की खेती ऊत्तक संवर्धन द्वारा तैयार पौधे या संकर दोनों द्वारा सफलतापूर्वक की जा सकती है।

यह केला अपने पीले समकक्षों की तुलना में छोटे होते हैं। इस,की लंबाई आमतौर पर लगभग 4-5 इंच होती है। त्वचा लाल से बैंगनी रंग की होती है। कच्ची अवस्था में अक्सर हरे रंग का आभास होता है। अंदर का भाग गुलाबी रंगत के साथ मलाईदार सफेद होता है। लाल केले अपने मीठे और थोड़े तीखे स्वाद के लिए जाने जाते हैं, जो उन्हें अन्य प्रकार के केलों से अलग करता है।पीले केले की तरह लाल केला भी आवश्यक पोषक तत्वों का एक समृद्ध स्त्रोत हैं।

लाल केले में कई आवश्यक पोषक तत्व होते हैं और प्रतिरक्षा प्रणाली, हृदय स्वास्थ्य, और पाचन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होते है। पीले केले की तरह लाल केले भी आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करते हैं।वे विशेष रूप से पोटेशियम, विटामिन सी और विटामिन बी 6 में समृद्ध हैं और इसमें उचित मात्रा में फाइबर होता है। एक अध्यन के अनुसार एक लगभग 100 ग्राम के लाल केला से लगभग 90 कैलोरी उर्जा, काबोर्हायड्रेट 21 ग्राम,प्रोटीन 1.3 ग्राम, वसा 0.3 ग्राम, फाइबर 3 ग्राम,पोटेशियम 9%, विटामिन इ6 आरडीआईका 28 प्रतिशत,विटामिन सी आरडीआई का 9 प्रतिशत;मैग्नीशियम आरडीआई का 8 प्रतिशत होता है।एक छोटे लाल केले में लगभग 90 कैलोरी होती है और इसमें ज्यादातर पानी और काबोर्हाइड्रेट्स होते हैं। विटामिन बी 6, मैग्नीशियम और विटामिन सी की उच्च मात्रा इस केले की किस्म को विशेष रूप से पोषक तत्वों से भरपूर बनाती है। इनमें विशेष रूप से पोटेशियम की मात्रा अधिक होती है, जो हृदय के स्वास्थ्य को बनाए रखने और रक्तचाप को नियंत्रित करने में उपयोगी है। लाल केले में विटामिन सी और विटामिन बी6 जैसे विटामिन के साथ-साथ आहार फाइबर भी होता है। इसके अतिरिक्त, वे थोड़ी मात्रा में प्रोटीन प्रदान करते हैं और कैलोरी में कम होते हैं, जिससे वे एक स्वस्थ नाश्ता विकल्प बन जाते हैं

लाल केले का सेवन विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है। इन्हें सुविधाजनक और पौष्टिक नाश्ते के रूप में ताजा खाया जा सकता है। उनका मीठा स्वाद उन्हें फलों के सलाद और स्मूदी में एक लोकप्रिय व्यंजन बनाता है। कुछ संस्कृतियों में, लाल केले का उपयोग खाना पकाने में किया जाता है, जहाँ उन्हें अनोखे व्यंजन बनाने के लिए अक्सर तला या उबाला जाता है।सभी केलों में खासकर लाल केला में पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता है जिसकी वजह से रक्तचाप को नियंत्रित करने में इसकी भूमिका को कई गुना बढ़ा देता है। पोटेशियम हृदय स्वास्थ्य के लिए आवश्यक खनिज है। लाल केले पोटेशियम से भरपूर होते हैं, जिसमें एक छोटा फल 9 प्रतिशत आरडीआई प्रदान करता है।शोध से पता चलता है कि अधिक पोटेशियम युक्त खाद्य पदार्थ खाने से रक्तचाप को कम करने में मदद मिल सकती है। रक्तचाप नियंत्रण के लिए एक अन्य महत्वपूर्ण खनिज मैग्नीशियम है। एक छोटा लाल केला इस खनिज के लिए आपकी दैनिक जरूरतों का लगभग 8 प्रतिशत प्रदान करता है। अध्ययनों की समीक्षा से पता चला है कि मैग्नीशियम का सेवन प्रति दिन 100 मिलीग्राम बढ़ाने से उच्च रक्तचाप का खतरा 5 फीसदी तक कम हो जाता है।इसके अतिरिक्त, मैग्नीशियम और पोटेशियम दोनों का सेवन बढ़ाना रक्तचाप को कम करने में केवल एक खनिज से अधिक खाने से अधिक प्रभावी हो सकता है। लाल केले में कैरोटेनॉयड्स होते हैं, रंगद्रव्य जो फलों को लाल रंग का छिलका देते हैं। लाल केले में ल्यूटिन और बीटा कैरोटीन दो कैरोटीनॉयड होते हैं जो आंखों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। ये एंटीऑक्सिडेंट सुरक्षात्मक स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, एक व्यवस्थित समीक्षा में पाया गया कि एंथोसायनिन के आहार सेवन से कोरोनरी हृदय रोग का खतरा 9प्रतिशत कम हो गया। लाल केले जैसे एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर फल खाने से कुछ पुरानी स्थितियों का खतरा कम हो सकता है। लाल केले विटामिन सी और बी6 से भी भरपूर होते हैं। स्वस्थ प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए ये पोषक तत्व आवश्यक हैं। एक छोटा लाल केला क्रमशः 9 प्रतिशत 28 प्रतिशत विटामिन सी और बी 6 के लिए आरडीआई प्रदान करता है। विटामिन सी आपके इम्यून सिस्टम की कोशिकाओं को मजबूत करके इम्युनिटी को बढ़ाता है। तदनुसार, कुछ शोध बताते हैं कि विटामिन सी की मामूली कमी भी संक्रमण के बढ़ते जोखिम से जुड़ी हो सकती है। लाल केले में मौजूद विटामिन बी6 भी आपके इम्यून सिस्टम को सपोर्ट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वास्तव में, विटामिन बी6 की कमी मनुष्य के शरीर में श्वेत रक्त कोशिकाओं के उत्पादन को कम कर सकती है। कुछ संस्कृतियों में, लाल केले प्रतीकात्मक महत्व रखते हैं। उदाहरण के लिए भारत में, लाल केले त्योहारों और धार्मिक समारोहों से जुड़े होते हैं। इन्हें अक्सर सौभाग्य और समृद्धि के प्रतीक के रूप में पेश किया जाता है।

अंततः कह सकते है की लाल केला एक अद्वितीय और स्वादिष्ट फल है। लाल केले का स्वाद कलिकाओं को लुभाते रहते हैं और कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं।

## तीसरे मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने की पैरवी

**राहुल गांधी का कहना है कि विजयन को बिना देर किए तुरंत गिरफ्तार कर लेना चाहिए। राहुल गांधी को गुस्सा और आश्चर्य है कि उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा? वे इसका विश्लेषण करते हुए कहते हैं कि केरल में भारतीय जनता पार्टी पिनराई विजयन से मिली हुई है। यहां यह बताना जरूरी है कि पिनराई विजयन सीपीएम के नेता हैं और सीपीएम तथाकथित इंडिया गठबंधन में राहुल गांधी की कांग्रेस की सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी है। राहुल गांधी के देश के कम्युनिस्टों से कैसे संबंध हैं, इस पृष्ठभूमि में यह जान लेना भी जरूरी है। इसका सामान्य उत्तर तो यही होगा कि बहुत अच्छे हैं। यह भी कहा जाता है कि पिछले कुछ वर्षों से तो इतने अच्छे हो गए हैं कि बहुत से कम्युनिस्ट कांग्रेस पार्टी में ही चले गए हैं और उन्होंने वहां राहुल गांधी के रथ की कमान ही संभाल रखी है। उनमें से कुछ ने कांग्रेस के नीति पत्र लिखने का काम संभाल लिया है। शायद यही कारण है कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में स्पष्ट कर दिया है कि वह देश के सभी लोगों का सर्वे करवाएगी और पता करेगी कि लोगों के पास क्या-क्या है। फिर उसे जरूरतमंदों में रिडिस्ट्रिब्यूट करेगी। अब किन लोगों में करेगी, इसको लेकर नरेंद्र मोदी ने अपनी आशंका व्यक्त की है कि कांग्रेस यह पैसा देश में घुस आए अवैध घुसपैठियों में बांट देगी। कांग्रेस का सारा मामला कार्ल मार्क्स वाला बनता जा रहा है।**





### कुलदीप चंद अग्निहोत्री
(लेखक वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं

पिछले कुछ दिनों से राहुल गांधी देश में घूम-घूम कर बराबर मांग कर रहे हैं कि झारखंड और दिल्ली के मुख्यमंत्रियों को भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते भाजपा सरकार ने जेल भेज दिया है, लेकिन भ्रष्टाचार के इसी प्रकार के आरोपों के कारण केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा? राहुल गांधी का कहना है कि विजयन को बिना देर किए तुरंत गिरफ्तार कर लेना चाहिए। राहुल गांधी को गुस्सा और आश्चर्य है कि उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा? वे इसका विश्लेषण करते हुए कहते हैं कि केरल में भारतीय जनता पार्टी पिनराई विजयन से मिली हुई है। यहां यह बताना जरूरी है कि पिनराई विजयन सीपीएम के नेता हैं और सीपीएम तथाकथित इंडिया गठबंधन में राहुल गांधी की कांग्रेस की सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी है। राहुल गांधी के देश के कम्युनिस्टों से कैसे संबंध हैं, इस पृष्ठभूमि में यह जान लेना भी जरूरी है। इसका सामान्य उत्तर तो यही होगा कि बहुत अच्छे हैं। यह भी कहा जाता है कि पिछले कुछ वर्षों से तो इतने अच्छे हो गए हैं कि बहुत से कम्युनिस्ट कांग्रेस पार्टी में ही चले गए हैं और उन्होंने वहां राहुल गांधी के रथ की कमान ही संभाल रखी है। उनमें से कुछ ने कांग्रेस के नीति पत्र लिखने का काम संभाल लिया है। शायद यही कारण है कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में स्पष्ट कर दिया है कि वह देश के सभी लोगों का सर्वे करवाएगी और पता करेगी कि लोगों के पास क्या-क्या है। फिर उसे जरूरतमंदों में रिडिस्ट्रिब्यूट करेगी। अब किन लोगों में करेगी, इसको लेकर नरेंद्र मोदी ने अपनी आशंका व्यक्त की है कि कांग्रेस यह पैसा देश में घुस आए अवैध घुसपैठियों में बांट देगी। कांग्रेस का सारा मामला कार्ल मार्क्स वाला बनता जा रहा है।

कम्युनिस्ट भी बहुत खुश थे। सभी रैलियों में वे राहुल गांधी के साथ मंच पर खड़े होकर हाथ लहरा लहरा कर अपनी खुशी का इजहार करते थे। लेकिन इस बीच एक घटना हो गई। राहुल गांधी लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव में केरल के वायनाड से खड़े हो गए। कम्युनिस्टों ने संकेतों में उन्हें समझाया भी कि इधर मत आया करो। उधर हिंदी पट्टी से ही चुनाव लड़ा करो। लेकिन राहुल गांधी नहीं माने। वे जानते हैं कि हिंदी पट्टी बहुत तप रही है। वहां चुनाव लडा अब खतरे से खाली नहीं रहा। 2019 की चोट राहुल गांधी भूले नहीं हैं। इसलिए वे फिर वायनाड में दिखाई देने लगे। स्वाभाविक है कम्युनिस्टों को गुस्सा आता और यह गुस्सा आ भी रहा है। जब दो गहरे मित्र लड़ते हैं तो कई बार मामला बहुत बढ़ जाता है और अजीब अजीब रहस्योद्घाटन होने लगते हैं। राहुल गांधी और कम्युनिस्टों के मामले में भी ऐसा ही हो रहा है। राहुल गांधी ने पिनराई विजयन को भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार करने की मांग शुरू कर दी है। जाहिर है इससे लैफ्ट डैमोक्रेटिक फ्रंट को भी गुस्सा आता। केरल में सीपीएम ने कुछ दलों को साथ लेकर एलडीएफ यानी लैफ्ट डैमोक्रेटिक फ्रंट बना रखा है।

मोर्चा ने भी राहुल गांधी को लेकर कुछ मांगें करनी शुरू कर दीं। लेकिन ताज्जुब है कि मोर्चा ऐसी मांगें कर रहा है, जो अपने स्वरूप में राजनीतिक न होकर मौलिक प्रकार की हैं। मोर्चा के एक विधायक पीवी अनवर ने मांग की है कि राहुल गांधी के डीएनए की तुरंत जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल इस देश में चौथे दर्जे के नागरिक हैं और उन्हें अपने नाम से तुरंत गांधी नाम हटा देना चाहिए। अनवर की इस मांग के कारण दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए हैं। राहुल गांधी कहते हैं कि पिनराई विजयन को भ्रष्टाचार के चलते गिरफ्तार करो और मोर्चा कहता है कि राहुल गांधी का डीएनए टैस्ट कराओ। मामला गम्भीर होता देख पत्रकारों के मन में आया कि इस विषय पर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन से भी बात कर लेनी चाहिए। लेकिन विजयन तो उससे पहले ही सक्रिय हो गए थे। उन्होंने एक चुनावी सभा में राहुल पर एक बहुत ही गहरा प्रहार किया। इस प्रहार की मारक क्षमता को मध्य काल के हिंदी कवि बिहारी के एक दोहे की सहायता से समझा जा सकता है। बिहारी के दोहों के बारे में कहा जाता है, देखन में छोटे लगें, घाव करें गम्भीर। विजयन का जनसभा में किया गया प्रहार ऊपर से देखने से तो मामूली लगता है, लेकिन घाव बहुत गहरा कर गया है। पूरा सोनिया परिवार मरहम पट्टी करने में व्यस्त है। पिनराई विजयन ने कहा, ह्यराहुल जी, अतीत में आपको एक नाम से संबोधित किया गया था। अब ऐसी बातें मत करो जिससे लगे कि आप अभी तक वहीं के वहीं खड़े हो। ह्ल उस समय तो जनसभा में बैठे बहुत से श्रोता भी नहीं समझ सके कि कामरेड विजयन क्या कह रहे हैं, लेकिन दो-तीन घंटों में ही केरल के चैनलों ने अर्थ समझाना शुरू कर दिया। दरअसल 2011 में केरल के ही उस समय के मुख्यमंत्री कामरेड अच्युतानंदन ने राहुल के बारे में पूछे जाने पर कहा था कि वह तो ह्यअमूल

## चुनाव में सभी दलों की निगाहें युवाओं पर टिकी

संजय गोस्वामी

अगर लोकतंत्र के महायज्ञ की बात करें तो समारोह की घोषणा 28 मार्च को माननीय मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा शुरू हो गया मुख्य चुनाव आयुक्त ने 2024 के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की, जो 19 अप्रैल से 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सात चरणों में होगा। उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में सभी सात तारीखों पर मतदान होगा, जबकि जम्मू और कश्मीर में पांच चरणों में मतदान होगा, सात जिलों में मतदान की प्रक्रिया 19 अप्रैल को खत्म हो गई और 1 जून तक सभी सात जिलों में मतदान पूरा हो जाएगा। पूरे देश में वोटों की गिनती 4 जून को होगी। 4 जून दोपहर तक नई सरकार की तस्वीर लगभग साफ हो जाएगी। सत्ता की चाभी विशेषकर महत्वाकांक्षी युवा मतदाताओं के हाथ में लगती दिख रही है। सभी प्रमुख राजनीतिक दल युवाओं को लुभाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। दरअसल, युवा मतदाताओं की मुखरता नतीजों में झलक रही है। लोकसभा के पिछले दो चुनावों में वह युवा मतदाताओं यानी श्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के साथ रहे हैं। हालाँकि, जिन देशों में क्षेत्रीय दल और सरकारें सत्ता में रही हैं, उनमें युवाओं ने क्षेत्रीय दलों को प्राथमिकता दी है। इसका कारण यह नहीं है कि युवा भाजपा के समान ही हैं, बल्कि युवा, राष्ट्रवाद और राजनीतिक दलों का स्तर भी अलग-अलग स्तर पर देखा गया है। युवा और महिला मतदाताओं ने वोट देने की पहल की है और इसमें कोई संदेह नहीं है, 2009 और 2014 के चुनावों में महिलाएं और युवा भाजपा के लिए मजबूत मतदाता पाए गए हैं। हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे जटिल लोकतंत्र है। मतदाताओं की बहुसंख्यक आबादी, विविधताएं और भौगोलिक, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक परिस्थितियां बेहद गंभीर हैं, खासकर चुनाव आयोग और चुनाव आयोग के लिए। लेकिन हमें गर्व है कि हमारा चुनाव आयोग और चुनाव प्रणाली दुनिया के देशों में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। दुनिया, उसके देश और हमारी सरकार व चाहतों पर नजर रहती है। पहले चुनावों ने देश में पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है और दुनिया भर के लोग हमारे चुनावों और मतदान के साथ-साथ मतगणना में भी रुचि रखते हैं। वे देखने और समझने आते हैं। पूरी दुनिया, देशों की नजर हमारे सपनों पर रहती है। यहां खास बात यह है कि चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और मतदाता अनुकूल बनाने के लिए लगातार प्रयास किये हैं। प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था भी होनी चाहिए, इसलिए प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा बंद व्यवस्था की आलोचना की गई है। मतदाता मतदान आसान, सुलभ हो गया है और राजनीतिक दलों या अन्य बाहरी प्रभावों पर मतदाताओं की निर्भरता समाप्त हो गई है। जबकि दुनिया के अन्य देशों में लोकतंत्र समान है, हमारे इंडिया में कुल मतदाताओं की तुलना में 18 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के मतदाता अधिक हैं। इसके अलावा 26 से 35 वर्ष तक के मतदाता भी युवा और युवा वर्ग की श्रेणी में आते हैं। हमारे देश में विश्व के सबसे अधिक मतदाता संख्या वाले देशों की कुल संख्या से भी अधिक मतदाता हैं। इस साल 18वीं विधानसभा के लिए होने वाले मतदान में 98.6 फीसदी मतदाता हिस्सा लेंगे, जबकि यूरोपीय संघ में 40 फीसदी, इंडोनेशिया में 20.4 फीसदी, अमेरिका में 16 फीसदी और पाकिस्तान में 12.8 फीसदी मतदाता होंगे। वह एक बिगड़ैल वोटर हैं। जो धर्म के नाम पर चुनाव का नतीजा तय करती है खैर, यह अलग बात थी, लेकिन लोकसभा में पहले दो मुकाबलों

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में मृत के पारिवार को मिलि सहायता राशि

इसुआपुर । विगत 19 अप्रैल को सड़क दुर्घटना के दौरान मृत सगे भाइयों इसुआपुर थाना क्षेत्र के बंगरा गांव के योगेंद्र सिंह की विधवा लालती देवी तथा हरेंद्र सिंह की विधवा संजू देवी को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत बीडीओ संतोष कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को सरकारी सहायता राशि के रूप में बीस- बीस हजार रुपए का चेक उनके आवास पर जाकर दिया। मालूम हो कि बंगरा गांव निवासी स्वर्गीय जगजीतन सिंह उर्फ फतींगन सिंह के दो पुत्र योगेंद्र सिंह तथा हरेंद्र सिंह विगत 19 अप्रैल को मशरक के कवलपुरा गांव में एक शादी समारोह में गए थे। जहां से लौटने के क्रम में लौवां गांव के पास एस एच 90 पर विपरीत दिशा से आ रहे स्कॉर्पियो की चपेट में आ गए थे। दोनों इलाज के दौरान दम तोड़ दिए थे। इस मौके पर प्रखंड नाजीर सत्य प्रकाश राय, पंचायत सचिव प्रदीप कुमार गुप्ता, सरपंच प्रतिनिधि विजय सिंह, परमात्मा सिंह व अन्य थे।

### नामांकन समिति की बैठक सम्पन्न

छपरा सदर। जयप्रकाश विश्वविद्यालय नामांकन समिति की बैठक माननीय कुलपति प्रो. परमेन्द्र कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के नामांकन समर्थ पोर्टल के माध्यम से करने का निर्णय लिया गया। इस हेतु समर्थ पोर्टल के द्वारा नामांकन के लिए सभी आवश्यक प्रक्रिया शीघ्रातिशीघ्र पूरा करने का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से नामांकन से प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और पूरी प्रक्रिया सरल भी हो जाएगी। बैठक में अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो. सरफराज अहमद, समाज विज्ञान संकाय के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार सिंह, विज्ञान डीन डॉ अशोक कुमार, स्नातकोत्तर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ अनिता, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ सुधीर कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्य, राजेंद्र कॉलेज, डॉ सुशील कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी प्राचार्य, जेपीएम कॉलेज, डॉ मंजू कुमारी सिन्हा, डॉ रमण कुमार सिंह, डॉ अनिल कुमार गोप, डॉ सत्येंद्र सिंह, डॉ अवधेश कुमार, शशितोष कुमार, गिरिधर गोपाल आदि उपस्थित थे।

### सरयु नदी में उपलाते एक अधेड़ महिला का शव बरामद

माँझी। शुक्रवार को अहले सुबह माँझी थाना पुलिस ने स्थानीय रामघाट के समीप सरयु नदी में उपलाते एक अधेड़ महिला का शव बरामद किया। बाद में सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीर के माध्यम से मृतक महिला की पहचान कर ली गई है। मृतका माँझी थाना क्षेत्र के सोनबरसा गाँव निवासी शशिभूषण सिंह की पत्नी अनिता देवी, उम्र 50 वर्ष बताई जाती हैं। इससे पहले रबीन्द्र कुमार चौधरी तथा विशेश्वर चौधरी नामक मछुआरों ने नदी में उपलाते शव को देखकर इसकी सूचना माँझी थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर रामघाट पहुँची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया। घटना की जानकारी देते हुए मृतका के पति ने बताया कि उनकी पत्नी गुरुवार की शाम सरयु में स्नान करने रामघाट गई थी तथा स्नान करने के बाद से रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी। परिजन रातभर जागकर उसकी खोजबीन में लगे हुए थे। हालाँकि परिजनों को महिला के डूबने की खबर सोशल मीडिया के माध्यम से हुई। उन्होंने बताया कि मृतका अर्द्ध विक्षिप्त थी तथा पिछले लगभग 20 वर्षों से मानसिक चिकित्सक के माध्यम से उसका इलाज भी चल रहा था।

# सारण लोकसभा चुनाव को ले तैयारी पुरी, नामांकन भी हुआ शुरूः डीएम

प्रात: किरण, संवाददाता




छपरा। सारण लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया का शुभारंभ हो चुका है, आगामी 3 मई तक नामांकन होगा, सभी प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। उक्त बातें सारण के जिलाधिकारी अमन समीर ने शुक्रवार को सारण समाहरणालय के सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं। प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सारण लोकसभा के लिए अपर समाहर्ता को निवार्ची पदाधिकारी बनाया गया है। जबकि सहायक निवार्ची पदाधिकारी विधानसभा वाईज बनाया गया है, जिसमें 117 मढ़ोरा विधानसभा का स्थानीय अनुमंडल पदाधिकारी सहायक निवार्ची पदाधिकारी होंगें। 118 छपरा विधानसभा के अनुमंडल पदाधिकारी सदर, 119 गरखा विधानसभा का जिला भू अर्जन पदाधिकारी, 120 अमनौर विधानसभा का निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सारण, 121 परसा विधानसभा का भूमि सुधार उपसमाहर्ता सोनपुर तथा 122 सोनपुर विधानसभा का अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर को सहायक निवार्ची पदाधिकारी बनाया गया है। जिलाधिकारी ने मीडिया को ब्रीफ करते हुए कहा कि सारण लोकसभा का आगामी 3 मई तक नामांकन पत्र दाखिल होगा। नामांकन पत्रों की जांच 4 मई को होगी, तथा आगामी 6 मई तक नामांकन वापस लेने की तिथि निर्धारित है। प्रेस मीडिया को जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि सारण लोकसभा में कुल पुरुष मतदाताओं की संख्या 940376, महिला मतदाताओं की संख्या 853968, पोस्ट बैलटों की संख्या 5719, फिजिकल हैंडीकैप मतदाताओं की संख्या 17468, यानी सारण लोकसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 17 लाख 94 हजार 353 है। जिलाधिकारी के अनुसार राष्ट्रीय दल के रूप में आम आदमी पार्टी,बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया मार्क्सिस्ट तथा नेशनल पीपुल्स पार्टी है। जबकि क्षेत्रीय दल के रूप में जनता दल यू, लोक जनशक्ति पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी एवं कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया मार्क्सिस्ट लेनीलिस्ट हैं, इन दलों के प्रत्याशियों को एक-एक प्रस्तावक देना होगा। जबकि निर्दलीय को 10 प्रस्तावक देना अनिवार्य होगा। जिलाधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सामान्य अभ्यर्थियों के लिए 25000 रुपए नामांकन शुल्क निर्धारित है, वहीं एससी एसटी अभ्यर्थियों के लिए नामांकन शुल्क 12,500 रुपए है। नमन पत्र दाखिल करने वाले प्रत्याशियों को सहायता लिए समाहनालय परिसर में हेल्प डेस्क बनाया गया है। डीएम अमन समीर मीडिया को यह भी बताया कि 20 में को सन लोकसभा का मतदान सुबह 7:00 से शाम 6:00 तक होगा। लोकसभा चुनाव को लेकर विधानसभा वार एफएस एवं एसएसटी चेक पोस्ट बनाया गया। कुल 10 विधानसभा क्षेत्रों में 60 चेक पोस्ट बनाया गया है। सारण लोकसभा नामांकन को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि मशरक, रसूलपुर, माझी, मेकर,सोनपुर, पहलेजा ओपी,डोरीगंज तथा रसूलपुर आदि थानों में क्रमशः अंबेडकर चौक चपरैठा, टॉल प्लाजा, बलिया मोड़, ताजपुर, मोहम्मदपुर, रेवा घाट पुल, शिवबचन चौक,जेपी सेतु, वीर कुंवर सिंह सेतु, दक्षिणी छोर झंगा चौक तथा चैनपुर मोड़ चेक पोस्ट बनाया गया है। इसके अलावा सारण सीमावर्ती थाने अंतर्गत और 10 चेक पोस्ट बनाया गया है। लोकसभा नॉमिनेशन को लेकर विधि व्यवस्था का भी विशेष ख्याल रखा गया है। शहर में यातायात निर्वाण चले इसके लिए पूरी तैयारी की गई है। सीसी के तहत दो सौ से अधिक अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। नामांकन में आने वाले वाहनों के लिए डीसी एसडीओ नगर निगम मैं पार्किंग बनाया गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक में यह भी बताया कि शराब माफियाओं पर लगातार कार्रवाई की जा रही और शराब को भी जप्त किया जा रहा है, शास्त्रों का भी सत्यापन किया जा रहा है। बाइक दल से भी गश्ती की जा रही है।प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपर समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. जावेद इकबाल, नगर आयुक्त सुमित कुमार तथा डीपीआरओ आदि उपस्थित थे।

# स्कूल वैन मे गैस लीकेज से लगी आग, 10 बच्चे जख्मी

प्रात: किरण, संवाददाता

बनियापुर । बनोयापुर के कोल्हुआ बजार स्थित निजी विद्यालय के सी एन जी वैन मे गैस लीकेज से वैन मे आग लग गयी जिससे वैन मे अफरा तफरी मच गयी बच्चो के उतरने के क्रम मे 10 बच्चे आंशिक रूप से जख्मी हो गए है,जिनका बनियापुर रेफरल अस्पताल मे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध मे बताया गया है की स्कूली वैन बच्चो को लेकर जा रही थी कि अचानक वैन मे आग लग गयी जिससे बच्चो मे अफरा तफरी मच गयी,बच्चे आशिक रूप से झूल्स गये,जख्मी मे पप्पू कुमार की 7 वर्षीय पुत्री अंशु कुमारी कपिल यादव का 8 वर्षीय पुत्र अनीश कुमार कपिल यादव की 10 वर्षीय पुत्री गुड़िया कुमारी 8 वर्षीय आशीष कुमार अजित सिंह का पुत्र 10 वर्षीय आँशु कुमार ,निखील कुमार 8 वर्षीय संजीव कुमार का 5 वर्षीय रौनक अमित कुमार सिंह का 7 वर्षीय पुत्र अजित कुमार सहित अन्य दो बच्चे जख्मी हो गए है।जिनका इलाज सदर अस्पताल मे कराया जा रहा है।

# सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत

प्रात: किरण, संवाददाता

भेल्दी। छानिय थाना क्षेत्र के पैगा बाजार पर रहने वाले डॉक्टर वकील राय के पुत्र सुभाष राय जो की एक सरकारी शिक्षक थे स्कूल जाने के क्रम में जलालपुर चौक से पहले पीछे से बालू लदे ओवरलोड ट्रैक्टर द्वारा अनियंत्रित होकर कुचल दिया गया जिससे कि बाइक सवार सुभाष राय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई बताया जा रहा है कि वह सुबह 7:30 में स्कूल के लिए घर से निकले कुछ समय बाद ही उनकी ट्रैक्टर से कुचल जाने के कारण मौत हो गई अपने पीछे दो बच्चे एवं पत्नी को छोड़ दुनिया से चल बसे उनकी पत्नी का नाम सुमन देवी है वही सुभाष राय की उम्र लगभग 40 वर्ष बताई जा रही उनके पिता वकील राय बैग बाजार पर चिकित्सा सेवा से जुड़े हुए हैं जबकि सुभाष राय एक शिक्षक थे इस घटना के बाद पूर्व मुखिया रमेश राय वर्तमान जिला पार्षद आलोक राय तरवार मुखिया पंकज कुमार पूर्व मुखिया संतोष यादव राकेश कुमार तथा परिवार के महिलाओं का रो रो का पूरा हाल था घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची और ड्राइवर को भीड़ से बचाते हुए अब विरासत में लिया वहीं लगभग एक घंटा रोड जाम रहा आवा गमन बाधित रही जनप्रतिनिधियों के समझाने के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा गया वहीं न्यूज कवरेज कर जाने तक सड़क जाम खत्म हो चुका क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ की लोगों द्वारा बताया जा रहा था कि सुभाष राय काफी मिलनसार एवं सामाजिक रूप से एक अच्छे व्यक्ति माने जा रहे थे

# भीषण गर्मी को ले नगर निगम ने किया पनशाला की व्यवस्था




प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। गर्म हवाएं एवं लू से बचने के लिए महापौर छपरा नगर निगम लक्ष्मी नारायण गुप्ता एवं नगर आयुक्त सुमित कुमार के द्वारा छपरा नगर निगम के 18 विभिन्न स्थलों पर पनशाला अधिष्ठापित करने का निर्देश दिया गया । छपरा नगर निगम के अंतर्गत निम्न स्थलों पर पनशाला का अधिष्ठापन किया गया है। जिसमें मौना चौक,रविकुल भूषण मो.7903203954, 2.साहेबगंज चौक, राकेश कुमार मो.926335315 3. थाना चौक कंट्रोल रूम, राजकुमार प्रसाद 4.ब्राह्मपुर हनुमान मंदिर, मुस्ताक मियां, मो.8521781534 5. कचहरी स्टेशन, सौरभ कुमार, मो.9852311633 6. दवा मंडी,अजित कुमार, मो.8252733270 7. बस स्टैंड, आशीष कुमार, मो.9162555608, 8.कटहरी बाग हनुमान मंदिर 9. नेहरू चौक पीपल के पास, कुलदीप कुमार, मो.9835584371, 10.भिखारी चौक, राजेश चौधरी 11. गुदरी बाजार मंडी, नरेश प्रसाद मो.9576835077 12.बिहार चित्रालय कचहरी गेट, मो.7903448321, 13. गाँधी चौक धनेश कुमार मो.9155366259, 14. दरोगा राय चौक, राहुल कुमार चौधरी, मो.6200881856,15. नगरपालिका चौक, दीपक कुमार, मो.8423371253, 16. भगवान बाजार, आकाश कुमार, मो. 7054826785, 17.श्याम चौक बासुकीनाथ चौधरी मो.9263592394, 18. सदर अस्पताल तथा अवधेश कुमार, मो.9334157190 आदि स्थलों पर पनशाला का संचालन किया जाएगा। शुक्रवार से ही पनशाला का संचालन किया जा रहा है। पनशाला में शुद्ध पेयजल के अतिरिक्त बैठने की भी व्यवस्था रहेगी। साथ ही साथ कुछ स्थलों पर बैठने के लिए कुर्सी एवं ठन्डे पानी की भी व्यवस्था की गयी है । गर्म हवाएं एवं लू से बचने को लेकर नगर आयुक्त द्वारा आम जनों से आपदा विभाग के द्वारा जारी एडवाईजरी का पालन करने एवं निम्न उपाय करने की अपील किया गया है। इस गर्मी में अधिक से अधिक पानी का सेवन करें। सफर के दौरान पानी हमेशा साथ रखें, बाहर निकलते समय हल्के रंग का सूती कपड़ा एवं ढीले -ढाले कपड़े पहने, टोपी गमछा एवं जूता चप्पल पहन कर ही घर से बाहर निकले, अधिक पानी वाले फलों का सेवन करें ,अपने दैनिक भोजन में कच्चा प्याज, सत्तू, पुदीना तथा खस को शामिल करें।

# कॉल ड्राप से उपभोक्ता हुए परेशान




प्रात: किरण, संवाददाता

सुगौलीः बीते कई दिनों से सुगौली प्रखंड कई स्थानों में मोबाइल द्वारा कॉल करने पर किसी भी नेटवर्क के उपभोक्ताओं से संपर्क नहीं हो पा रहा है। काफी मशक्कत के बाद कॉल रिसीव हो पाता है। सुगौली में सिर्फ.एयरटेल और जीयो कंपनियों के उपभोक्ताओं ये हाल है ।कॉल नहीं लगने से जिन उपभोक्ताओं को बड़ी मशक्कत और कई कई बार फोन लगता ही नहीं है। जिन उपभोक्ताओं के पास स्मार्ट मोबाइल है वे व्हाट्सअप सहित कई एप का उपयोग कर अपना गुजारा कर लेते है वही जिनके पास बटन वाला मोबाइल है वे बड़ी मुश्किलोंनाउ सामना कर रहे है उपभोक्ताओं का शिकायत है की अपने लोगो के पास संपर्क साधने के लिए बहुत मुश्किल हो रहा है कॉल नहीं लगता एक फोन करने के लिए घंटों मोबाइल को बाहर खड़ा रह कर उपयोग करना पड़ता है। बताते चले की इस तरह की समस्या फोन नहीं लगना किसी फोन आये तो एक तरफ सुनाई दे दूसरी तरफ की आवाज नहीं सुनाई दे। ये समस्या आम हो चुकी है। वही उपभोक्ताओं का कहना है की जब किसी से संपर्क नहीं हो पा रहा है तो कस्टमर केयर से कैसे संपर्क किया जाये।कॉल की समस्या को लेकर हम किस के पास जाए। जहां से रिचार्ज कराते है वे कहते इससे हमारा कोई लेना देना नहीं कस्टमर केयर बात करे। वही जब नेटवर्क साफ होगा तभी तो कस्टमर केयर से बात होगी।

# पुलिस ने की छापेमारी हथियार के साथ एक गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

मोतिहारी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने हथियार के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरेराज के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक अरेराज अंचल, पहाड़पुर थाना द्वारा छापेमारी कर एकडेरवा पइंन के समीप से एक अपराधी को देसी कट्टा, एयर गन ,और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति रूपेश कुमार राम उर्फ प्रिंस कुमार हरसिद्धि थाना का बताया जा रहा है। उसके पास से देसी कट्टा दो, एयर गन एक, कारतूस तीन, खोखा एक, मोटरसाइकिल एक, मोबाइल दो बरामद किया गया है। वही छापेमारी टीम में रंजन कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरेराज, पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता अंचल निरीक्षक अरेराज अंचल, अंबेश कुमार थानाध्यक्ष पहाड़पुर, पुलिस अवर निरीक्षक संतोष कुमार जायसवाल पहाड़पुर, चौकीदार बीरबल प्रसाद, मधुरंजन कुमार पांडे के साथ-साथ पुलिस बल शामिल थे।

# शराब की अलग अलग कार्यवाही में एक कारोबारी गिरफ्तार और एक फरार

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया(प.च) ।इनरवा थाना क्षेत्र से शराब की अलग-अलग कार्यवाही में एक तस्कर फरार और एक गिरफ्तार किया गया. थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की इंडो-नेपाल बॉडर पर इनरवा पंचायत भवन के पास गश्ती के दौरान देखा गया की एक व्यक्ति नेपाल से बोरा में संदिग्ध सामान लेकर आ रहा था. जैसे ही पुलिस को देख बोरा फेक नेपाल में प्रवेश कर गया. बोरा खोल कर देखा गया तो 73 बोतल नेपाली शराब बरामद की गई. वही गुरुवार की रात गश्ती के दौरान देखा गया की बिना नंबर प्लेट के मोटरसाइकल आ रहा था उसे रोक कर तलाशी ली गई. तलाशी के दौरान बाइक की डिक्की में छिपा कर रखे 5 लीटर चुलाई शराब बरामद किया गया. त्वरित शराब बाइक व कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया गया. कारोबारी भंगहा थाना क्षेत्र के बरवा-परसौनी निवासी सनोज पासवान को जेल भेज दिया गया.

# 10 हजार का इनामी टॉप 20 श्रेणी का कुख्यात अपराधी गिरफ्तार



प्रात: किरण, संवाददाता

मोतिहारी। पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। जहां हत्या व लूटकांड के दस हजार रुपये का इनामी और टॉप-20 श्रेणी के अपराधी को नाट्यकीय ढंग से किया गिरफ्तार किया गया है ।गिरफ्तार अपराधी बगहा जिला के रामनगर थाना निवासी लारेब खान उर्फ.समीर खान बताया जा रहा है । उक्त जानकारी सहायक पुलिस अधीक्षक सदर शिखर चौधरी ने दी ।उन्होंने बताया कि आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के मद्धेनजर आसूचना संकलन के क्रम में गुप्त सूचना प्राप्त हुई ।जिसकी सूचना पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा को दी गयी। सूचना मिलते ही एसपी श्री मिश्रा ने सहायक पुलिस अधीक्षक सदर के नेतृत्व में सत्यापन एवं छापेमारी का निर्देश दिया । निर्देश मिलते ही सहायक पुलिस अधीक्षक सदर के नेतृत्व में छतौनी थाना द्वारा छापेमारी कर कुख्यात अपराधी को खोदानगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उक्त अपराधी के विरुद्ध छतौनी थाना में कांड सं0-205/23 हत्या व आर्म्स ऐक्ट ओर 507/22 आर्म्स ऐक्ट के मामले दर्ज हैं। छापेमारी टीम में शिखर चौधरी सहायक पुलिस अधीक्षक सदर, धनंजय कुमार थानाध्यक्ष छतौनी, परि पुअनि मुकेश कुमार , सशस्त्र बल शामिल थे।

# विवि की विद्वत परिषद की बैठक सम्पन्न

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा। जयप्रकाश विश्वविद्यालय विद्वत परिषद की बैठक शुक्रवार को अपराह्न 2 बजे कुलपति प्रो. परमेन्द्र कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रमों, शैक्षणिक सुधार, वोकेशनल कोर्सेज और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में कुलपति ने कहा कि आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना और जयप्रकाश विश्वविद्यालय के बीच पूर्व में एमओयू हो चुका है। उन्होंने जानकारी दी कि इसके तहत जयप्रकाश विश्वविद्यालय द्वारा नैनो टेक्नोलॉजी की पढ़ाई प्रारंभ की जाएगी। कुलपति ने कहा कि इस कोर्स में हर सत्र में 40 छात्र-छात्रा नामांकित होंगे। यह बिहार राज्य का अपने तरह का पहला पाठ्यक्रम होगा। इसमें खास बात यह है कि इसका सैद्धान्तिक पाठ्यक्रम जयप्रकाश विश्वविद्यालय में पढ़ाया जाएगा जो आवासीय होगा। सभी छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय परिसर में आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी जबकि इसकी प्रायोगिक पढ़ाई आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में कराई जाएगी। वहां भी छात्र-छात्राओं को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि यह जयप्रकाश विश्वविद्यालय के लिए बहुत ही गौरवपूर्ण बात है कि नैनो टेक्नोलॉजी का पाठ्यक्रम प्रारंभ करने वाला बिहार का पहला विश्वविद्यालय होगा। माननीय कुलपति महोदय ने यह भी जानकारी दी कि मधेपुरा विश्वविद्यालय द्वारा जयप्रकाश विश्वविद्यालय के साथ संयुक्त रूप से एमएससी (बायोटेक्नोलॉजी) की पढ़ाई प्रारंभ करने की इच्छा व्यक्त की गई है। वहां यह पाठ्यक्रम पहले से ही संचालित हो रहा है। बैठक में एमए (हेरिटेज), एमए (माइग्रेशन) सहित अन्य कई पाठ्यक्रम प्रारंभ करने का प्रस्ताव पारित किया गया। कुल मिलाकर 4 नए पाठ्यक्रम प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति ने स्पष्ट निर्देश दिया कि एक सप्ताह के अंदर इन सभी पाठ्यक्रमों के ऑर्डिनेंस और करिकुलम तैयार कर राजभवन को भेज दिया जाय। बैठक में सभी महाविद्यालयों से सेल्फ फाइनेंसिंग कोर्सेज प्रारंभ करने के लिए प्रस्ताव मांगने का निर्णय लिया गया। साथ ही बी.लिब. बी.सी.ए. बी.बी.ए. बीजेएमसी, फूड टेक्नोलॉजी आदि के पाठ्यक्रम प्रारंभ करने और इसके लिए ऑर्डिनेंस व करिकुलम तैयार करने का निर्णय लिया गया।

# विष्णु महायज्ञ का भव्य कलशयात्रा से शुभारम्भ

प्रात: किरण, संवाददाता

मशरक। मशरक के कोड़रांव गांव में श्री राम जानकी मठ के प्रांगण में विश्व कल्याणार्थ 09 दिवसीय विष्णु महायज्ञ को लेकर शुक्रवार को भव्य कलशयात्रा निकाली गई जो गांव का भ्रमण करते हुए पिलखी पोखरा से जलबोझी की गई। महायज्ञ में आचार्य अवधकिशोर पांडेय,संतोष तिवारी ने मंत्रोच्चार से यजमान प्रखंड पैक्स अध्यक्ष विश्वजीत सिंहऔर धर्मपत्नी जूली सिंह , बसंत सिंह पत्नी अमीता सिंह, रूपेश सिंह पत्नी रीता देवी, राकेश सिंह पत्नी दुर्गावती देवी,पंकज प्रसाद पत्नी मनीषा देवी, सुधीर कुमार पत्नी सरिता देवी की संयुक्त मौजूदगी में कुंवारी कन्याओं और महिलाओं को कलश देकर कलशयात्रा को निकाला। महायज्ञ की सफलता के लिए नवादा पंचायत के पूर्व मुखिया छोटे प्रसाद सिंह के अध्यक्षता में आयोजन समिति बनी हुई है। महायज्ञ के संचालक श्याम सुंदर दास जी महाराज, आयोजन अध्यक्ष पूर्व मुखिया छोटे प्रसाद सिंह, यज्ञाचार्य अवधकिशोर पाण्डेय साहित्य रत्न बनारस मशरक प्रखण्ड पैक्स अध्यक्ष संघ के अध्यक्ष विश्वजीत सिंह , बसंत सिंह,अनुजय सिह, राहुल सिंह मुख्य हैं। इस विश्व कल्याणार्थ विष्णु महायज्ञ में देश प्रदेश के विद्धान संत महात्माओं द्वारा प्रतिदिन प्रवचन एवं रासलीला का भी कार्यक्रम होगा। यज्ञ संचालक महाराज श्याम सुंदर दास जी ने बताया कि दिनांक 26 अप्रैल को शुभारंभ होगा तथा 04 मई को हवन पूणार्हुति होगी।

# गोरगावा गांव के अगलगी में मृतक के परिजनों को एसडीओ ने दिया चार चार लाख का चेक



प्रात: किरण, संवाददाता

ढाका प्रखंड के जटवलिया पंचायत के गोरगावा गाव में गुरुवार की हुई अगलगी की घटना में पच्चास परिवार की आशियाना जल कर राख हो गई ।जिसमें प्रशासन ने बड़ी मुस्तैदी से राहत में जुट गई है। शुक्रवार को एसडीओ कुमारी निशा ने गोरगावा पहुंच कर अग्नि कांड में मृतक शंभु राम के मृतक तीन बच्चों के मा रुपकांती देवी को चार चार लाख का तीन चेक कुल बारह लाख रुपए की अनुग्रह राशि का चेक प्रदान कर कहा की दुख की घड़ी में प्रशासन पुरी तरह पीड़ित परिवारों के साथ है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया की पीड़ित परिवारों को दोनों टाईम की किचेन कैंप खाना की व्यवस्था सरकार के तरफ से स्कूल में की गई है ।सभी अगलगी में पीड़ित परिवारों की सुची बनाकर आकलन की जा रही है ।साथ ही जिनके मवेशी की मौत हो गई है उसकी भी सुची बनाई जा रही है ।सभी को सरकार के दिशा-निर्देश के अनुसार आर्थिक रूप से एक से दो दिनों मे मदत की जाएगी ।वहीं दुसरी ओर स्थानीय जनप्रतिनिधि मुखिया पति ओसैद आलम, सरपंच एकरामुल हक ने भी दिन रात एक कर पीड़ित और मृतक के परिजनों के साथ खड़े हैं। ग्रामीण सुबोध ठाकुर एक एक लोगों से घर घर जाकर खाना खाने की अपील कर सहायता करते दिख रहे हैं। मौके पर सिकरहना एसडीओ कुमारी निशा, डीएसपी अशोक कुमार,ढाका सीओ सतीश कुमार सिंह, थानाध्यक्ष राकेश कुमार सहित आपदा प्रबंधन के एडीएम के अलावा अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी भी मौजूद रहे। अग्नि पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंच रहे हैं नेता गण। घटना की सुचना मिलते ही सभी पार्टियों के नेताओं का दौरा जारी है। पीड़ित परिवारों से ढाका विधायक पवन जायसवाल,पुर्व विधायक फैसल रहमान, आनन्द मोहन,रितु जायसवाल के पति सहित अन्य नेताओं ने पहुंच कर पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी ।एंव अपने स्तर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। गोरगावा गाव की दलित बस्ती को एक चिनगारी ने राख के ढेर में तब्दील कर दिया। बाप रे बाप अब हम जी के का करब ।हमर बउआ सब न बा तहम जी के का करब। भगवान हो भगवान कह कर शंभु राम की पत्नी रुपकांती देवी बेहोश हो जा रही है ।पुरा गोरगावा गाव का दलित बस्ती राख की ढेर बन गई है। लोगों में मातमी सन्नाटा है।

# डिस्पैच सेंटर का जिलाधिकारी और एसपी ने किया निरीक्षण

## सेक्टर पदाधिकारी तथा सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ की बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता

मोतिहारी ।लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर विधानसभा वार बनाए गए डिस्पैच सेंटर का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है । वही सेक्टर पदाधिकारी तथा सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक कर सभी जरूरी निर्देश दिए जा रहे हैं। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा के द्वारा 21-ढाका विधानसभा क्षेत्र के लिए महादेव साह +2 उच्च विद्यालय, चिरैया में बनाए गए डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया और वहीं पर 20- चिरैया विधानसभा क्षेत्र एवं 21- ढाका विधानसभा क्षेत्र के सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक कर समीक्षा की गई।

इसके पश्चात जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक 13-हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्र के लिए महंत शिव शंकर गिरी कॉलेज में बनाए गए डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया तथा इस विद्यालय के सभागार में सभागार में 13- हरसिद्धि एवं 14-गोविंदगंज विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर पदाधिकारी सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया ।जिसमें मुख्य रूप से ईवीएम कमिशिनंग,पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया एवं तिथि के बारे में बताया गया। सेक्टर पदाधिकारी को मतदान से पूर्व, मतदान के दिन एवं मतदान के पश्चात किए जाने वाले कार्य एवं बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। सेक्टर पदाधिकारी को अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा मतदान की तिथि से 5 दिन पहले से लेकर मतदान की समाप्ति तक सेक्टर पदाधिकारी द्वारा किए जाने वाले कार्यों को विस्तार से बताया गया और उसे ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा भी उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित किया गया ।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी एक साथ सहयोगपूर्ण रवैया अपनाते हुए क्षेत्र में काम करेंगे और हर स्तर पर पुलिस पदाधिकारी सेक्टर पदाधिकारी को सहयोग करेंगे। कार्य के दौरान कहीं कोई शिथिलता नहीं आनी चाहिए। निर्वाचन का कार्य टीम भावना के आधार पर किया जाता है और इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है ।बैठक में उप विकास आयुक्त पूर्वी चंपारण,अनुमंडल पदाधिकारी,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

# तूल पकड़ने लगा है अंडरपास पुल निर्माण कार्य की मांग

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। छपरा शहर के श्यमचक में निमार्णाधीन आर ओ बी मे अंडरपास के निर्माण की मांग तुल पकड़ता जा रहा है। श्यामचक के लोग अंडरपास की मांग पूरी नही होने की सूरत मे मतदान के बहिष्कार का मूड बना रहे हैं। ज्ञातव्य है कि श्यामचक के लोग कई महीनो से अंडरपास की मांग लेकर संघर्षरत हैं, पिछले दिनों स्थानीय लोगों ने अनिश्चित कालीन धरना कर निर्माण कार्य रोक दिया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर सदर एसडीओ घटनास्थल पर आए और निरीक्षण कर अंडरपास की आवश्यकता से अवगत भी हुए, परन्तु कोई कार्रवाई नही हुई। दरअसल अंडरपास नहीं होने से निमार्णाधीन आरओबी के दक्षिण के लोगों का उत्तर की तरफ और उत्तर के लोगो का दक्षिण की आना दूभर हो जाएगा। आरओबी के दक्षिण में प्राथमिक और मध्य विद्यालय, आंगन बाड़ी केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य उप केंद्र, जनवितरण प्रणाली की दुकान आदि सभी बुनियाडी सुविधाएं स्थित है और उतर तरफ के लोग इससे वंचित हो जायेंगे, उन्हे लगभग एक किलोमीटर पैदल चलकर आना जाना पड़ेगा। श्यामचक के लोग वर्षों से अंडरपास निर्माण के लिए आवेदन देकर जिला प्रशासन और आरओबी, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल के आला अधिकारियों से गुहार लगाते रहे हैं, लेकीन अधिकारियों की हठधर्मिता और अव्यवहारिक रवैए के कारण कोई निदान नही निकल रहा है। सीपीआई की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य सुरेंद्र सौरभ ने एक बयान के जरिए जिला प्रशासन और एन एच ए आई के अधिकारियों से यह मांग की है कि अबिलंब इस समस्या का समाधान कर अंडरपास के निर्माण का कार्य संपन्न कराया जाय ताकि लोक महापर्व लोकसाभा चुनाव 2024 मे सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

## संक्षिप्त खबरें

### देसी शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

राजपुर (रोहतास) राजपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देसी दारू के साथ दो कारोबारी को धर दबोचा । थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बलिगांव से गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छठु पासवान एवं प्रमोद गोसाई को 15 लीटर देसी दारू के साथ रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया ।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

### मारपीट एवं एससी-एसटी एक्ट मामले के दो अभियुक्त गिरफ्तार

दिनारा (रोहतास) दिनारा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मारपीट एवं एससी-एसटी एक्ट के मामले में दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के दुबे-डिहरी निवासी जय राम चौधरी एवं मुरली चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 63/24 के आलोक में मारपीट करने व एससी-एसटी एक्ट के मामले में कांड दर्ज था।

### पुलिस वाहन चालकों से 67 हजार का काटा चालान

बिक्रमगंज (रोहतास) बिक्रमगंज पुलिस ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर थाना क्षेत्र के आरा-सासाराम मुख्य पथ पर मोहनी चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया । बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष रूप से छोटे एवं बड़े वाहनों की सघन रूप से तलाशी ली जा रही है ।उन्होंने बताया कि वाहन चेकिंग के क्रम में स्थानीय पुलिस पदाधिकारी के द्वारा 67 हजार रुपए का ऑनलाइन चालान काटा गया।

### कार्यवाही से मचा हड़कंप

औरंगाबाद। किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद के पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि आज किशोर न्याय परिषद के प्रधान दंडाधिकारी सुशील प्रसाद सिंह ने बाल संरक्षण पदाधिकारी, प्रभारी अधीक्षक सुरक्षित स्थान को 25 अप्रैल 2024 को निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित रहने के कारण दो दिनों के वेतन अगले आदेश तक स्थगित रखने का आदेश दिया है। साथ ही अन्य पांच कमीर्यो का वेतन स्थगित रखने का आदेश दिया है। निरीक्षण के दौरान पाएं गये भारी अनियमितताएं के लिए सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई औरंगाबाद और प्रभारी अधीक्षक को शोकोज किया गया है तथा अनियमितताएं पर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश औरंगाबाद, अपर निबंधक किशोर न्याय सचिवालय उच्च न्यायालय पटना को पत्र निर्गत किया गया है।

### भुला भटका मासूम बच्चा को मेहंदिया पुलिस ने परिजन को किया सपुर्द

अरवल। भूला भटका एक छोटा सा मासूम बच्चा को मेहंदिया थाने के पुलिस ने परिजनों को किया सपुर्दे इस मामले में मेहंदिया थाना अध्यक्ष राहुल अभिषेक ने बताया कि बेलसार गांव से सूचना मिला की गांव से एक मासूम सा एक छोटा बच्चा भूल गया है जिसके उपरांत मेहंदिया पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर भटक रहे एक छोटा सा मासूम बच्चा को बरामद कर थाना परिसर लाया गया और मासूम बच्चा का फोटो सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल किया गया एवं अगल-बगल के होटलो एवं सार्वजनिक स्थलों को सूचित किया गया सूचना के उपरांत महज 20 मिनट के अंदर परिजन वायरल फोटो के माध्यम से पहचान कर थाना परिसर पहुंचे जहां पुलिस द्वारा मासूम बच्चा को परिजनों को सपुर्द कर दिया गया जानकारी के मुताबिक बेलसार गाँव में परिजन के साथ बच्चा अपने रिश्तेदार के यहाँ आया हुआ था तभी घर से अचानक भटक गया थो हालांकि गुमशुदा बच्चा कि पहचान 5 वर्षीय पटना जिले के फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के खगौल गाँव निवासी सुधाकर कुमार पाठक के पुत्र केशु कुमार पाठक के रूप में की गई ।

### पुलिस ने चार वारंटी को भेजा जेल

बिक्रमगंज (रोहतास) नासरीगंज एवं दिनारा पुलिस ने अलग-अलग गांवों से चार वारंटी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि सासाराम मुफस्सिल निवासी विराट कुमार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया । तो वहीं दूसरी ओर दिनारा पुलिस ने भी थाना क्षेत्र के लोहरा गांव से जयप्रकाश राम और जग दयाल चौधरी को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । वहीं बराढ़ी कला निवासी श्याम बिहारी मुसहर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने दी ।दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार एवं नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध कोर्ट से निर्गत वारंट था।

# बीआरसी कार्यालय के अधिकारियों हुए बेलगाम

प्रात: किरण संवाददाता

## 11 बजे तक नही खुलते है ऑफिस के ताले, कर्मचारी नदारद



काराकाट (रोहतास) काराकाट प्रखंड संसाधन केंद्र के अधिकारी व कर्मचारियों को किसी का तनिक भी भय नहीं है । तभी तो शुक्रवार को पूरे कार्यालय के मुख्य गेट पर ही ताला बंद करके सभी कर्मचारी गायब मिले । पूछने पर पता चला कि एमटीएस सिंटू कुमार ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मो०. कलामुदीन को अपने निजी वाहन से प्रतिदिन विद्यालय के निरक्षण कराने के लिए लेकर जाते हैं।

जिससे पूरा बीआरसी का काम प्रभावित रहता है । प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कितना लापरवाह हैं और कर्मचारियों की कितनी मनमानी चल रही है इसका अंदाजा बीआरसी कार्यालय के हालातों को देखकर लगाया जा सकता है । कहने को प्रखंड मुख्यालय पर स्थित सभी कार्यालयों में सुबह 10 बजे से काम शुरू हो जाता है, लेकिन बीआरसी में 11 बजे तक भी ताले लटके रहते हैं । मुख्य गेट पर लटके तालों से स्पष्ट पता चलता है कि कार्यालय सुबह से खोला ही नहीं गया था । कार्यालय के बाहर सुबह से इंतजार कर रहे शिक्षक व अभिभावकों ने बताया कि वो काम से बीआरसी में आते हैं लेकिन ताला बंद देख बिना काम कराये वापिस लौट जाते हैं । जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सरकारी स्कूल के शिक्षक, प्रखंड बीपीएम नवीन कुमार सहित दर्जनों अभिभावक बीआरसी भवन के मुख्य गेट पर सुबह से ताला खुलने का इंतजार कर रहे थे। मुख्य गेट पर ही ताला लटका था जिसकी वजह से बीपीएम, बीआरपी,शिक्षक गेट के बाहर ही खड़े थे ।

वही कई अभिभावक भी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के इंतजार में सुबह से इंतजार कर रहे थे । मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी 11 बजे के बाद बीआरसी पहुंचे जहां सुबह से इंतजार कर रहे अभिभावकों ने उन्हें घेर लिया और पूछा कि साहब अगर विद्यालय 9 बजे नही खुलती है तो आप उसके ऊपर त्वरित कार्रवाई करते हैं और आपका बीआरसी 11 बजे तक बंद हैं तो आपके ऊपर करवाई क्यों नहीं होनी चाहिए । इस सभी सवालों से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मो०. कलामुदीन बचते दिखे । दरअसल प्रखंड के शिक्षा विभाग हमेशा से ही सुर्खियों में रहती है । लेकिन ऐसे अधिकारियों पर कठोरतम कार्रवाई नही होती, जिसकी वजह से सभी बीआरसी कर्मी व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी लापरवाह बने हुए है ।

# वीर बांकुरा बाबू कुँवर सिंह का मनाया गया शौर्य एवं शहादत दिवस

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। राष्ट्रीय कुँवर सेना द्वारा 26 अप्रैल वीर बांकुरा बाबू कुँवर सिंह का शौर्य एवं शहादत दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय कंवर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्मल सिंह शक्रवार की अध्यक्षता में वीर बांकुरा बाबू वीर कुंवर सिंह के शहादत एवं शौर्य दिवस विभिन्न स्थलों पर जाकर लोगों एवं समाज के सभी वर्गो को जागरूक किया गया। सर्वप्रथम, आदमकद प्रतिमा पर वीर कुंवर सिंह पार्क एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के प्रशासनिक परिसर में जाकर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया उसके बाद शहादत दिवस पर 'कुँवर,शौर्य एवं बलिदान' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें विषय प्रवर्तन कराते हुए मुख्य वक्ता शिक्षाविद् डॉ शशि बाबा ने कहा, भोजपुरवासियों के कंठाहार हैं वीर कुंवर सिंह। उनके शहादत के पहले विजयोत्सव वैश्विक पटल पर ऐसा अमिट छाप छोड़ा कि कैप्टन डनवर जैसे अंग्रेजों को पराजित करने के बाद आरा को आजाद करवा कर भारत की आजादी का मार्ग प्रशस्त किया। पूर्व प्रधानाचार्य डॉ प्रोफेसर गांधी जी राय ने कहा ब्रिटिश सल्तनत के विरूद्ध आरा का यह नेता राष्ट्रीय क्रांति का जननायक बन चुके थे। अध्यक्ष निर्मल सिंह शक्रवार ने कहा, वीर कुंवर सिंह की परंपरा और संस्कृति को जब तक मेरे शरीर में जान है, तब तक इसको कायम रखने के लिए मैं संघर्ष करते रहूंगा। आरा के पूर्व सांसद प्रत्याशी राजू यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रघुवर प्रसाद चंद्रवंशी, ठाकुर राष्ट्रीय महामंत्री राज किशोर सिंह, प्रदेश सचिव बरमेश्वर सिंह बेहरा पूर्व प्रमुख जगदीशपुर के परशुराम सिंह चंद्रवंशी,जिला अध्यक्ष महंत सिंह मुखिया , कन्हैया महाप्रभु ,ठाकुर संजय सिंह इत्यादि प्रमुख थे धन्यवाद ज्ञापन महिला नेत्री पिंकी देवी ने किया जबकि जबकि संचालन डॉक्टर रघुबर प्रसाद चंद्रवंशी एवं बरमेश्वर सिंह बेहरा ने किया।

# जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में युवा व्यावसायिक का एक चौपाल किया गया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विशुद्ध बिभु जैन के नेतृत्व में युवा व्यावसायिक का एक चौपाल आयोजन किया गया सुंदर मार्केट में जिसकी अध्यक्षता जिला युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष राजन नएयर के द्वारा किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर विधान पार्षद जीवन कुमार उपस्थित थे व्यवसाईयों को एकजुट होकर मानिए प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में ज्यादा से ज्यादा प्रतिशत में वोट करने का अपील किया गया और विकास पुरूष श्री आरके सिंह जी को रिकॉर्ड मतों से जिताने की अपील की गई लोगों को बताया गया कैसे महागठबंधन के राज में जंगल राज कायम था कैसे व्यवसाईयों का हत्या ,अपराह्न ,लूटपाट ,और रंगदारी किया जाता था और कुछ दिन पहले कैसे एक व्यवसायई सुरेंद्र गुप्ता की हत्या महा गठबंधन के लोगों द्वारा किया गया और महागठबंधन के काले कारनामे को बताया गया व्यवसायों ने एकजुट होकर वोट करने का ऐलान किया है माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए के प्रत्याशी आरके सिंह जी को और भोजपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव डॉ आदित्य विजय जैन के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया और पूरे एक जुटता के साथ वैय्य समाज और व्यवसाईयों के द्वारा पूरे भोजपुर जिला में एनडीए प्रत्याशी श्री आरके सिंह जी को वोट करने का ऐलान किया गया इस बैठक में राजा भाटिया,रोहित केशरी, संतोष गुप्ता,राहुल गुप्ता, विशाल जैन, रानू चौरसिया, परदिप नारायण दास,राजेश अग्रवाल, पंकज प्रभाकर,समर,संजय जालान, सुभम अग्रवाल,विष्णु मिश्रा, धीरेंद्र चंद्र जैन, हंस केशरी, नीरज सोनी, आशु गुप्ता,रितेश राज, सुनील नयार, राहुल बदलानी, गिरिशंकर अग्रवाल,सरदार इकबाल सिंह, सरदार बलबीर सिंह, सरदार सुरजीत सिंह, संतोष पटेल, , अरुण गुप्ता, विजय गुप्ता, गोपाल जी, संतोष पब्लिसिटी,युवा मोर्चा जिला सोसल मीडिया प्रभारी प्रतीक चंद्रवंशी और बहुत से वैश्य और व्यावसायि समाज के लोग उपस्थित थे जिसकी जानकारी मीडिया प्रभारी अरिहंत विजय जैन ने दी।

# वैशाख माह में विष्णु धाम में करें जलदान

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित जम्होर थानांतर्गत प्रसिद्ध तीर्थ स्थल विष्णु धाम प्रकृति का अमूल्य धरोहर है ।मोक्षदायिनी एवं पुण्यदायिनी पुनपुन बटाने के संगम तट पर अवस्थित इस तीर्थ स्थल का वर्णन पुराणों में भी आया है ।मगध के चार धाम गया, राजगीर,देवकुंड एवं विष्णु धाम है ।औरंगाबाद जिले की प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिका समकालीन जवाबदेही के सह संपादक सुरेश विद्यार्थी ने अवलोकन करते हुए बताया कि विष्णु धाम की महता संगम तट पर होने के कारण और भी बढ़ जाती है ।पुनपुन बटाने का संगम तट कभी सूखता नहीं है। अगल-बगल का जल स्रोत सूख भी जाते हैं तो भी इस स्थल पर जहां संगम है वहां का जल स्रोत हमेशा बरकरार रहता है। सनातनी परंपरा का महत्वपूर्ण मास वैशाख को माधव मास की संज्ञा दी गई है ।इस माह में जल दान करने से सभी समस्याओं का निदान हो जाता है ।अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है जो व्यक्ति जल दान करने में अस्मर्थ हो वे दूसरों को जल दान करने के लिए प्रेरित करें। इस माह में जल दान के निमित जो व्यक्ति प्याउ लगवाता है उसे त्रिदेव की कृपा प्राप्त हो जाती है।

# एनडीए की जीत के लिए मंत्री संतोष सिंह पहुंचे काराकाट के जनता द्वार

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह ने काराकाट लोकसभा क्षेत्रों का दौरा किया। जहां उनके आगमन होते एनडीए कार्यकताओं सहित समर्थकों ने पूर्व चेयरमैन नगर परिषद सह वर्तमान व्यापार मंडल अध्यक्ष,बिक्रमगंज सिद्धनाथ उर्फ जवाहर सिंह के नेतृत्व में उनके धारूपुर आवास पर फूल माला पहना गर्मजोशी से स्वागत कर नारा लगाया। जहां मंत्री ने राजनीति के अनुभवी ज्ञाता भाजपा नेता सिद्धनाथ सिंह से आशीर्वाद लेते हुए एनडीए 400 के पार पर चुनाव पर विषेश चर्चा की। साथ ही भाजपा के युवा हनुमान नेता डॉ. मनीष रंजन के एनडीए टीम मंडली साथ विभिन्न क्षेत्रों में लोगों से जनसंपर्क किया। जहां काराकाट लोकसभा क्षेत्र के जनता द्वार पहुंच कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में काराकाट लोकसभा क्षेत्र के चुनावी दंगल में एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा को क्षेत्रों के जनहित विकास कार्य के लिए मतदाता अपना बहुमूल्य वोट 1 जून को सभी बूथ केंद्रों पर देकर उन्हें जीत दिलाते हुए प्रधानमंत्री के हाथों को और मजबूत बनाएं। वही अंतिम चरण की लोकसभा चुनाव में काराकाट लोकसभा क्षेत्र के नोखा, डेहरी, काराकाट,गोह,ओबरा सहित नवीनगर

अंतर्गत सभी एनडीए कार्यकर्ता को एकजुट होकर जनता की समस्या से रूबरू होने के लिए उनके द्वार तक पहुंचने के लिए अपील की। ताकि प्रधानमंत्री के सबका साथ-सबका विकास का सपना सच हो सकें। जो इस बार की लोकसभा चुनाव में बिहार में 40 सीट जनता मतदाता के आशीर्वाद से एनडीए के झोली में अवश्य जायेगी। जो पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एनडीए 400 के पार होगी। मौके पर अजीत सिंह,सुनील सिंह,मनमोहन तिवारी, बिरेंद्र तिवारी, बलवंत सिंह, नगर सभापति बिक्रमगंज मनोरंजन सिंह,राजेश कुशवाहा, रामचंद्र पासवान, भूपेश प्रसाद, रितेश सिंह, मुखिया अमित सिंह, ललित मोहन सिंह,सरोज सिंह, प्राचार्य अमरेंद्र मिश्रा,नवीन चंद्र शाह, नागेश्वर कुशवाहा समेत समर्थक मैनुद्दीन हुसैन,अजय यादव, श्याम बिहारी यादव,सतीश कुशवाहा, जसीम कुरैशी,अयूब खां, परवेज खां, विवेक कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थें।

# डीएम ने जनता दरबार आए लोगों की सुनी समस्या, किया समाधान

प्रात: किरण संवाददाता

● जनता दरबार मे 40 से अधिक लोगों के मामले को ध्यानपूर्वक सुना गया है।

गया ।प्रत्येक शुक्रवार को जिला स्तरीय जनता दरबार का आयोजन समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी, गया डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में किया गया है। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को यथाशीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। जिला पदाधिकारी की विशेष पहल से भीषण गर्मी को देखते हुए जनता दरबार में आने वाले लोगों के लिए ठंडा पानी की व्यवस्था तथा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। जनता दरबार मे 40 से अधिक लोगों के मामले को ध्यानपूर्वक सुना गया है ।जिसमें प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री आवास योजना, भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, परिमार्जन, सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ इत्यादि मामलों में जिलाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारियों, प्रखंडो के प्रभारी पदाधिकारी तथा संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का जांच करते हुए नियमानुसार कारवाई करने का निर्देश दिया है।

जिले के वजीरगंज प्रखंड के निवासी गोपाल प्रसाद द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु आवेदन दिया गया है। आवेदक द्वारा बताया गया कि तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा अतिक्रमणमुक्त कराने हेतु संबंधित अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया था परंतु अबतक अतिक्रमणमुक्त नहीं कराया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा अंचल अधिकारी, वजीरगंज को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि यथाशीघ्र उक्त मामले की जांच करते हुए नियमानुसार अतिक्रमण मुक्त कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराएंगे ।फतेहपुर प्रखंड के लोकेश कुमार द्वारा जमाबंदी नहीं किए जाने के संबंध में आवेदन दिया गया है इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी, फतेहपुर को मामले की जांच कर जमाबंदी करवाने का निर्देश दिया गया है ।वजीरगंज प्रखंड के योगेंद्र चौधरी द्वारा बताया गया कि बताया गया कि उन्हें इंदिरा आवास योजना का लाभ मिला है।

# बक्सर जिला में पहला एथनॉल प्लांट हुआ शुभारंभ

प्रात: किरण संवाददाता



नावानगर। बक्सर ज़िलाधिकारी अंशुल अग्रवाल, एक्साइज सुप्रीटेंडेंट दीपक पाठक के द्वारा कम्पनी में विजिट कर एक्साइज क्लीयरेंस और अग्निशामक विभाग के एनओसी प्राप्त होने के बाद 25 मार्च से कम्पनी ने बिजली उत्पादन सहित भारत प्लस एथनॉल लिमिटेड कंपनी का प्रोडक्शन शुरू हुआ ।जिसके लिए भारत प्लस एथेनॉल कंपनी के सीएमडी अजय कुमार सिंह ने सभी अधिकारी और प्रशासन को धन्यवाद दिया। जहां अपने सभी पूर्व और वर्तमान सभी स्टाफ के दिन रात के मेहनत को सराहाते बताया कि एक बिरान जगह पर डेढ़ वर्ष में प्लांट खड़ा कर प्रोडक्शन चालू करना बहुत मुश्किल होता है ।फिर भी इन सभी के सहयोग और मेहनत से कंपनी का प्रोडक्शन शुरू हो गया ।ज्ञात हो कि 10 अगस्त 2022 को कम्पनी के सीएमडी अजय सिंह ने धर्म पत्नी डायरेक्टर रेखा सिंह,माँ और परिवार के साथ कम्पनी का भूमि पूजन कर शुरूआत किया था जो कम्पनी आज 25 अप्रैल 2024 को पूर्ण रूप से प्लांट चालू हो गया ।अजय सिंह बताते हैं कि इसमें मेरे परिवार के सभी का विश्वास था साथ साथ उनका मेहनत भी था आज मेरे बड़े भाई शैलेश सिंह कंपनी शुरूआत के ये दिन देख नहीं पाये जिसका अफसोस मुझे सहित मेरे परिवार को ज़िंदगी भर रहेगा। बहुत ही जल्द उनकी विशाल प्रतिमा प्लांट में लगाया जायेगा। माँ का भरोसा और मेरे सिंह इंफ्राटेल का परिवार का सहयोग रहा ।भारत प्लस एथनॉल के सीएमडी ने सभी को धन्यवाद दिया ।सीएमडी अजय सिंह ने प्लांट के पूर्व जीएम राजेश कुमार, एजीएम ए के पांडेय और वर्तमान जीएम अजीत शाही , अकाउंटेंट घनश्याम मिश्रा, टीनकु सिंह , एस न शर्मा,प्लांट का हेड कूक विकास सिंह , ई धीरेंद्र कुमार ,आई ललित कुमार , धनंजय पाल , शशांक पांडेय , रणजीत सिंह , के सी पांडेय सीएफओ महेश कुमार,छोटे भाई संजीत सिंह, बड़े भाई जे कि सिंह के साथ सभी लोग कार्य कर रहे सभी लोगों का भरपूर सहयोग मिला। इसके बाद श्री सिंह ने सभी को बधाई के साथ धन्यवाद दिया ।प्लांट डिजाइन एवं लगना प्राज लिमिटेड पुणे ने और बायलर एंड टर्बाइन उत्तम एनर्जी लिमिटेड पुणे द्वारा किया गया। बक्सर के प्रशासन का भी भरपूर सहयोग मिला। जिससे काम करने में आसानी हुआ ।नवानगर बक्सर के बीडीओ मनोज कुमार का भरपूर सहयोग के साथ नवानगर के जानता का अपार स्नेह भी मिला। बिहार इंडस्ट्री डिपार्टमेंट का पूरा सपोर्ट मिला उद्योग विभाग के सचिव संदीप पौड्रिक,डायरेक्टर इंडस्ट्री पंकज दीक्षित के साथ पूरा डिपार्टमेंट के साथ बक्सर के प्रशासन का भी भरपूर सहयोग मिला। साथ में बिहार के इंडस्ट्री कन्सैटेंट कुणाल किशोर जी का भरपूर सहयोग मिला जिससे काम करने में आसानी हुआ और कंपनी आज 25 अप्रैल को पूर्ण रूप से शुरू हो गया जहां प्रतिदिन 1 लाख 20 हजार लीटर एथेनॉल का उत्पादन शुरू हो गया तो दुसरी तरफ कम्पनी 3 मेगावाट बिजली बनाना शुरू कर दी ।जिसके लिए सीएमडी ने कम्पनी में कार्यरत सभी अधिकारियों,प्रशासनिक अधिकारियों सहित उद्योग विभाग के सचिव को भी धन्यवाद ज्ञापन किया।

# बच्चों के बीच मधुबनी चित्रकला प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

प्रात: किरण संवाददाता



गया ।अखिल विश्व गायत्री परिवार , गया जी की युवा इकाई मगध युवा प्रकोष्ठ द्वारा संचालित निःशुल्क मगध बाल संस्कारशाला, गया जी के बच्चों के बीच ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों के बीच मधुबनी चित्रकला प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन मुख्य ट्रस्टी कमलेश प्रसाद ने किया है । वहीं प्रशिक्षण शिविर ने बच्चों को सिखा रही कन्या जागृति मंडल की बहन अनुष्का पाठक ने कहा कि इस ग्रीष्मकालीन मधुबनी चित्रकला शिविर के माध्यम से हम बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का काम कर रहे हैं। मगध बाल संस्कारशाला के प्रभारी मनीष शुक्ला ने कहा कि बाल संस्कारशाला में समय - समय पर शिक्षा के अलावा इस तरह की गतिविधियां नियमित रूप से संचालित होते रहती है। जिससे बच्चों के अंदर सीखने की ललक जागृत रहती है। वहीं प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में दीव्य रक्त अग्रदूत, बिहार के समन्वयक अमित कुमार, मधुबली चित्रकला की कलाकार जागृति किरण , मुकेश कुमार, ज्ञानेश्वर कुमार , निधि कुमारी , गौरव कुमार , अंकित कुमार , अनुराग कुमार आदि उपस्थित रहे।

# प्रीमियम फुटबॉल एंड स्पोर्ट्स अकैडमी पटना को एक जीरो से हराकर फाइनल में किया प्रवेश

प्रात: किरण संवाददाता



गया। बिहार में चल रहे प्रथम बिहार यूथ लीग अंडर 13 का आयोजन सिवान जिला में किया गया है । यह आयोजन दिनांक 14 अप्रैल से लेकर 25 अप्रैल को संपन्न हो गया ।इस बिहार यूथ लीग अंडर 13 में बिहार के विभिन्न जिलों से आए हुए कुल 9 टीमों ने भाग लिया है ।जिसमें गया से अब्दुल रहीम मेमोरियल फुटबॉल अकैडमी ने अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए लीग मैच के पॉइंट टेबल में चौथे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में पटना की प्रीमियम फुटबॉल एंड स्पोर्ट्स अकैडमी पटना को एक जीरो से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। फाइनल मुकाबला 25 अप्रैल 2024 को खेला गया जिसमें अब्दुल रहीम मेमोरियल फुटबॉल अकैडमी गया रनर अप रही इस मुकाबले में अल्फा फुटबॉल अकैडमी विजेता हुई और अब्दुल रहीम फुटबॉल एकेडमी उपविजेता रही । उपविजेता टीम अब्दुल रहीम मेमोरियल फुटबॉल अकैडमी आज सुबह सिवान से वापस गया पहुंची जिसका स्वागत गया जिला ओलंपिक संघ के सचिव मोती करीमी ,गया जिला फुटबाल संघ के सचिव खतीब अहमद, एआरएमएफए के फाउंडर डायरेक्टर मोहम्मद आफाक अंसारी, एआरएमएफए के सचिव उमर अंसारी,वरिष्ठ खिलाड़ी शमीम अहमद एवं अन्य लोगों ने टीम एवं उसके कोच मो अवतार अंसारी, टीम मैनेजर सद्दाम हुसैन एवं तकनीकी सहायक ज्वाला सिंह का जोरदार स्वागत गया जंक्शन पर किया गया और सभी लोगों ने उपविजेता टीम को बधाई एवं मुबारकबाद दी और गया जिला का नाम इसी तरह रोशन करते रहे इसके लिए कड़ी मेहनत और लगन से अपने प्रशिक्षण पर ध्यान देनी की बात कही। गया जंक्शन पर पहुंचे पत्रकारों से बात करते हुए अकादमी के सेक्रेटरी उमर अंसारी ने बताया कि अगर गया शहर में बेहतर फुटबॉल ग्राउंड मिले तो बच्चे नेशनल इंटरनेशनल तक पहुंच सकते हैं।

# तीन पंचायतो में रिक्त पदो पर उपमुखिया का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

अरवल। जिले के तीन पंचायतो में रिक्त पदो पर उपमुखिया का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। जिला अंतर्गत कलेर प्रखण्ड के पंचायत टेरी, अरवल प्रखण्ड के पंचायत खभैनी तथा कुर्था प्रखण्ड के पंचायत-मानिकपुर के उप मुखिया के रिक्त पद के लिए राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार द्वारा निर्धारित तिथि पर शुक्रवार को निर्वाचन शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया।

पूरी निर्वाचन प्रक्रिया के निरीक्षण तथा अनुश्रवण के लिए प्रखण्ड-कलेर में कुमार विनोद, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी डॉ० अनुपमा कुमारी, अपर समाहर्ता, अरवल तथा प्रखण्ड कुर्था में सुधांशु शेखर, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अरवल की प्रतिनियुक्ति प्रेक्षक के रूप में की गई थी। प्रखण्डवार निर्वाचन का परिणाम निम्नांकित हैः- (1). प्रखण्ड कुर्था, पंचायत मानिकपुर में उप मुखिया पद के लिए निर्वाचन संपन्न हुआ।

ग्राम पंचायत मानिकपुर के उप-मुखिया पद के लिए कुल दो उम्मीदवारों- श्री वेद प्रकाश पासवान तथा श्री मितरंजन कुमार ने नामांकन किया। चुनाव हेतु कुल वैध मतों की संख्या-15 थी, जिसमें से श्री वेद प्रकाश पासवान को कुल 08 (आठ) एवं श्री मितरंजन कुमार को कुल 07 (सात) मत प्राप्त हुए। इस प्रकार से श्री वेद प्रकाश पासवान, माननीय उप-मुखिया, ग्राम पंचायत मानिकपुर के पद के लिए विजयी घोषित हुए। (2) प्रखण्ड-कलेर, पंचायत टेरी में उप मुखिया पद का निर्वाचन निर्विरोध हुआ।

# सड़क किनारे सजती है सब्जी मंडी, खरीदारों को सताता है डर

आरा। कोइलवर प्रखंड स्थित कोइलवर थाना चौक पर हर शुक्रवार को सब्जी मंडी लगती है। सड़क के किनारे सब्जी मंडी लगने से आए दिन बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। दोपहर होते ही किसान सड़क के दोनों किनारे सब्जी बाजार लगाकर यातायात को बाधित कर देते हैं। जिससे दुर्घटना एवं सड़क जाम की समस्या बनी रहती है। मालूम हो कि लगभग आधा दर्जन गांव के किसान इस बाजार में सब्जी लाकर थोक और खुदरा व्यापार करते हैं ।दौलतपुर,राजापुर,धनडीहां ,कुल्हड़िया,चंदा से आये किसान शुक्रवार को कोइलवर चौक स्थित बाजार लगाकर व्यापार करते हैं। नगर पंचायत में सब्जी मंडी के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण हर शुक्रवार को मजबूरन किसान एवं खुदरा दुकानदार सड़क किनारे सब्जी की दुकान लगाते हैं। मालूम हो कि कोइलवर के इस सर्विस रोड से रोजाना हजारों बालू लदे ट्रकों का आवागमन होते है ऐसे में सड़क किनारे बाजार लगने से किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। सड़क के दोनों तरफ बाजार लगने से जहां सब्जी खरीदने वाले ग्राहकों को ट्रक के चपेट में आने का भय सताता रहता है वही सब्जी विक्रेता भी डर के साये में जीते हैं। प्रखण्ड के व्यवसायी संघ के सचिव शहाबुद्दीन खान ने बताया कि सड़क किनारे बाजार लगने से जहां सब्जी बेचने वाले किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है वही ग्राहकों को भी सब्जी की खरीदारी करने में डर सताता रहता है। नगर में सब्जी मंडी की व्यवस्था नहीं होने से ये समस्या उत्पन्न हो रही है। हमने पूर्व में जिलाधिकारी से मिलकर इस सम्बन्ध में शिकायत किया था।

# जिलाधिकारी ने लू हीट वेव को देखते हुए एडवाईजरी जारी की

अरवल। जिले में उष्ण लहर (हीट वेव) को देखते हुए जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा एडवाईजरी जारी की गई। हीट वेव के दौरान क्या-क्या सावधानियों बरतनी चाहिए। उनके द्वारा बताया गया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग के संख्यात्मक मॉडल के विश्लेषण के अनुसार राज्य में 24 अप्रैल से 29 अप्रैल के दौरान दक्षिणी भागो यथा जहानाबाद, अरवल, गया इत्यादि में अधिकांश स्थानों में लू (हीट वैव) होने की प्रबल संभावना है। यह मौसम गतिविधि 30 अप्रैल से पुनः सामान्य होने की संभावना है। अतः इस दौरान विशेष सावधानियाँ बरतकर हीट वेव (उच्ण लहर) के प्रकोप से बचा जा सकता है। हीट वेव के दौरान प्रभाव को कम करने और हीट स्ट्रोक के कारण होने वाली गंभीर बीमारी या मृत्यु को रोकने के लिए आप निम्नलिखित उपाय कर सकते हैः- धूप में विशेष रूप से दोपहर 12.00 बजे से 3.00 बजे के बीच बाहर जाने से बचें। पर्याप्त पानी पीयें ताकि शरीर पूरी तरह से हाईड्रेट रहे। हल्के रंग के ढीले व झरझरा सूती कपडे पहनें। धूप में बाहर निकलते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता, टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग करें। बाहर का तापमान अधिक होने पर श्रमसाध्य गतिविधियों से बचें। दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच बाहर काम करने से बचें। यात्रा के दौरान अपने साथ पानी जरूर रखें। शरीर को निर्जलित करने वाले पेय पदार्थो यथा चाय, कॉफी और काबोर्नेटेड शीतल पेय के सेवन करने से बचें। उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचे और बासी भोजन न करें। बच्चों या पालतू जानवरों को खड़ी गाड़ियों में न छोड़ें, यदि आप बेहोशी या बीमार महसूस करते हैं, तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएँ। ओआरएस, घर के बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नीबू पानी. छाछ आदि का उपयोग करे जो शरीर को हाइड्रेट करने में मदद करते हैं। पशुओं को छाया में रखें और उन्हें पीने के लिए भरपूर पानी दें।

# खुशहाल नहीं था मेरा बचपन, शुरू से किया सफलता पर फोकसः सामंथा रुथ प्रभु



मशहूर एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने अपने पॉडकास्ट टेक 20 पर अपने लाइफ एक्सपीरियंस को शेयर किया। उन्होंने कहा कि बचपन से ही मेरा फोकस सफलता पर था।

पॉडकास्ट टेक 20 के एक एपिसोड में, सामंथा ने वेलनेस कोच और न्यूट्रिशनिस्ट अलकेश शारोत्री के साथ कुछ परिस्थितियों में शरीर में आने वाले बदलाव या परेशानियों पर बात की। एक्ट्रेस ने कहा, मेरा मानना था कि थकावट और आराम की जरूरत कमजोरी के लक्षण हैं। मुझे केवल छह घंटे की नींद और पूरे दिन असाधारण रूप से प्रोडक्टिव होने पर गर्व है। थकावट महसूस करने के बावजूद, मैंने 13 सालों तक बिना रुके जमकर मेहनत की। एक्ट्रेस ने आगे कहा, मेरा बचपन लग्जरियस नहीं था, इसलिए कम उम्र से ही मैंने सफलता पर फोकस करना शुरू कर दिया।

मुझे जीवन में कुछ कर दिखाने की उम्मीद का दबाव महसूस हुआ, लेकिन लगातार यह धारणा बनी रही कि मैं उतनी अच्छी नहीं हूं, इसलिए यह मेरे लिए सफल होने के लिए मोटिवेशन का कारण बन गया। पुष्पा- द राइज के सॉन्ग ऊ अंतावा में अपने शानदार परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीतने वाली मंथा ने कहा कि लोग अक्सर एक्टिंग को ग्लैमरस मानते हैं, जो कि पूरा सच नहीं है। उन्होंने कहा, यह बहुत कड़ी मेहनत वाला काम है, खासकर तब जब आप लगातार सुर्खियों में हों और आपको आंका जा रहा हो। मैंने इस इंडस्ट्री में तब शुरुआत की जब मैं सिर्फ 22-23 साल की थी, और कुछ लड़कियां इससे भी कम उम्र में शुरुआत करती हैं।

अपनी जर्नी पर बात करते हुए, सामंथा ने कहा, मैं बचपन से ही दूसरों को खुद को परिभाषित करने देती रही हूं। यह एक ऐसा पैटर्न है, जहां मैंने दूसरों को खुश करने और उनकी मंजूरी लेने के लिए अथक प्रयास किया। मेरे अपने विचार, भावनाएं और इच्छाएं महत्वपूर्ण हैं। सफलता हासिल करने के बाद डर उभर कर सामने आया। उन्होंने कहा, जब मैंने सफलता हासिल की, तो मुझे इसे खोने का डर था, मैं तुरंत अगली बड़ी उपलब्धि की तलाश में लग गई। इसलिए, मेरा मानना है कि मैं अपने पूरे करियर में फ्लाइट या फ्लाइट मोड में रही हूं।

# द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' से जुड़ीं श्रीलीला



तमिल सुपरस्टार दलपति विजय अपनी आगामी फिल्म को लेकर बीते लंबे समय से सुर्खियों में हैं। वहीं, अब इससे श्रीलीला के जुड़ने की खबरें सामने आ रही हैं। वेंकट प्रभु द्वारा निर्देशित और एजीएस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम एक साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म है। फिल्म में विजय दोहरी भूमिका में हैं। हालिया विकास ने प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है क्योंकि रिपोर्टों से पता चलता है कि श्रीलीला कलाकारों में शामिल हो सकती हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रीलीला को इस साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म के कलाकारों में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया है। कहा जा रहा है कि मेकर्स फिल्म में एक खास गाने के लिए अभिनेत्री से बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, कोई और विवरण सामने नहीं आया है और अभी तक इसके बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

# टीवी स्टार श्रेय मित्तल ने अपने स्टूडियो एफएक्स फैंटेसी के जरिए फिल्म प्रोडक्शन में रखा कदम



एक्टर श्रेय मित्तल ने फिल्म प्रोडक्शन में कदम रखा है। वह नागिन 6, इंडिया वाली मां और एमटीवी स्प्लिट्सविला सीजन 12 जैसे टीवी शो में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। मित्तल ने हाल ही में अपना पोस्ट-प्रोडक्शन स्टूडियो, एफएक्स फैंटेसी लॉन्च किया है।

लॉस एंजिल्स में ली स्ट्रैसबर्ग फिल्म एंड एक्टिंग इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षित मित्तल ने मुंबई में व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल से फिल्म प्रोडक्शन में दो साल का प्रोग्राम भी पूरा किया है। एक्टर लंबे समय से फिल्म प्रोडक्शन को लेकर काम करना चाहते थे, आखिरकार वह उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। श्रेय ने कहा कि मैं हमेशा से फिल्म बिजनेस और फिल्म प्रोडक्शन का काम करना चाहता था। यह कुछ ऐसा है जिसके प्रति मैं अपने करियर की शुरुआत से ही पैशनेट रहा हूं। एक एक्टर के रूप में अपनी जर्नी शुरू करने से पहले फिल्म प्रोडक्शन की स्टडी करने से मुझे इंडस्ट्री की जटिलताओं के बारे में जानकारी मिली है।

# बिग बॉस को लेकर करण ने दिया बड़ा बयान, बोले- सलमान आपके करियर को न बना सकते हैं और न ही...



अफवाहों का बाजार गर्म है कि टीवी के मशहूर अभिनेता करण पटेल को बिग बॉस के मेकर्स ने अपने आगामी सीजन के लिए अप्रोच किया था। करण ने मेकर्स के ऑफर को ठुकराते हुए कहा था कि,यह रियलिटी शो गंदा और अपमानजनक है। टेलीविजन के मशहूर अभिनेता करण पटेल इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। दरअसल पिछले दिनों अभिनेता ने रियलिटी शो बिग बॉस के बारे में अपनी नापसंदगी को जाहिर किया था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो करण ने बिग बॉस के घर में जाने से मना कर दिया था। इतना ही नहीं उन्होंने शो के बारे में जो कुछ भी कहा था उससे सोशल मीडिया पर उन्हें काफी ट्रोल किया जा रहा है। वहीं अब करण सफाई देते नजर आ रहे हैं। अफवाहों का बाजार गर्म है कि टीवी के मशहूर अभिनेता करण पटेल को बिग बॉस के मेकर्स ने अपने आगामी सीजन के लिए अप्रोच किया था।

# रणनीतिः बालाकोट एंड बियॉन्ड में मनीषा का किरदार तैयार करना दिलचस्प थाः लारा दत्ता



एक्ट्रेस लारा दत्ता ने 2020 में एक्शन-कॉमेडी सीरीज हंड्रेड के साथ स्ट्रीमिंग की शुरुआत की। चार साल बाद, आज एक्ट्रेस का एक और शो रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड ओटीटी पर स्ट्रीम हो रहा है। स्ट्रीमिंग मीडियम में लगभग आधा दशक बिताने को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि आज ओटीटी काफी बढ़ रहा है, कई प्लेटफार्म सामने आ रहे हैं। कई प्लेटफार्म उपलब्ध होने से अलग-अलग कैरेक्टर को एक्सप्लोर करने के ज्यादा अवसर उपलब्ध हैं। बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, ओटीटी के बारे में अद्भुत बात यह है कि इसमें बहुत सारे प्लेटफॉर्म हैं, आप ऑडियंस के अलग-अलग सेगमेंट को टारगेट कर रहे हैं। आपको ऐसे कटेंट बनाने होंगे, जो उन सभी से जुड़े हों। लारा ने रणनीती- बालाकोट एंड बियॉन्ड में अपने किरदार के बारे में भी बात की। एक्ट्रेस ने कहा, मनीषा सहगल कैरेक्टर का कोई मिलिट्री बैकग्राउंड नहीं है, लेकिन हमारे बीच काफी कुछ समानताएं हैं। मुझे लगता है कि किसी कैरेक्टर के लिए स्क्रिप्ट ही आपका शुरुआती प्वाइंट है। मनीषा अकेले रहती हैं, और वह बहुत सीधी हैं। मेरे लिए इस तरह का किरदार बनाना दिलचस्प और आकर्षक था। वह लोगों और चीजों के प्रति थोड़ी लापरवाह है, लेकिन जब देश की बात आती है, तो वह सब कुछ देने के लिए तैयार रहती है।

# अपने एग्स फ्रीज कराएंगी मृणाल



साउथ और हिंदी फिल्मों की एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने हाल ही में अपने एग्स फ्रीज कराने के बारे में बात की है। उन्होंने सही पार्टनर को चुनने की मुश्किल पर भी काफी कुछ कहा है। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि वो बेहतर जिंदगी के लिए थेरेपी भी ले रही हैं।

हाल ही में एक इंटरव्यू में, एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने काम और अपनी लाइफ के बीच संतुलन बनाने, अपने एग्स फ्रीज कराने और बहुत कुछ के बारे में बात की। मृणाल ने बताया कि जब उनका दिन खराब चल रहा हो तो वह कैसे बात करना पसंद करती हैं। एक्ट्रेस ने इंटरव्यू में कहा कि उनके लिए अपनी लाइफ और करियर के बीच सही संतुलन बनाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा- लाइफ और करियर में संतुलन बनाना बहुत जरूरी है लेकिन आप हमेशा यह पता लगाने की कोशिश करते रहते हैं कि उस संतुलन को कैसे बनाया जाए। मैं जानती हूं कि रिश्ते मुश्क्ल होते हैं और इसीलिए आपको सही साथी ढूंढने की ज़रूरत है जो आपके काम को समझता हो। मैं एग्स को फ़्रीज़ करने के बारे में भी सोच रही हूं। मृणाल ने कहा यह बात सामने आई कि एक्ट्रेस मोना सिंह ने हाल ही में अपने एग्स को फ़्रीज करने के बारे में बात की है। मृणाल ने उन दिनों के बारे में भी बताया जब वह बिस्तर से बाहर नहीं निकलना चाहती थीं, फिर भी उन्हें काम पर जाना पड़ता था और सीन शूट करने पड़ते थे। उन्होंने खुलासा किया कि वह ऐसे दिनों से उबरने के लिए थेरेपी और अपने लोगों पर भरोसा करती हैं।

थेरेपी ले रही हैं मृणाल ठाकुर

एक्ट्रेस बोलीं- मैं अपने काम को बैंडएड की तरह इस्तेमाल कर रही थी, लेकिन जैसे ही मैंने सामान पैक किया और घर गई, मैं दुखी थी। अब, मैं इसे अपने सिस्टम से बाहर निकालने के लिए बात करती हूं।

मैं थेरेपी लेती हूं, यह किसी के लिए भी जरूरी है, खासकर उन एक्टर्स के लिए जो अलग-अलग किरदार निभाते हैं। मेरे पास ऐसे लोग हैं जिन्होंने मुझे बहुत परेशान किया, मेरे दोस्त और मेरी बहन। मेरी बिल्ली भी मेरी लाइफ में बदलाव लाती है।

# विद्या का साड़ियों के लिए प्यार है सदाबहार



दो और दो प्यार स्टार विद्या बालन बेहतरीन साड़ियां पहनने के लिए जानी जाती हैं। बॉलीवुड में जहां हर मौसम के साथ फैशन का चलन बदलता है वहीं विद्या का साड़ियों के लिए प्यार सदाबहार है। बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री विद्या बालन अभिनय के अलावा अपनी खूबसूरत साड़ियों के संग्रह बारे में भी जानी जाती हैं। अभिनेत्री को लगभग सभी अवॉर्ड समारोह के दौरान साड़ियों में स्पॉट किया जाता है। पिछले दिनों अपनी फिल्म दो और दो प्यार के प्रमोशन के दौरान भी वे साड़ियों में नजर आईं। विद्या के चाहने वाले जानना चाहते हैं कि आखिर उनकी पसंदीदा अभिनेत्री के पास कितनी सारी साड़ियां हैं। आइए आपको बताते हैं खुद विद्या इसके बारे में क्या कहती हैं। विद्या बालन बॉलीवुड में अलग तरह के किरदार निभाने के लिए मशहूर हैं। वे अपनी हर फिल्म में पिछली फिल्म से अलग भूमिका निभाती नजर आती हैं, लेकिन कपड़ों के मामले में उनकी पसंद एक जैसी है। विद्या को साड़ियों से प्यार है। जब उनसे एक इंटरव्यू के दौरान पूछा गया कि आपके पास कितनी साड़ियां हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### रियलमी ने नार्ज़ो श्रृंखला का विस्तार करते हुए रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी पेश किया



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज रियलमी नार्ज़ो श्रृंखला में रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी का लॉन्च किया। इस सीरीज़ में दो अत्याधुनिक स्मार्टफोनः रियलमी नार्ज़ो 70एक्स 5जी और रियलमी नार्ज़ो 70 5जी पेश किए गए हैं। रियलमी नार्ज़ो स्टाईलिश स्मार्टफोंस की सीरीज़ है, जो यूज़र्स को विस्तृत अनुभव प्रदान करती है। भारत में स्मार्टफोन टेक्नोलॉजी के भविष्य का प्रतिनिधित्व करने वाली रियलमी नार्ज़ो सीरीज़ का उपयोग करने वाले यूज़र्स की संख्या 16 मिलियन से ज्यादा है।इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा हमें रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी के लॉन्च की घोषणा करने की खुशी है यह यूज़र्स को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी एवं प्रीमियम फीचर्स प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है यह सीरीज़ स्मार्टफोन के भविष्य का प्रतिनिधित्व करती है जो यूज़र्स को लगातार विकसित होते हुए डिजिटल परिदृश्य में संपूर्ण अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाईन की गई है। अपनी आधुनिक और शक्तिशाली विशेषताओं के साथ रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी स्मार्टफोन के अनुभव को बदल देगी। भारत में 16 मिलियन से ज्यादा यूज़र्स तक पहुँचकर अपने कदमों का विस्तार करते हुए हमें विश्वास है कि रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी स्मार्टफोन उद्योग में नए मानक स्थापित कर देगी। रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी के साथ कनेक्टिविटी और परफॉर्मेंस का नया युग शुरू करने की तैयारी कर लीजिए। इन डिवाईसेज़ को आधुनिक टेक्नोलॉजी और प्रीमियम फीचर्स के साथ डिज़ाईन किया गया है, ताकि यूज़र्स अपने अद्वितीय स्टाईल का प्रदर्शन करते हुए ट्रेंड में सबसे आगे रह सकें। ग्राहकों को शॉपिंग का बेहतर अनुभव प्रदान करते हुए रियलमी नार्ज़ो सीरीज़ उपलब्ध कराने के लिए रियलमी और अमेज़न ने गठबंधन किया है।

### आकाश के ऋषि सोंगिरकर एआईआर 642 हासिल कर बने भोपाल सिटी टॉपर



**भोपाल, एजेंसी।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने भोपाल से अपने स्टूडेंट् ऋषि की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के दूसरे सत्र में 99.97 परसेंटाइल हासिल किया है। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में सिटी टॉपर ऋषि सोंगिरकर ने 99.97 परसेंटाइल (फिजिक्स में 100 परसेंटाइल) व एआईआर 642 हासिल की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया है। उनकी उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षक, और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के समर्थन का बड़ा हाथ है।आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर, डॉ. एच. आर. राव ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए जोर दिया, ÷उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन छात्रों को व्यापक कोचिंग और नवीन शिक्षण समाधान प्रदान करने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए एईएसएल की प्रतिबद्धता और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। हम कामना करते हैं कि वे अपने भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता प्राप्त करें। स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन न केवल उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में परीक्षण किए गए विषयों पर उनकी गहरी पकड़ को भी सामने लाता है.

# विरासत टैक्स सीधे मध्यम वर्ग पर प्रतिकूल असर डालेगा, मतदान के बाद बोलीं वित्त मंत्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुक्रवार को बंगलूरू के जयनगर में मतदान के बाद वित्त मंत्री सीतारमण ने विरासत टैक्स पर बात की। इस दौरान उन्होंने कड़ी मेहनत करने वाले मध्यम वर्गीय परिवारों पर विरासत टैक्स लगाने से पड़ने वाले प्रभावों पर चिंता व्यक्त की।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बंगलूरू में मतदान करने के बाद विरासत टैक्स पर बात की। उन्होंने कहा कि यह मध्यम वर्ग पर प्रतिकूल असर डालता है, जिससे उनकी गाढ़ी कमाई प्रभावित होती है। उन्होंने कहा, यह (विरासत टैक्स) सीधे मध्यम वर्ग पर प्रहार करता है। वे कड़ी मेहनत करते हैं, उनका पसीना और मेहनत इधर-उधर की छोटी-छोटी बचतों के रूप में बचती है, या तो वे सपनों का घर खरीद लेते हैं या कुछ फिक्स्ड डिपॉजिट रख लेते हैं। अगर विरासत टैक्स लगाई जाती है तो ये सभी प्रभावित होंगे। वित्त मंत्री सीतारमण ने ये बातें बेंगलुरु में लोकसभा चुनाव के लिए अपना वोट डालने के बाद कही।

शुक्रवार को बंगलूरू के जयनगर में मतदान के बाद वित्त मंत्री सीतारमण ने विरासत टैक्स पर बात की। इस दौरान उन्होंने कड़ी मेहनत करने वाले मध्यम वर्गीय परिवारों पर विरासत टैक्स लगाने से पड़ने वाले प्रभावों पर चिंता व्यक्त की। वित्त मंत्री की ओर से यह प्रतिक्रिया सैम पित्रोदा की ओर से विरासत टैक्स पर चर्चा शुरू करने के बाद आई। उन्होंने कहा कि केवल अपना बचत बनाए रखने के लिए पैसे जोड़ने वालों को दंडित करने से पिछले कई दशकों में हासिल आर्थिक लाभ सामाप्त हो सकता है।

उन्होंने कहा, मुझे याद है कि 1968 में एक अनिवार्य जमा योजना थी जहां लोगों की जमा राशि 18 प्रतिशत 20 प्रतिशत थी। इसमें से कुछ छीन लिया गया। उस समय उसका कोई कारण नहीं बताया गया। वित्त मंत्री ने कहा कि अगर धन सर्जकों को सिर्फ इसलिए दंडित किया जाएगा कि उनके पास कुछ पैसा बचा हुआ है, तो पिछले दस वर्षों में हुई भारत की प्रगति शून्य हो जाएगी।

सीतारमण ने कांग्रेस के समय की उस स्थिति को भी याद किया जब 90त्न कर की दर लागू की गई थी वित्त मंत्री ने इसके साथ ही समाजवादी मॉडल और वर्तमान सरकार के दृष्टिकोण के बीच विरोधाभास का भी उल्लेख किया। वित्त मंत्री ने कहा, कांग्रेस ने 90त्न कर लगाया था। आप शायद विश्वास नहीं करेंगे कि वर्तमान पीढ़ी को इसके बारे में कुछ भी याद नहीं होगा या पता भी नहीं होगा। एक ऐसा भारत था जहां कांग्रेस के शासन में हम अपने द्वारा अर्जित सभी आय का 90 प्रतिशत कर के रूप में भुगतान करते थे। क्या यह वह समाजवादी मॉडल है जिसके साथ कांग्रेस पार्टी सहज है। कर्नाटक में चल रहे लोकसभा चुनावों में कांग्रेस और भाजपा-जद (एस) गठबंधन के बीच कड़ी टक्कर दिख रही है। राज्य में दूसरे चरण के दौरान 14 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए वोट डाले जा रहे हैं।

## जीडीपी की रफ्तार सबसे तेज, दुनिया में मंदी की आशंका घटी; वित्त मंत्रालय का दावा

**नई, एजेंसी।** वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को जारी मार्च की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और आरबीआई ने भारत के लिए चालू वित्त वर्ष का वृद्धि संबंधी नजरिया सकारात्मक रखा हुआ है। यह बताता है कि वैश्विक स्तर पर मुश्किल हालातों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बनी हुई है।

वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। मजबूत वृद्धि, मूल्य स्थिरता और बाहरी क्षेत्र के स्थिर दृष्टिकोण से भारत के आशाजनक आर्थिक प्रदर्शन को समर्थन मिल रहा है। इसके साथ ही, वैश्विक आर्थिक वृद्धि परिदृश्य एक बार फिर उत्थान की राह पर है। इससे मंदी की आशंकाएं घटी हैं और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में तेजी की स्थिति बन रही है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर तनाव चिंता का विषय बना हुआ है।





वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को जारी मार्च की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और आरबीआई ने भारत के लिए चालू वित्त वर्ष का वृद्धि संबंधी नजरिया सकारात्मक रखा हुआ है। यह बताता है कि वैश्विक स्तर पर मुश्किल हालातों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने हाल ही में जारी विश्व आर्थिक परिदृश्य (डब्ल्यूईओ) में 2023-24 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर के अनुमान को 6.7 फीसदी से बढ़ाकर 7.8 फीसदी कर दिया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में प्रगति के संकेत दिख रहे हैं, लेकिन असमानताएं बरकरार हैं। प्रमुख संकेतक जहां आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि और भू-राजनीतिक तनाव में कमी का इशारा कर रहे हैं, वहीं हाल के संघर्षों से जोखिम पैदा हो रहे हैं। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत मजबूत आर्थिक प्रदर्शन के साथ अलग दिख रहा है। भारत सभी क्षेत्रों में व्यापक आधार वाली वृद्धि दर्शा रहा है और वैश्विक वृद्धि के समर्थन में अपनी अहम भूमिका का दावा कर रहा है।

वैश्विक सुस्ती से भारत के निर्यात और आयात में नरमी आई है। 2023-24 में वस्तु व्यापार घाटे में कमी आई है। इसकी वजह...आयात की तुलना में निर्यात में कम गिरावट है। हालांकि, गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्न एवं आभूषण निर्यात ने पिछले कुछ माह में निरंतर वृद्धि के साथ जुझारूपन दिखाया है।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी अप्रैल, 2024 में सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह भंडार 11 महीने के आयात के लिए पर्याप्त है।

## शुरुआती बढ़त के बाद कमजोर पड़ा बाजार ; सेंसेक्स 250 अंक टूटा, निफ्टी 22500 से फिसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुक्रवार को जैसे-जैसे दिन चढ़ा बाजार पर बिकवाली हावी होती गई और इसने अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी। सुबह 11.14 मिनट पर सेंसेक्स 200.15 (0.26 प्रतिशत) अंकों की गिरावट के साथ 74,139.29 पर और निफ्टी 54.30 (0.24 प्रतिशत) अंक टूटकर 22,516.05 अंकों के स्तर पर कारोबार करता दिखा। एशियाई बाजारों में दिखी बढ़त के बाद भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क इंडेक्स लगातार छठे दिन हरे निशान पर खुले। हालांकि शुरुआती कारोबार में बढ़त मामूली ही रही और धीरे-धीरे बाजार पर बिकवाली हावी होती गई। शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटी सेक्टर के शेयर बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे। सुबह 9 बजकर 23 मिनट पर सेंसेक्स 87 अंकों या 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,424 पर कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर, निफ्टी 28 अंक मजबूत होकर 22,598 पर कारोबार कर रहा था।

## भारत का सेवा निर्यात 11 फीसदी बढ़कर 345 अरब डॉलर पहुंचा, चीन में 10 फीसदी गिरावट

**नई, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) के तिमाही बुलेटिन के मुताबिक, भारत से सेवाओं का निर्यात बढ़ाने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, मेडिकल और आतिथ्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



दुनियाभर में आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत ने 2023 में 345 अरब डॉलर के सेवाओं का निर्यात किया। यह आंकड़ा एक साल पहले की तुलना में 11.4 फीसदी अधिक है। हालांकि, इस अवधि में चीन का सेवा निर्यात 10.1 फीसदी घटकर 381 अरब डॉलर रह गया।

संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) के तिमाही बुलेटिन के मुताबिक, भारत से सेवाओं का निर्यात बढ़ाने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, मेडिकल और आतिथ्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हालांकि, 2023 में भारत का सेवा आयात एक साल पहले की तुलना में 0.4 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 248 अरब डॉलर रह गया। उद्योग से जुड़े एक विशेषज्ञ ने कहा, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) व इस पर आधारित सेवाओं और यात्रा का निर्यात मजबूत हो रहा है। एजेंसी यूएनसीटीएडी ने में कहा, भारत का सेवा निर्यात ऐतिहासिक रूप से उत्तरी अमेरिका और यूरोप में केंद्रित रहा है।

## सरकार ने सफेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील दी, तीन बंदरगाहों से तय मात्रा में होगा शिपमेंट

**नई, एजेंसी।** भारत ने सफेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील दी है। तय किए गए तीन बंदरगाहों से अधिकतम दो हजार मीट्रिक टन सफेद प्याज का निर्यात किया जा सकता है।

भारत सरकार द्वारा सफेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील दी गई है। सरकार ने देश के तीन बंदरगाहों से सफेद प्याज के विदेशी शिपमेंट को मंजूरी दे दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि सफेद प्याज का निर्यात करने वाले निर्यातक को सामान और सामान की मात्रा को प्रमाणित करने के लिए गुजरात सरकार के बागवानी आयुक्त से प्रमाण पत्र लेना जरूरी होगा। सरकार द्वारा सफेद प्याज के निर्यात के लिए कुछ बंदरगाहों के नाम तय किए गए हैं। डीजीएफटी की अधिसूचना में कहा गया है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से जारी होता कि तय किए गए बंदरगाहों से अधिकतम दो हजार मीट्रिक टन सफेद प्याज का निर्यात किया जा सकता है। सरकार द्वारा निर्यात के लिए मुंद्रा बंदरगाह, पिपावाव बंदरगाह और न्हावा शेवा (जेएनपीटी) बंदरगाह के नाम तय किए गए हैं। अधिसूचना में आगे बताया गया है कि राजनीतिक रूप से संवेदनशील वस्तु प्याज के निर्यात पर सामान्य तौर पर प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन मित्र राष्ट्रों के अनुरोध पर सरकार द्वारा एक तय मात्रा में इसके शिपमेंट की अनुमति दी गई है।

# आईसीआईसीआई ने ब्लॉक किए 17000 क्रेडिट कार्ड

**नई, एजेंसी।** देश के टॉप बैंकों में शुमार आईसीआईसीआई बैंक ने अपने 17000 ग्राहकों का क्रेडिट कार्ड ब्लॉक कर दिया है। दरअसल बुधवार को आईसीआईसीआई बैंक की मोबाइल ऐप imobile की सर्विसेज में दिक्कतें आ रही थी। बैंक के मुताबिक हाल ही में जारी किए गए लगभग 17,000 क्रेडिट कार्ड का ब्योरा गलत उपयोगकर्ताओं से जुड़ने का मामला सामने आने के बाद सारे कार्ड ब्लॉक कर दिए गए हैं।

आईसीआईसीआई बैंक ने कहा कि हालांकि इस मामले में किसी भी कार्ड के किसी दुरूपयोग की सूचना नहीं है लेकिन ग्राहक को किसी भी तरह का वित्तीय नुकसान होने पर वह उसका मुआवजा देने को तैयार है।

दरअसल बैंक ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि बैंक के नए ग्राहकों के क्रेडिट कार्ड का नंबर कुछ पुराने ग्राहकों के कार्ड के साथ गलती से जुड़ गए थे। इस गड़बड़ी की वजह से बैंक के मोबाइल ऐप पर चुनिंदा पुराने ग्राहकों को नए कार्डधारकों का पूरा ब्योरा दिखने लगा था। सोशल मीडिया




पर बुधवार शाम से ही बैंक की इस गलती को लेकर चर्चा चल रही थी। हालांकि अब इसे सुधार लिया गया है। गलत मैपिंग के कारण बैंक का पुराना यूजर्स नए क्रेडिट कार्ड ग्राहक के बारे में पूरी जानकारी को देख पा रहे थे। हालांकि अब इसे ठीक कर लिया गया है। आईसीआईसीआई बैंक के मुताबिक इस समस्या की चपेट में आए क्रेडिट उसके कुल कार्ड पोर्टफोलियो का केवल 0.1 प्रतिशत है। बैंक के मुताबिक इन सभी कार्ड को ब्लॉक कर दिया गया है और ग्राहकों को नये कार्ड जारी किए जाएंगे। मोबाइल एप में दिक्कत आने के बाद गुरुवार को बैंक ने बयान जारी कर कहा था कि हमारे ग्राहक हमारी सबसे पहली प्राथमिकता हैं। हम उनके हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें पता चला है कि बीते दिनों जारी किए गए 17,000 नए क्रेडिट कार्ड हमारे डिजिटल चैनल में गलत यूजर्स के साथ कनेक्ट हो गए हैं। ये बैंक के कुल क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो का महज 0.1 प्रतिशत है। समस्या से तत्काल निपटने के लिए फिलहाल इन कार्ड को ब्लॉक किया जा रहा है। वहीं ग्राहकों को नए कार्ड जारी किए जा रहे हैं। ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। अभी तक इन कार्ड के दुरुपयोग की हमें कोई सूचना नहीं मिली है। हालांकि हम भरोसा दिलाते हैं कि अगर किसी ग्राहक को इससे कोई फाइनेंशियल नुकसान होगा, तो बैंक उसकी उचित भरपाई करेगा।

जानकारों का मानना है कि गलत मैपिंग के बाद भी क्रेडिट कार्ड के जरिये फ्रॉड होने की संभावना बहुत कम है क्योंकि कोई भी भारतीय ऑनलाइन वेबसाइट नए ग्राहक के मोबाइल फोन पर वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) भेजने का संदेश देती है। ओटीपी डालने पर भी ट्रांजैक्शन पूरा हो पाता है। आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड से संबंधित गड़बड़ी का यह मामला एक दिन पहले कोटक महिंद्रा बैंक पर रिजर्व बैंक की सख्त कार्रवाई के एक दिन बाद ही सामने आया है। रिजर्व बैंक ने कोटक महिंद्रा बैंक को आईटी नियमों के लगातार उल्लंघन के लिए ऑनलाइन नए ग्राहक जोड़ने के साथ क्रेडिट कार्ड जारी करने से भी फौरन रोक दिया है।

## डीसीबी बैंक ने की पूरे वर्ष वित्त वर्ष 2024 के परिणाम की घोषणा

**मुंबई, एजेंसी।** डीसीबी बैंक लिमिटेड (बीएसई- 532772; एनएसई- डीसीबी) के निदेशक मंडल ने 24 अप्रैल, 2024 को मुंबई में अपनी बैठक में 31 मार्च, 2024 (वित्त वर्ष 2024) को समाप्त चौथी तिमाही (वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही) और पूरे साल के लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी।

**मुख्य बातें:**

1) वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के लिए बैंक का कर पश्चात लाभ (पीएटी) पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 156 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में कर पश्चात लाभ 142 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024 के लिए बैंक का कर पश्चात लाभ (पीएटी) पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 15प्रतिशत की वृद्धि के साथ 536 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2023 के लिए कर पश्चात लाभ 466 करोड़ रुपये था। 2) साल-दर-साल एडवांस में वृद्धि 19 प्रतिशत रही (साल-दर-साल मॉर्गेज वृद्धि 22त्न, सह-ऋण वृद्धि 23त्न, निर्माण ऋण वृद्धि 26प्रतिशत और कृषि एवं समावेशी बैंकिंग वृद्धि 30प्रतिशत) और जमा वृद्धि साल- दर-साल 20प्रतिशत पर रही। 3) 31 मार्च 2024 को सकल एनपीए 3.23 प्रतिशत था। 31 मार्च 2024 को शुद्ध एनपीए 1.11प्रतिशत था। 31 मार्च, 2024 को प्रावधान (प्रोविज़न) कवरेज अनुपात (पीसीआर) 77.30 प्रतिशत था और स्वर्ण ऋण एनपीए को शामिल किए बगैर पीसीआर 78.18प्रतिशत रहा।

## 527 भारतीय उत्पादों में कैंसर फैलाने वाला केमिकल, यूरोपीय यूनियन को मिला सबूत

**नई, एजेंसी।** यूरोपीय यूनियन ने सितंबर 2020 से लेकर अप्रैल 2024 के मध्य भारत द्वारा निर्यात किए गए 527 उत्पादों में कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियां पैदा करने वाले तत्व पाए हैं। हाल ही में हांगकांग और सिंगापुर ने भारतीय उत्पादों में एथिलिन ऑक्साइड पाए जाने के कारण इन्हें प्रतिबंधित कर दिया गया था। इसी तरह के तत्व यूरोपियन फूड सेफ्टी ऑथोरिटी के अधिकारियों को पिछले करीब चार साल में भारतीय उत्पादों में देखने को मिले हैं। जिन भारतीय उत्पादों में कैंसर की बीमारी फैलाने वाले तत्व पाए गए हैं। उनमें ज्यादातर ड्राई फ्रूट और तिल (313), मसाले (60), डाइटिक फूड (48) और अन्य फूड आइटम (34) शामिल हैं। यूरोपियन फूड ऑथोरिटी द्वारा करीब 87 भारतीय कंसाइनमेंट को सीमाओं पर ही रोक दिया गया था, जबकि अन्य उत्पादों को बाद में बाजार में से हटाया गया। एथिलिन ऑक्साइड एक बेरंगी गैस है। इसका इस्तेमाल पेस्ट्रीसाइड के तौर पर होता है। इस केमिकल को मेडिकल उपकरणों की सफाई के लिए इस्तेमाल किया जाता है। खाने की चीजों में इसके इस्तेमाल से लिम्फोंमा और लिकुमिया जैसे कैंसर होते हैं। यूरोपियन यूनियन के सदस्यों द्वारा खाद्य पदार्थों की जांच के लिए बनाए गए रैपिल अलर्ट सिस्ट फॉर फूड एंड फीड (आरएएसएफएफ) के आंकड़ों के मुताबिक, भारत से यूरोप भेजे गए 525 फूड उत्पादों और दो फीड उत्पादों में इस तरह के तत्व पाए गए।

## साइबर ठगी पर नकेल, संदिग्ध खाते होंगे फ्रीज, आरबीआईनिर्देशों में जल्द करेगा बदलाव



**नई, एजेंसी।** साइबर ठगी पर नकेल कसने के लिए आरबीआई बैंकों को संदिग्ध खातों के फ्रीज करने का अधिकार दे सकता है। इससे पीड़ितों को पहले पुलिस में शिकायत दर्ज कराने से मुक्ति मिलेगी। सरकार साइबर अपराधों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले संदिग्ध बैंक खातों को अस्थायी रूप से फ्रीज करने की योजना बना रही है। तीन सूत्रों ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इसके लिए जल्द ही अपने दिशानिर्देशों में बदलाव कर सकता है। नए निर्देशों के तहत, बैंकों को यह अधिकार मिल जाएगा कि वे ऐसे संदिग्ध खाते अस्थायी रूप से बंद कर सकेंगे। यह योजना तब सामने आई है, तब आंतरिक सरकारी आंकड़ों से पता चला कि साइबर धोखाधड़ी के कारण 2021 से वित्तीय संस्थानों में करीब 1.26 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। अनुमान के मुताबिक, हर दिन धोखाधड़ी वाले करीब 4,000 खाते खोले जाते हैं।

## स्विगी लाएगी 120 करोड़ डॉलर का आईपीओ, नए शेयरों से 3,750 करोड़ जुटाने की योजना

**नई, एजेंसी, एजेंसी।** ऑनलाइन ऑर्डर पर खाना पहुंचाने वाली कंपनी स्विगी 1.2 अरब डॉलर का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) ला सकती है। कंपनी पंजीयक को दी गई जानकारी से पता चला है कि स्विगी के इस प्रस्ताव को उसके शेयरधारकों ने मंजूरी दे दी है। बेंगलूरु की यह कंपनी नए शेयर जारी कर करीब 3,750 करोड़ रुपए (लगभग 45 करोड़ डॉलर) जुटाने की योजना बना रही है। वह ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिये 6,664 करोड़ रुपए और आईपीओ से पहले एंकर निवेशकों से करीब 750 करोड़ रुपए जुटाने के बारे में भी सोच रही है। स्विगी का आईपीओ इसी साल आ सकता है। मगर अभी तक उसने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास निर्गम के दस्तावेज जमा नहीं कराए हैं। मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन के अनुसार स्विगी में सबसे अधिक करीब 32 फीसदी हिस्सेदारी प्रोसस की है।

## टी20 विश्व कप के लिए भारत की संभावित टीम

# रोहित-कोहली कर सकते हैं ओपनिंग

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 में हर मैच के साथ पुरुष टी20 विश्व कप चयन के लिए दावेदारों की सूची में एक नया नाम जुड़ जाता है। दूसरी ओर कुछ लोग अपने शानदार प्रदर्शन के माध्यम से अग्रणी बनने की ओर अग्रसर हैं। यह सब अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति के लिए पिछले प्रदर्शन के आधार पर या आईपीएल 2024 में मौजूदा फॉर्म के आधार पर खिलाड़ियों को 15 सदस्यीय भारतीय टीम को अंतिम रूप देना बड़ी समस्या बना देता है। टी20 विश्व कप के लिए टीम का ऐलान होना अभी बाकी है लेकिन किन सदस्यों को जगह मिल सकती है इस पर नजर डाल लेते हैं-



### रोहित शर्मा (कप्तान)

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इस साल फरवरी में घोषणा की थी कि वह मेगा इवेंट में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। आईपीएल 2024 के आठ मैचों में रोहित ने 162.9 की स्ट्राइक रेट के साथ 303 रन बनाए हैं जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ नाबाद 105 रन भी शामिल हैं।

### विराट कोहली

रोहित ने अफगानिस्तान श्रृंखला में जयसवाल और गिल के साथ ओपनिंग की, जबकि कोहली ने दो मैचों में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की, यह विश्व कप के लिए बदल सकता है। आईपीएल 2024 में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी कोहली को रोहित के साथ सलामी बल्लेबाजी करने के लिए अपग्रेड किया जा सकता है।

### सूर्यकुमार यादव

शीर्ष क्रम के पुरुष टी20आई बल्लेबाज पिछले कुछ वर्षों में अपने अपरंपरागत स्ट्रोकप्ले और उससे लगातार रन बनाने के कारण शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। टखने की चोट और स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी से लौटने के बाद सूर्यकुमार दो शून्य के बावजूद अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर हैं जिन्होंने पांच पारियों में 140 रन बनाए हैं।

### ऋषभ पंत

दिसंबर 2022 में एक जानलेवा कार दुर्घटना में लगी विभिन्न चोटों से उबरने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के बाद से बाएं हाथ का विकेटकीपर-बल्लेबाज अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में वापस आ रहा है। आईपीएल 2024 के 9 मैचों में पंत ने नौ पारियों में 48.86 के औसत और 161.32 के स्ट्राइक-रेट से 342 रन बनाए हैं। विकेटकीपर के रूप में पंत बेहद प्रभावशाली रहे हैं, उन्होंने 10 कैच लपके और तीन स्टंपिंग की।

### शिवम दुबे

जब से चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें आईपीएल 2022 से पहले अपने साथ जोड़ा है, तब से दुबे टी20 में बल्लेबाजी के मामले में सचमुच उलटफेर कर गए हैं। दुबे को मध्य ओवरों में स्पिन-हिटर होने की भूमिका दी गई थी, जिसमें उन्होंने अपनी लंबी पहुंच और शक्तिशाली शॉट्स की बदौलत उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अपने शानदार आईपीएल 2023 के आधार पर उन्होंने भारत की टी20आई टीम में वापसी की और अफगानिस्तान श्रृंखला में प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी हासिल किया।आईपीएल 2024 में भी दुबे ने तेज गेंदबाजों के खिलाफ रन बटोरे, खासकर शॉर्ट गेंदों के खिलाफ जो लंबे समय से उनकी दुश्मन रही है।

### हार्दिक पांड्या

तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर बल्ले और गेंद दोनों से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, साथ ही आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के नेता भी हैं। लेकिन उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी दुबे को प्रभाव खिलाड़ी नियम के कारण आईपीएल 2024 में गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिला। इसका मतलब है कि हार्दिक अपने कौशल के कारण 15 सदस्यीय टीम में शामिल हो जाएंगे।आईपीएल 2024 में हार्दिक उतने शानदार हिटर नहीं रहे, जितने के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने 8 पारियों में केवल 151 रन बनाए और केवल सात छक्के लगाए। गेंद के साथ उन्होंने केवल 17 ओवर फेंके और 10.94 की इकॉनमी रेट से सिर्फ चार विकेट लिए।

### रिंकू सिंह

बाएं हाथ के बल्लेबाज ने आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पारी की आखिरी 5 गेंदों पर पांच छक्कों के साथ सुर्खियां बटोरीं। एक ऐसा सीजन जहां उन्होंने लगातार अपनी फिनिशिंग कौशल दिखाया। वह साल के अंत में भारत के लिए टी20आई में पदार्पण किया और 15 मैचों में 356 रन बनाए जिनमें से सात में 176.23 की उच्च स्ट्राइक रेट से नाबाद रहे। हालांकि उन्हें आईपीएल 2024 में केकेआर के लिए फिनिशर बनने के ज्यादा मौके नहीं मिले हैं।

### रविंद्र जड़ेजा

जडेजा ने आईपीएल 2024 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए चार विकेट लिए हैं और बल्ले से 157 रन बनाए हैं जिसमें कई बार बल्लेबाजी करते समय फ्री होने के लिए संघर्ष करना भी शामिल है। वेस्टइंडीज में पहले खेलने और प्रारूप में एक क्लच खिलाड़ी होने का उनका अनुभव, विशेष रूप से उनकी गेंदबाजी को मदद करने वाली परिस्थितियां उन्हें विश्व कप के लिए एक योग्य खिलाड़ी बनाती हैं।

### कुलदीप यादव

आईपीएल 2022 से पहले दिल्ली कैपिटल्स द्वारा चुने जाने के बाद से बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर का इस प्रारूप में शानदार प्रदर्शन रहा है। तब से आईपीएल में मजबूत प्रदर्शन (छह मैचों में 12 विकेट सहित), अंतरराष्ट्रीय वापसी और 5 विकेट लेने के साथ पिछले साल अपने जन्मदिन पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विकेट लेने वाले कुलदीप का वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप में भारत के लिए मुख्य स्पिनर बनना निश्चित है।

### जसप्रीत बुमराह

भारत को बुमराह के एक्स-फैक्टर की बहुत कमी खली, जब वह पीठ की चोट के कारण 2022 टी20 विश्व कप से चूक गए थे जिसके लिए सर्जरी की जरूरत थी। लेकिन तब से बुमराह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अब 2024 टी20 विश्व कप में भारत के लिए नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आईपीएल 2024 में बुमराह आठ मैचों में 13 विकेट के साथ अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

### अर्शदीप सिंह

मोहम्मद शमी अकिलिस सर्जरी से उबर रहे हैं और मोहम्मद सिराज आईपीएल 2024 में सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं, इसका मतलब है कि अर्शदीप की भूमिका उस प्रारूप में बहुत अधिक महत्वपूर्ण होगी जिसने भारतीय टीम में उनके प्रवेश को प्रशस्त किया और 2022 टी20 विश्व कप में 10 विकेट लिए। हालांकि अंतराष्ट्रीय खेलों के साथ-साथ आईपीएल 2024 में भी उनका फॉर्म ऊपर-नीचे होता रहा है, लेकिन पावर-प्ले और डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने का अर्शदीप का कौशल विश्व कप में भारत के लिए उपयोगी हो सकता है।

### आवेश खान

आवेश ने आईपीएल 2024 में अपनी डेथ ओवरों की गेंदबाजी में काफी सुधार दिखाया है और 9.41 की इकॉनमी रेट के साथ 8 विकेट लिए हैं, जिसमें उनकी वाइड यॉर्कर और धीमी गेंदें शामिल हैं। डेथ ओवरों में अच्छी गेंदबाजी करने के अलावा, अगर भारतीय टीम सिराज का चयन नहीं करती है तो आवेश जरूरत पड़ने पर बीच के ओवरों में भी दमदार भूमिका निभा सकते हैं।

### यशस्वी जयसवाल

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज का आईपीएल 2024 में लगातार कम स्कोर रहा, लेकिन उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 59 गेंदों में शतक बनाकर फॉर्म में वापसी की। मिश्रण में शुबमन गिल के साथ मुख्य रूप से विविधता और आक्रामकता के कारण चयनकर्ताओं द्वारा जयसवाल को मंजूरी दी जा सकती है, हालांकि काफी हद तक कोहली-रोहित ओपनिंग कॉम्बिनेशन की मांग उठ रही है।

### अक्षर पटेल

विश्व कप टीम के लिए दावेदारी में विशेषज्ञ लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और रवि बिश्नोई हैं, लेकिन अक्षर मुख्य रूप से अपने हरफनमौला कौशल के कारण सबसे आगे हैं। हालांकि उन्होंने गेंद से ज्यादा विकेट नहीं लिए हैं, लेकिन अक्षर कुलदीप के साथ मिलकर काम करते हुए होल्डिंग का काम करने में सक्षम हैं। बल्ले से उनका तीन पर प्रमोशन मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ क्योंकि उन्होंने 66 का आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया और स्पिनरों के खिलाफ खूब बाउंड्री लगाई। इसके अलावा, वह एक बहुत ही उपयोगी क्षेत्ररक्षक भी हैं, जो चहल और बिश्नोई की तुलना में विश्व कप में पहुंचने का उनका दावा मजबूत बनाता है।

## मैंने वो हर बल्ला संभाला है जिसने मैंने शतक लगाया: रिकी पोंटिंग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार के विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि उन्होंने हर वो बल्ला संभालकर रखा है जिससे उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक जड़ा है और उस पर विरोधी टीम का नाम तथा अपना स्कोर भी उन्होंने लिख रखा है। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच पोंटिंग अपने दौर के बेहतरीन बल्लेबाजों में से थे। उन्होंने युवा क्रिकेटरों को किट देने की 'डीपी वर्ल्ड बियोंड बाउंड्रीज' पहल के मौके पर यह बात कही ।2012 में क्रिकेट को अलविदा कहने वाले पोंटिंग ने 71 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं जिनमें 41 टेस्ट शतक शामिल हैं। पोंटिंग ने कहा कि आप विश्वास करें या नहीं लेकिन मेरे घर पर मेरा पहला बल्ला भी रखा है। इस पर स्टिकर्स लगे हैं। हमारे घर में करीब एक हजार बल्ले हैं। जिस भी बल्ले से मैंने अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा था, वह मेरे पास है। इस पर मैंने अपना स्कोर और विरोधी टीम का नाम भी लिखा है। उनकी यादगार पारियों में भारत के खिलाफ 2003 वनडे विश्व कप फाइनल में जड़े नाबाद 140 रन शामिल है। उस समय भारतीय टीम के कप्तान रहे सौरव गांगुली अब दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक हैं और वह भी इस मौके पर मौजूद थे। गांगुली ने अपने पहले बल्ले के बारे में कहा कि मैं 13 साल का था जब पहला बल्ला खरीदा। गेंद को बल्ले से मारकर हवा में जाते देखकर मैं बहुत खुश होता था। बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स फिलहाल अंक तालिका में छठे स्थान पर चल रही है। उसने 9 में से चार मुकाबले जीते हैं। बीते दिनों दिल्ली ने गुजरात को रोमांचक मुकाबले में हरा दिया था। अब उनके आगामी मुकाबले मुंबई, कोलकाता, राजस्थान, बेंगलुरु और लखनऊ से होने हैं। उन्हें प्लेऑफ में जाने के लिए सभी मुकाबलों में जीतना जरूरी है।

## तीन मेडन ओवर, 0 रन और 7 विकेट, डेब्यू मैच में 17 साल की क्रिकेटर ने बनाया ऐतिहासिक रिकॉर्ड

**इंडोनेशिया (एजेंसी)।** इंडोनेशियाई महिला टीम की क्रिकेट गेंदबाज रोहमालिया ने बाली के उदयना क्रिकेट ग्राउंड में 6 मैचों की श्रृंखला के पांचवें टी20आई मैच में मंगोलिया के खिलाफ सबसे उत्कृष्ट गेंदबाजी आंकड़े दर्ज करके ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। 17 वर्षीय रोहमालिया ने अपने प्रदर्शन से क्रिकेट जगत को चौंका दिया क्योंकि उन्होंने 24 अप्रैल को अपने अंतराष्ट्रीय पदार्पण पर 7 विकेट लिए, जो टी20आई क्रिकेट इतिहास में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े थे। उन्होंने अपने 3.2 ओवर के स्पैल में तीन मेडन ओवर फेंके और एक भी रन नहीं दिया।



दाएं हाथ की ऑफ स्पिनर रोहमालिया की मदद से इंडोनेशिया की महिलाओं ने मंगोलिया की महिलाओं को 127 रनों से हरा दिया।किशोर सनसनी ने नीदरलैंड के फ्रेडरिक ओवरडिज्क के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 2021 में ला मंगा क्लब टॉप ग्राउंड में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप यूरोप क्षेत्र क्वालीफायर में एक मैच के दौरान फ्रांस के खिलाफ 4-2-3-7 के आंकड़े के साथ रिकॉर्ड बनाया था। रोहमालिया ने ओवरडिज्क, अर्जेंटीना की महिला एलिसन स्टॉक्स और मलेशिया की सियाजरुल एज़ात इद्रस के बाद टी20आई में सात विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज के रूप में इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज कराया। रोहमालिया ने टी20आई डेब्यू में सर्वश्रेष्ठ आंकड़ों का एक नया रिकॉर्ड भी बनाया क्योंकि उन्होंने 2019 में मालदीव के खिलाफ नेपाल के लिए अंजलि चंद के 2.1-2-0-6 के स्पैल के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

## राहुल द्रविड़ हाफ पैंट और टीशर्ट में वोट डालने के लिए लाइन में लगे

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** दिग्गज क्रिकेटर और फिलहाल भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने आज बेंगलुरु के डॉलर्स कॉलोनी में अपना वोट डाला। वह कैजुअल कपड़े पहनकर पहुंचे थे, जबकि वोट डालने के लिए कतार में खड़े नजर आए। उनकी सादगी ने लोगों का दिल जीत लिया और क्रिकेटर की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। एक एक्स यूजर ने ऐसा ही एक वीडियो शेयर किया है। उसने लिखा- वोटिंग लाइन में द वॉल, उनका कहना है कि उन्होंने राष्ट्रहित और भारत को वैश्विक नेता बनाने के लिए मतदान किया।वीडियो में द्रविड़ नीली टी-शर्ट और शॉर्ट्स पहने हुए हैं। वह अपनी बारी का इंतज़ार करते हुए हाथों को क्रॉस करके खड़े हैं। कुछ घंटे पहले शेयर किए जाने के बाद से इस वीडियो को करीब लाख बार से अधिक देखा जा चुका है। इस पोस्ट पर कॉमेंट्स काफी रोचक हैं।राहुल द्रविड़ की क्लिप पर एक्स यूजर्स ने इस तरह प्रतिक्रिया दी-एक एक्स यूजर ने पोस्ट किया, %वह सर्वश्रेष्ठ हैं। एक अन्य ने कहा, यही असली धन है। उसके पास अपना स्थान है। तीसरे ने कहा, मैं उन्हें जानता हूं। वह बहुत विनम्र व्यक्ति हैं। चौथे ने टिप्पणी की, सादगी का साकार रूप। एक अन्य ने कॉमेंट किया- वाह, यह कमाल है! ऐसे ऊंचे पद पर बैठे किसी व्यक्ति को वास्तविक और व्यावहारिक रूप से व्यवहार करते देखना बहुत अच्छा लगता है। सादगी वाकई सबसे बढ़िया वाइब्स का एहसास कराती है।

## हैदराबाद ने पहली बार एक सीजन में ठोके 100 से ज्यादा छक्के, नजरें विश्व रिकॉर्ड तोड़ने पर

**हैदराबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों ने आईपीएल 2024 सीजन में धूम मचा रखी है। बेंगलुरु के खिलाफ राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेलते हुए हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने जैसे ही पहला छक्का लगाया, हैदराबाद सीजन में 100 छक्के पूरे करने वाली पहली टीम बन गई है। खास बात यह है कि हैदराबाद अब तक किसी सीजन में 100 से ज्यादा छक्के लगा नहीं पाई थी लेकिन इस बार उन्होंने यह जादूई आंकड़ा 8वें मैच में ही हासिल कर लिया। हैदराबाद के बल्लेबाजों ने 2022 सीजन में 97, 2016 सीजन में 89 तो 2018 सीजन में 88 छक्के लगाए थे। अब 8 मैचों में ही वह 108 छक्के लगा चुकी है।

### सीजन के अनुसार आईपीएल में एक टीम द्वारा सर्वाधिक छक्के

- 2008- पंजाब किंग्स - 15 मैचों में 95 छक्के
- 2009- डेक्कन चार्जर्स - 16 मैचों में 99 छक्के
- 2010- चेन्नई सुपर किंग्स - 16 मैचों में 97 छक्के
- 2011- रॉयल चैलेंजर्स बेनागलुरु - 16 मैचों में 94 छक्के
- 2012- रॉयल चैलेंजर्स बेनागलुरु - 16 मैचों में 117 छक्के
- 2013- मुंबई इंडियंस - 19 मैचों में 117 छक्के
- 2014- पंजाब किंग्स - 17 मैचों में 127 छक्के
- 2015- मुंबई इंडियंस - 16 मैचों में 120 छक्के
- 2016- रॉयल चैलेंजर्स बेनागलुरु - 16 मैचों में 142 छक्के
- 2017- मुंबई इंडियंस - 17 मैचों में 117 छक्के
- 2018- चेन्नई सुपर किंग्स - 16 मैचों में 145 छक्के
- 2019- कोलकाता नाइट राइडर्स - 14 मैचों में 143 छक्के
- 2020- मुंबई इंडियंस - 16 मैचों में 137 छक्के
- 2021- चेन्नई सुपर किंग्स - 16 मैचों में 115 छक्के
- 2022- राजस्थान रॉयल्स - 17 मैचों में 137 छक्के
- 2023- मुंबई इंडियंस - 16 मैचों में 140 छक्के
- 2024*- सनराइजर्स हैदराबाद - 8 मैचों में 108 छक्के

## दिल्ली में फिर बरसेंगे रन या गेंदबाजों के लिए कुछ होगा

### अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई और दिल्ली कैपिटल्स में मुकाबला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को आईपीएल 2024 फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर वह अंकतालिका में छठे स्थान पर है। मुंबई का हाल भी कुछ ऐसा ही है। टीम को 8 मैच में 3 जीत मिली है। यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम पर होगा।



### ऐसी होगी दिल्ली की पिच?

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम पर इस सीजन दो मैच हुए हैं। दोनों ही मैचों में रनों की बरसात देखने को मिली है। एक बार फिर इस मैदान पर गेंदबाजों का बुरा हाल होना तय दिख रहा है। डे मैच होने की वजह से टॉस जीतने वाली टीम बैटिंग से सकती है क्योंकि दिल्ली की गर्मी में फील्डिंग करना आसान नहीं होगा। पहले बैटिंग करते हुए टीम को जीत हासिल करना है तो इस मैदान पर 220 से ज्यादा का स्कोर बनाना ही होगा।

### दिल्ली के मौसम का हाल

दिल्ली में भयंकर गर्मी पड़ रही है। मैच के दिन अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक जाने की उम्मीद है। मैच शुरू होने के समय दोपहर में साढ़े 3 बजे तापमान 3-38 के आसपास रहने की उम्मीद है। मैच खत्म होने के समय भी यह 33 डिग्री के आसपास रहेगा। पहले फील्डिंग करने वाली टीम को चिलचिलाती धूप में मैदान पर आना पड़ेगा। विदेशी खिलाड़ियों को ज्यादा परेशानी हो सकती है।

### इस प्रकार हैं दोनों टीमें

दिल्ली कैपिटल्स~ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

मुंबई इंडियंस~हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3~30 पर शुरू होगा।

## न्यूजीलैंड की 'सी' टीम से हारी पाकिस्तान, टी20 सीरीज में 2-1 से पिछड़ी

**लाहौर (एजेंसी)।** लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान के लिए वीरवार की शाम बेहद खराब गुजरी। न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 टी20 मैचों की सीरीज खेल रही पाकिस्तान टीम 2-1 से पिछड़ गई है। सीरीज के चौथे मुकाबले में पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड ने 7 विकेट पर 178 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी पाकिस्तान की टीम 174 रन ही बना सकी। पाक के लिए इमाद वसीम जब क्रीज पर थे तो आखिरी दो गेंदों पर पाकिस्तान को जीत के लिए 10 रन की जरूरत थी। वसीम ने 5वीं गेंद पर चौका लगा दिया लेकिन आखिरी गेंद पर एक ही रन बना पाए। इस तरह पाकिस्तान को 4 रन से हार झेलनी पड़ी। टी 20 सीरीज का पहला मुकाबला बारिश के कारण धुल गया था।



बहरहाल, मैच गंवाने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि न्यूजीलैंड ने अच्छी शुरुआत की लेकिन हमारे गेंदबाजों ने अच्छी वापसी की, हम एक लेंथ पर टिके रहे। बल्लेबाजी करते हुए पहले छह ओवरों में हमने काफी विकेट गंवाए, फखर की पारी लाजवाब थी, दुर्भाग्य से हम लक्ष्य का पीछा नहीं कर सके। इमाद ने भी अच्छी पारी खेली। यह एक अलग सतह थी, यहां औसत स्कोर 190 है और हमने उन्हें रोकने में अच्छा प्रदर्शन किया। चोटों के कारण टीम प्रभावित हुई है लेकिन हमारे लिए युवाओं ने अच्छा प्रदर्शन किया है। हमारी योजना अपनी बेंच स्ट्रेंथ का परीक्षण करने की थी और हमने विभिन्न संयोजनों को आजमाया। हम हर खेल में कुछ नया और अलग प्रयास कर रहे हैं। उम्मीद है कि हम टी20 वर्ल्ड कप में जाने से पहले सेटल हो जाएंगे।

वहीं, न्यूजीलैंड के कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने कहा कि जब आप युवाओं के बारे में सीखते हैं तो टीम दबाव में होती है। पाकिस्तान के गेंदबाजों ने डेथ ओवरों में विशेष रूप से अच्छी गेंदबाजी की और हमें बराबरी के स्कोर पर रोक दिया। जिस तरह से टिम और ब्लंडेल ने शुरुआत की, उन्होंने हमें शीर्ष पर पहुंचा दिया। हम 200 से पार जाने का सोच रहे थे लेकिन हमें रोकने के लिए पाकिस्तानी गेंदबाजों को श्रेय दिया जाता है। यह हमारे लिए बहुत बड़ी सकारात्मक बात है कि हम नए लोगों को अनुभव दे पा रहे हैं। हमें बैकएंड में गेंदबाजी करते हुए जेम्स नीशम के रूप में एक शानदार ऑलराउंडर मिला। विलियम ओ%रूर्के ने विशेष रूप से शानदार खेल दिखाया और डेथ ओवरों में हमारी गेंदबाजी अच्छी थी।

प्लेयर ऑफ द मैच बने विलियम ओरूर्के ने कहा कि मैंने उन्हें धीमी गेंदें फेंकते देखा और हमने भी धीमी गेंदें फेंकने पर ध्यान केंद्रित किया। नई गेंद अच्छी तरह से स्किड हो रही थी, हमने अच्छी शुरुआत की, गेंद की गति बढ़ने से बल्लेबाजों को संघर्ष करना पड़ा। हम एक साथ आते हैं और बात करते हैं कि क्या हुआ, हम हर मैच से सीखते हैं।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**न्यूजीलैंड** – टिम रॉबिन्सन, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, मार्क चैपमैन, जेम्स नीशम, माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), जोश क्लार्कसन, ईश सोढ़ी, जैकब डफी, बेन सियर्स, विलियम ओ%रूर्के

**पाकिस्तान** – सईम अयूब, बाबर आजम (कप्तान), फखर जमान, उस्मान खान (विकेटकीपर), इफ्तिखार अहमद, शादाब खान, इमाद वसीम, उसामा मीर, अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, जमान खान

## संक्षिप्त समाचार

### भांजे की शादी में सिर पर मटकी रखकर झूम रहा था मामा



**झुंझुनूं , एजेंसी।** अचानक मौत होने की घटनाएं लगातार सामने आ रहे हैं। राजस्थान से भी एक घटना सामने आई है, जहां शादी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं जब डांस करते-करते अचानक मामा की मौत हो गई। मामला झुंझुनूं जिले की नवलगढ़ तहसील की लोछ्वा की ढाणी का है। मृतक का नाम कमलेश ढाका है, जो कि 20 अप्रैल को भांजे की शादी में भात भरने के लिए लोछ्वा की ढाणी गए थे। इसी दौरान भात भरने की रस्म अदा करने के बाद वे चाक-पूजन के दौरान डीजे की धुन पर सिर पर मटकी रखकर खुशी से झूम रहे थे। मटकी डांस करने के दौरान वे घूम-घूम कर नाच रहे थे, इसी दौरान अचानक लड़खड़ा कर गिरे और बेसुध हो गए। इस दौरान मटकी गिरकर टूट गई और वे भी जमीन पर गिर गए। इसके बाद उन्हें तुरंत उठाकर स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर्स ने मौत की वजह कार्डियक अरेस्ट से होना बताया है। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें मामा की मस्ती और फिर उनका अचानक लड़खड़ाकर गिरना दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि मृतक नवलगढ़ की एक गैस एजेंसी पर काम करता था और घर-घर गैस सैलेंडर वितरित किया करता था। अचानक हुई मौत से शादी वाले घर में हंगामा मच गया और फिर शादी की बाकी रस्में सादगीपूर्ण तरीके निभाई गईं।

### लोगों की संपत्ति हड़पकर मुसलमान को देना चाहती है कांग्रेस- उपमुख्यमंत्री साव



**रायपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के बीच छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा है।? रायपुर में पत्रकारों शिव चर्चा करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के विरासत टैक्स को लेकर बड़ा बयान दिया है। अरुण साव ने कहां की घोषणा पत्र के जरिए कांग्रेस का एक हिडन एजेंडा सामने आया है उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति हड़प कर मुसलमान को देना चाहती है। साथ ही कहा? कि? अब देश की जनता कांग्रेस के बहकावे में नहीं आने वाली है।? छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव प्रदेश में इंडिया गठबंधन के? लोगों के द्वारा कांग्रेस के लिए वोट मांगने को लेकर कहा कि कांग्रेस इस चुनाव में बुरी तरह से हर का स्वाद चखना वाली है। साव ने कहा यही हर का डर है कि इंडिया गठबंधन के दल एकजुट हो रहे हैं। इसका लाभ कांग्रेस को कभी मिलने वाला नहीं है। अब जनता का भरोसा कांग्रेस पार्टी के ऊपर से उठ चुका है। अरुण साव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार होने वाली है और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। दूसरे चरण के मतदान को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने चर्चा करते हुए कहा कि पहले चरण में बस्तर की सीट पर समीक्षा पूरी हो चुकी है। इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ जीत रही है। इसके साथ ही दूसरे चरण के चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी ने लगातार अभियान चलाते हुए सभाएं और बैठक की हैं। दूसरे चरण की तीनों सीट भारतीय जनता पार्टी बड़े वोट के अंतराल से जीतने वाली है।

# निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे को लेकर हाईकोर्ट में हुई बहस

### कांग्रेस एमएलए बोले- सदस्यता रद्द करें




**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश के तीनों निर्दलीय विधायकों के इस्तीफा मंजूर न होने के मामले में दायर याचिका पर गुरूवार को हिमाचल हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की तरफ से हाईकोर्ट में अपनी-अपनी दलीलें दी गईं। इस मामले में लगभग तीन घंटे तक कोर्ट में बहस चली। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पैरवी की। मुख्य न्यायाधीश एम. रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है।

हाईकोर्ट के एडवोकेट जनरल अनूप रत्न ने बताया कि समय की कमी के चलते हाईकोर्ट ने मामले को अब 30 अप्रैल को शाम सवा चार बजे सुनने का निर्णय लिया है जिसमें विधानसभा अध्यक्ष की तरफ से बहस पूरी की जाएगी।

तीन निर्दलीय विधायक होशियार सिंह, कृष्ण लाल ठाकुर और आशीष शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस्तीफा स्वीकार न होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। अपनी याचिका में इन विधायकों ने 22 मार्च से उनका इस्तीफा स्वीकार करने की मांग की है। विधायकों का कहना है कि बिना किसी दबाव के उन्होंने इस्तीफा दिया है।

बता दें कि इस्तीफा मंजूर न होने पर तीनों निर्दलीय विधायक कुछ दिन पहले विधानसभा परिसर में धरना देकर अपना विरोध जाहिर कर चुके हैं। निर्दलीय विधायकों का आरोप है कि स्पीकर सरकार के दबाव में काम कर रहे हैं। तीनों निर्दलीय विधायक कई बार स्पष्ट कर चुके हैं कि हमने बिना किसी दबाव के स्वेच्छा से अपने इस्तीफे दिए हैं और स्पीकर को ये तत्काल मंजूर कर लेने चाहिए।

दरअसल 27 फरवरी को हिमाचल की एकमात्र राज्यसभा सीट पर चुनाव के दौरान तीनों निर्दलीय विधायकों ने भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान किया था। हालांकि इससे पहले निर्दलीय विधायक राज्य की सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार को समर्थन दे रहे थे।

मंत्री व विधायक ने की निर्दलीय विधायकों की सदस्यता रद्द करने की मांग, याचिका दायर

निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे स्वीकार न होने पर जहां मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस सरकार के मंत्री जगत सिंह नेगी ने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष एक याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि निर्दलीय विधायकों ने इस्तीफा स्वीकार होने से पहले ही भाजपा ज्वाइन कर ली थी ऐसे में यह मामला दलबदल कानून के दायरे में आता है, लिहाजा विधानसभा अध्यक्ष इनकी सदस्यता को रद्द करें। इसी तरह शिमला से कांग्रेस विधायक हरीश जनार्था ने भी मामले में निर्दलीय विधायकों की सदस्यता रद्द करने को लेकर एक अलग याचिका हाईकोर्ट में दी है।

शिमला में आज पत्रकार वार्ता में बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि भाजपा ने षड्यंत्र के तहत प्रदेश की चुनी हुई सरकार को गिराने का प्रयास किया था जिसमें उसे कामयाबी नहीं मिली है। निर्दलीय विधायकों ने भी दबाव में इस्तीफे दिए हैं और इस्तीफे स्वीकार होने से पहले ही भाजपा में शामिल हुए हैं जो दलबदल कानून के दायरे में आता है इसलिए स्पीकर से इन्हें अयोग्य करार देने की मांग की गई है।

## अवसरवादी हैं नीतीश, अटल बिहारी वाजपेयी होते तो नहीं टूटती शिवसेना और एनसीपीः शरद पवार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के दिग्गज नेता शरद पवार का कहना है कि विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए को 4 जून के बाद भी साथ रहना होगा। इस दौरान उन्होंने जनता दल यूनाइटेड के प्रमुख नीतीश कुमार को भी अवसरवादी करार दे दिया। उन्होंने कहा कि अगर हम साथ काम नहीं करेंगे, तो लोकतंत्र मुश्किल में आ जाएगा। शरद पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी राज्य की 10 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। विपक्षी गठबंधन को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने साथ रहने की जरूरत पर बात की। उन्होंने कहा, मुझे कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन नीतीश कुमार अवसरवादी हैं। आईएनडीआईए गुट के अन्य लोगों के बारे में ऐसा है कि हम हो सकता है कि चुनाव के दौरान साथ काम नहीं कर रहे हों, उदाहरण के लिए ममता बनर्जी, लेकिन आम धारणा है कि चुनाव के बाद हमें साथ रहना होगा। उन्होंने कहा, बहुमत हो या न हो, हमें साथ काम करना ही होगा। अगर हम साथ काम नहीं करेंगे, तो संसदीय लोकतंत्र मुश्किल में पड़ जाएगा।

बारामती सीट को पवार परिवार का गढ़ माना जाता है। फिलहाल, यहां सीनियर पवार की बेटी सुप्रिया सुले सांसद हैं। यहां चुनाव को लेकर शरद पवार ने कहा, मेरी समझ है कि केंद्र सरकार अपनी पूरी ताकत लगा रही है (सुप्रिया को हराने में)। सभी एजेंसियां सक्रिय हैं और काफी धनबल भी नजर आ रहा है। देखना होगा कि क्या होता है। खास बात है कि महायुति यानी शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी और अजित की अगुवाई वाली एनसीपी ने बारामती सीट से अजित की पत्नी सुनेत्रा पवार को मैदान में उतारा है। इसके चलते भी मुकाबला पवार बनाम पवार होता नजर आ रहा है। भतीजे अजित के साथ जाने पर कहा कि जब तक वह नरेंद्र मोदी की भाजपा में हैं, तब तक उनके साथ मेल-मिलाप पर विचार नहीं किया जाएगा। पूछा गया कि क्या इसकी वजह यह है कि भाजपा दो मजबूत क्षेत्रीय दलों को तोड़ने में सफल हुई है? इसपर उन्होंने कहा, मैं स्वीकर करता हूं कि वे दो दलों को तोड़ने में सफल रहे हैं।

## उद्धव सरकार ने बनाया था भाजपा तोड़ने का प्लान, देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ की साजिश- एकनाथ शिंदे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिंदे का कहना है कि राज्य की पिछली महाविकास अघाड़ी सरकार यानी एमवीए ने भारतीय जनता पार्टी को तोड़ने की साजिश की थी। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि इसके लिए भाजपा के कई बड़े नेताओं को गिरफ्तार करने की भी तैयारी थी। उन्होंने आरोप लगाए कि उद्धव के बेटे आदित्य ठाकरे ने उन्हें साइडलाइन कर दिया था।

एक इंटरव्यू में शिंदे ने दावा किया है कि एमवीए ने देवेंद्र फडणवीस, गिरीश महाजन, प्रसाद लाड और प्रवीण दारेकर जैसे भाजपा नेताओं की गिरफ्तारी की साजिश की थी, ताकि भाजपा को तोड़ा जा सके। इससे पहले भी वह एमवीए की पिछली सरकार पर भाजपा नेताओं के खिलाफ साजिश के आरोप लगा चुके हैं। उद्धव पर निशाना इंटरव्यू के दौरान शिंदे ने कहा, बालासाहेब ठाकरे पार्टी के लिए लड़े थे, जबकि उद्धव निजी हितों के लिए लड़े। उन्होंने कहा, मैंने कोई भी काम दबाव में नहीं किया। मुझे उद्धव के बेटे ने साइडट्रेक कर दिया था। साथ ही उन्होंने कहा, मैं कभी भी आदित्य ठाकरे के खिलाफ नहीं था। शिंदे ने दावा किया कि उद्धव को पार्टी में जनता का नेता नहीं, बल्कि यस बॉस कहने वाली संस्कृति चाहिए थी। सीएम ने बेटे श्रीकांत शिंदे के नामांकन पर महायुति में विरोध की अटकलों पर भी बात की। उन्होंने कहा, लोगों ने श्रीकांत शिंदे को उम्मीदवार बनाया और फडणवीस ने इसका ऐलान किया। जो लोग चुनौती दे रहे हैं, उन्हें श्रीकांत शिंदे के खिलाफ खड़ा होना चाहिए। बेटे के फाउंडेशन पर सवाल खड़े कर रहे संजय राउत को लेकर शिंदे ने कहा, जिन लोगों ने घोटाले किए हैं।

## 15 दिन में 40 प्रदर्शन, उम्मीदवारों को गांवों में जाने से रोका; पंजाब में किसानों से कैसे पार पाएगी बीजेपी

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
पंजाब में भाजपा उम्मीदवारों को लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रचार करने में मुश्किलें पेश आ रही हैं। खासतौर से ग्रामीण हिस्सों में, जहां विभिन्न किसान संगठनों ने राज्य में केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवारों को आने की इजाजत नहीं देने की अपील की है। बीजेपी अब तक पंजाब की 13 सीटों में से 9 पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। मालूम हो कि यहां कि सभी सीटों पर सातवें और आखिरी चरण में 1 जून को वोट डाले जाएंगे। अगर बीते 15 दिनों की बात करें तो यहां भाजपा उम्मीदवारों को विभिन्न किसान समूहों के करीब 40 विरोध प्रदर्शनों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने न केवल बीजेपी विरोधी नारे लगाए और काले झंडे दिखाए, बल्कि कई मौकों पर उनके साथ धक्का-मुक्की भी हुई।

संयुक्त किसान मोर्चा ने भाजपा उम्मीदवारों को विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार करने की इजाजत नहीं देने की अपील की है। पंजाब पुलिस की खुफिया शाखा के आंकड़ों के मुताबिक, सबसे ज्यादा 15 विरोध प्रदर्शन फरीदकोट निर्वाचन क्षेत्र में हुए हैं। यहां से भाजपा ने हंसराज हंस को चुनावी मैदान में उतारा है। उन्होंने 4 अप्रैल को अपना प्रचार अभियान शुरू किया। इसके बाद से गायक-राजनेता को लगभग हर दिन किसान संघों के विरोध का सामना करना पड़ा है। पिछले बुधवार को अरैनवाला गांव में उत्तर पश्चिम दिल्ली के निवर्तमान सांसद हंसराज को किसानों ने रैली स्थल तक पहुंचने से रोक दिया। ऐसी स्थिति में एक एसपी-रैंक अधिकारी के नेतृत्व में बड़ी पुलिस इकाई को हस्तक्षेप करना पड़ा। इस दौरान 25 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया।



**कांग्रेस के 3 पूर्व नेताओं को वाय कैटेगरी की सुरक्षाः** इस बीच, पंजाब कांग्रेस के 3 पूर्व नेताओं को केंद्र सरकार ने वाय कैटेगरी की वीआईपी सुरक्षा मुहैया कराई है जिसके तहत इनकी सुरक्षा में अर्द्धसैनिक बलों के कमांडो तैनात रहेंगे। इन तीन नेताओं में से 2 भाजपा में शामिल हो चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि विक्रमजीत सिंह चौधरी, उनकी मां करमजीत कौर चौधरी और तजिंदर सिंह बिट्टू को केंद्रीय खुफिया एजेंसियों द्वारा खतरे का पता चला। इसे देखते हुए वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गई है।

## यह भारत सरकार ही तय करेगी..., ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार को चुनाव कवर करने की अनुमति न देने के दावे पर अमेरिका

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा, हम दुनिया के देशों के साथ यह बात स्पष्ट कर चुके हैं कि लोकतंत्र के ताने-बाने में प्रेस की आजादी अभिन्न भूमिका निभाती है। यही वजह है कि हम यहां आते हैं और नियमित रूप से सवाल लेते हैं। ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार को भारतीय आम चुनावों को कवर करने की अनुमति न देने के दावों पर अमेरिका ने प्रतिक्रिया दी। वॉशिंगटन ने कहा कि यह देश तय करेगा कि किन विदेशी नागरिकों को प्रवेश की अनुमति दी जाए, चाहे वह अल्पकालिक यात्री हों या अंतरराष्ट्रीय पत्रकार के रूप में। दरअसल, अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान एक पाकिस्तानी पत्रकार ने ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार अवनी डायस के वीजा को रिन्यू करने से इनकार करने के आरोप पर सवाल किया। इस पर पटेल ने कहा, भारत सरकार अपनी वीजा नीति के बारे में बात कर सकती है। यह ऐसा कुछ मामला नहीं है, जिसे मैं यहां से आगे बढ़ाने जा रहा हूं। उन्होंने लोकतंत्र के ताने-बाने में स्वतंत्र प्रेस की भूमिका पर जोर दिया। पटेल ने कहा, हम दुनिया के देशों के साथ यह बात स्पष्ट कर चुके हैं कि लोकतंत्र के ताने-बाने में प्रेस की आजादी अभिन्न भूमिका निभाती है। यही वजह है कि हम यहां आते हैं और नियमित रूप से सवाल लेते हैं। लेकिन मैं इस मुद्दे को भारत के अधिकारियों पर छोड़ता हूं। ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार अवनी ने दावा किया कि उन्हें 2024 के लोकसभा चुनावों को कवर करने की अनुमति नहीं दी गई और उन्हें देश छोड़ने के लिए मजबूर किया गया। हालांकि सूत्रों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उनके दावे सही नहीं हैं। सूत्रों ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया प्रसारण निगम (एबीसी) की दक्षिण एशिया संवाददाता अवनी को अपने पेशेवर कार्यों को करते हुए वीजा नियमों का उल्लंघन करने हुए पाया गया था। इस बीच, उनके अनुरोध पर अवनी को आश्वासन दिया गया कि आम चुनावों के कवरेज के लिए उनका वीजा बढ़ाया जाएगा।



## अपना अगला कार्यकाल शुरू करने के साथ ही चीन के दौरे पर जाएंगे पुतिन

**मास्को, एजेंसी।**
रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने घोषणा करते हुए बताया कि मई में चीन की यात्रा करने की योजना बनाई है। पुतिन की यात्रा 7 मई को अपना अगला कार्यकाल शुरू करने के बाद राष्ट्रपति के रूप में किसी विदेशी देश की उनकी पहली यात्रा होगी। उन्होंने एक कांग्रेस में योजनाओं की घोषणा की। मॉस्को में उद्योगपतियों और उद्यमियों के रूसी संघ ने अधिक जानकारी नहीं दी। 71 वर्षीय रूसी नेता ने अपने 24 साल के शासन को बढ़ाते हुए बिना किसी वास्तविक विरोध के एक वोट में अपना पांचवां कार्यकाल हासिल किया। रूसी सांसदों ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि पुतिन का उद्घाटन 7 मई को निर्धारित है। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के कारण रूस के बढ़ते आर्थिक और कूटनीतिक अलगाव ने उसे चीन पर निर्भर बना दिया है, जो शीत युद्ध के दौरान कम्युनिस्ट गुट के नेतृत्व के लिए उसका पूर्व प्रतिद्वंद्वी था।

पुतिन ने यूक्रेन में अपने सैनिक भेजने से तीन सप्ताह से भी कम समय पहले फरवरी 2022 में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ कोई साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए। मॉस्को और बीजिंग के बीच राजनयिक और व्यापारिक संबंध बढ़ गए हैं। चीन ने मशीन टूल्स, माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य प्रौद्योगिकी की बिक्री बढ़ा दी है, जिसका उपयोग मॉस्को संघर्ष में उपयोग के लिए मिसाइलों, टैंकों, विमानों और अन्य हथियारों का उत्पादन करने के लिए कर रहा है। चीन ने बार-बार कहा है कि वह रूस को हथियार या सैन्य सहायता नहीं दे रहा है, हालांकि उसने मॉस्को के साथ मजबूत आर्थिक संबंध बनाए रखे हैं। बीजिंग ने रूस के लिए प्रत्यक्ष घातक सैन्य सहायता प्रदान नहीं की है और खुद को यूक्रेन संघर्ष में तटस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश की है।



## अंतरिक्ष में महत्वाकांक्षी चीनी छलांग, अंतरिक्ष स्टेशन टियांगोंग भेजे गए तीन यात्री

**बीजिंग, एजेंसी।**
चीन की महत्वाकांक्षी परियोजना शेनझोउ-18 के तहत तीन सदस्यीय चालक दल को अंतरिक्ष में भेजा गया है। इस परियोजना के तहत यात्रियों को निचली-पृथ्वी की कक्षा में भेजा गया है। बता दें कि चीन 2030 तक अंतरिक्ष यात्रियों को चांद की सहत पर भेजना चाहता है। गुरुवार तो तीनों यात्रियों को जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से अंतरिक्ष में भेजा गया। चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) ने जिन तीन लोगों को अंतरिक्ष में भेजा है, उनमें एक का नाम 43 वर्षीय कमांडर ये गुआंगफू है। गुआंगफू एक अनुभवी अंतरिक्ष यात्री हैं, जो 2021 के शेनझोउ-13 मिशन का हिस्सा रह चुके हैं। उनके साथ 34 वर्षीय ली कांग और 36 वर्षीय ली गुआंगसु पहली बार अंतरिक्ष की यात्रा पर भेजे गए हैं।

तीन सदस्यीय चालक दल वाला अंतरिक्ष यान देश के उत्तर-पश्चिम में गोबी रेगिस्तान के किनारे से लॉन्च किया गया। जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से रात करीब 8ः59 बजे (1259 तख्ख्) लॉन्च हुआ। चीनी परियोजना से जुड़ी खबरों के मुताबिक तीनों अंतरिक्ष यात्रियों के टियांगोंग स्पेस स्टेशन पहुंचने के बाद शेनझोउ-17 टीम को राहत मिलेगी। शेनझोउ-17 टीम पिछले अक्तूबर से ही चीन के तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन का संचालन कर रही है।

तीन सदस्यीय दल अंतरिक्ष स्टेशन पर लगभग छह महीने बिताएगा। सीएमएसए के उप निदेशक लिन ज़िकियांग के अनुसार, चीनी अंतरिक्ष यात्रियों का दल वैज्ञानिक परीक्षण करेगा। अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष मलबे का संरक्षण उपकरण स्थापित कर, पेलोड प्रयोग करेगा। लिन ने यह भी कहा कि चीन विदेशी अंतरिक्ष यात्रियों और अंतरिक्ष पर्यटकों को अपने अंतरिक्ष स्टेशन तक ले जाने की दिशा में काम कर रहा है।



अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर किए जाने के बाद चीन ने अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन बनाया। इसका मुख्य कारण कार्यक्रम में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी - चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की सैन्य शाखा की भागीदारी को लेकर अमेरिका की चिंताएं थीं। चीन ने 2003 में अपना पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन चलाया। ऐसा करने पर चीन सोवियत संघ और अमेरिका के बाद अपने संसाधनों का उपयोग करके किसी व्यक्ति को अंतरिक्ष में भेजने वाला तीसरा देश बन गया।

## कनाडा में मुफ्त खाना लेना भारतीय छात्र को पड़ा महंगा, छह दिनों तक कमरे में रहा बंद

**ओटावा, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर गलत जानकारियां अक्सर आग की तरह फैल जाती हैं और फिर उसका खामियाजा किसी न किसी को भुगतना पड़ता है। ऐसा ही कुछ एक भारतीय डाटा वैज्ञानिक के साथ हुआ। उन पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने कनाडाई फूड बैंकों से मुफ्त खाने का फायदा उठाया है। हालांकि, बढ़ते विवाद के बीच अब पढ़ाई के लिए कनाडा गए भारतीय छात्र मेहुल प्रजापति ने सफाई दी है। उन्होंने दावा किया कि यह नस्ली हमला था। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे वह पिछले छह दिनों से एक कमरे में बंद थे। वह डर की वजह से बाहर नहीं निकल रहे थे।

विवाद की शुरुआत एक वीडियो से होती है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रजापति ने कनाडाई फूड बैंकों से मुफ्त खाने का फायदा उठाने को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया था। वीडियो में प्रजापति ने बताया था कि वह हर महीने खाने और किराने के सामान में सैकड़ों रुपये बचाते हैं। वीडियो में मेहुल ने बताया था कि वे कैसे हर महीने फूड और ग्रॉसरी में सैंकडों रुपये आसानी से बचा रहे हैं। उन्होंने वीडियो में बताया था कि ये ग्रॉसरी सभी छात्रों के लिए हैं। उन्होंने वीडियो में कहा था, यहां ज्यादातर कॉलेज और यूनिवर्सिटी में फूड बैंक होते हैं, जिन्हें ट्रस्ट, चर्च या नॉन प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन द्वारा चलाया जाता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129